सुप्रभात
रांची, शनिवार
04.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 230



12 इस साल ऑस्कर अवार्ड देंगी दीपिका पादुकोण

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on: 9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने पेश किया ₹1,16,418 करोड़ का बजट

# राज्य के समग्र विकास पर जोर

- डॉ रामेश्वर उरांव ने लगातार चौथी बार पेश किया बजट
- राजस्व व्यय के लिए 84,676 करोड़ रुपये का प्रस्ताव
- रांची में मिल्क पाउडर प्लांट की स्थापना होगी
- मानकी, मुंडा को दिये जायेंगे दोपहिया वाहन
- 800 नये आंगनबाड़ी भवन के निर्माण का प्रस्ताव
- सीएम पशुधन विकास योजना के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने शुक्रवार को झारखंड का वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया। डॉ उरांव ने आगामी वित्त वर्ष के लिए 1,16,418 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। इसमें राज्य के समग्र विकास पर जोर दिया गया है। बजट में सरकार ने कई नयी योजनाओं की घोषणा की है। जिसमें युवाओं को रोजगार के अलावा किसानों और महिलाओं के लिए भी कई बड़ी घोषणाएं हैं। बजट में ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि पर विशेष जोर दिया गया है।

अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने बताया कि इस बार के बजट में सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की कोशिश की गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने लगभग हर क्षेत्र को बजट आवंटित किया है, लेकिन सरकार का जोर स्थापना से ज्यादा योजनाओं पर है। राज्य सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर कृषि तक को फोकस करते हुए योजनाएं लागू करने को लेकर बजट तैयार किया है। बजट पेश करने के दौरान अब तक की स्थिति व विकास दर का जिक्र भी रामेश्वर उरांव ने किया। योजना की राशि में तीन गुना वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। तीन सालों में राज्य की स्थिति मजबूत हुई है। राजस्व आय में सरकार ने वृद्धि की है। बता दें कि वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने लगातार चौथी बार विधानसभा में बजट पेश किया है। इससे पहले, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पिछली सरकार में लगातार पांच बार बजट पेश किया था। वित्त मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों की तुलना में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने बजट में अच्छी खासी वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बेहतर प्रबंधन के जरिये राजकोषीय घाटा पर भी नियंत्रण रखने में सफलता पायी है। सरकार ने राजकोषीय घाटा एक प्रतिशत से भी कम रखने में सफलता पायी है। विगत तीन वर्षों में योजना व्यय में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि स्थापना व्यय में लगातार कमी आयी है। हेमंत सरकार राज्य के विकास को तरजीह दे रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा तीन प्रतिशत से कम होने का अनुमान है। (शेष पेज 11 पर)

### राजस्व व्यय के लिए 84 हजार 676 करोड़ रुपये प्रस्तावित



वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट में राजस्व व्यय के लिए 84 हजार 676 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। जबकि,पूंजीगत व्यय के तहत 31 हजार 742 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री उरांव ने कहा कि वर्ष 2022-23 के लिए हमर अपन बजट पोर्टल के माध्यम से एक नवाचारी प्रयोग प्रस्तुत किया गया था, जिसमें झारखंडवासियों की उत्साहवर्द्धक भागीदारी हुई थी। आम लोगों के सुझाव से योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए वर्ष 2023-24 योजना क्रियान्वयन वर्ष होगा। वर्ष 2023-24 में 5 एकड़ से कम क्षेत्र वाले तालाबों का मशीन से गाद हटाने और डीप बोरिंग योजना के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। इसके अलावा, सौर ऊर्जा आधारित माइक्रोलिफ्ट इरिगेशन सिंचाई की व्यवस्था को कारगर बनाने में काफी किफायती है। इसकी उपयोगिता को देखते हुए राज्य सरकार की ओर से अगले वित्त वर्ष में कृषि समृद्धि योजना लागू की जायेगी। वर्ष 2023-24 में एफपीओ के अनुदान में 50 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। फसल सुरक्षा कार्यक्रम नामक एक नयी योजना है।

### ऐतिहासिक है हमीन कर बजट : हेमंत सोरेन



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पहले हम लोगों ने हमारा बजट नाम दिया था, मगर इस बार हमीन कर बजट नाम दिया है। राज्य के हितों और समस्याओं का समाधान कैसे हो, इसे ध्यान में रखकर यह बजट तैयार किया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। राज्य को आगे ले जाने के लिए और अधिक संसाधनों की जरूरत होगी आने वाले समय में। इसका दूरगामी परिणाम दिखेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि ये लोग सरप्लस बजट को खा गये। अब हम लोगों का प्रयास होगा कि आने वाले समय में, राज्य के बेहतर संसाधन प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन करते हुए राज्य में संसाधनों को एकत्रित करें। अधिक से अधिक कर संग्रहण और एसेट क्रियेट कर पायें, ताकि इसका लाभ आगे की पीढ़ी दर पीढ़ी को मिले।

> यह बजट गांव, गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान को ध्यान में रखकर बनाया गया है। ओल्ड पेंशन स्कीम के लिए पेंशन कोष गठित करने का फैसला सराहनीय है। - **राजेश ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष**

> झारखंड सरकार का बजट लूट का बजट है। इससे प्रतीत होता है कि यह बजट राज्य को लूटने के लिए तैयार किया गया है। बजट दिशाहीन है। - **दीपक प्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष**

> बजट झूठ का पुलिंदा है। इसमें बुनियादी सवालों को दरकिनार किया गया है। आम लोगों, गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और बेरोजगारों के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। - **सुदेश कुमार महतो, अध्यक्ष, आजसू पार्टी**

> बजट राज्य के विकास से कोसों दूर है। बजट में खेती, ग्रामीण विकास और सिंचाई पर कुल बजट का लगभग 12.5 प्रतिशत राशि ही बजटीय उपबंध किया गया है। ऐसे में गांवों और किसानों की हालत कैसे सुधारी जायेगी, यह समझ से परे है। - **बाबूलाल मरांडी, भाजपा।**

- खूंटी में राजकीय पॉलिटेकनिक खोले जाने का प्रस्ताव
- बोकारो और रांची में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रस्ताव

बजट की खबरें अंदर के पन्नों पर भी देखें

## न्यूज डायरी

### पूजा सिंघल के आरोप गठन को लेकर सुनवाई

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि की मनी लांड्रिंग करने मामले में आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने शुक्रवार को आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई से पूर्व डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की। लेकिन, अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। प्रार्थी की ओर से समय मांगे जाने पर इडी कोर्ट ने अर्जी पर सुनवाई की तारीख 16 मार्च निर्धारित की है। उधर, मामले में आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई की तारीख 3 मार्च निर्धारित थी, लेकिन पूजा सिंघल के डिस्चार्ज अर्जी दाखिल करने से सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए नौ मार्च की तारीख तय की। सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल इडी कोर्ट में थीं।

### प्रेम प्रकाश के खिलाफ आरोप तय

**रांची।** 1000 करोड़ रुपये की मनी लांड्रिंग मामले में जेल में बंद कारोबारी प्रेम प्रकाश के खिलाफ शुक्रवार को इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने आरोप तय किया। इसके साथ ही मामले के मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा, उसके सहयोगी बच्चू यादव एवं प्रेम प्रकाश के खिलाफ इडी साक्ष्य प्रस्तुत करेगी। अदालत ने इसके लिए 17 मार्च की तारीख निर्धारित की है। पंकज मिश्रा एवं बच्चू यादव के खिलाफ 27 जनवरी को आरोप तय किया गया था। अदालत ने आरोप गठन के दौरान आरोपी से उसके खिलाफ लगे आरोप के बारे में पूछा। आरोपी ने मामले में खुद को निर्दोष बताया। इसके बाद अदालत ने आरोप गठन की कार्रवाई पूरी की। अदालत ने उसकी डिस्चार्ज अर्जी 28 फरवरी को खारिज कर दी थी।

### यूक्रेन में परमाणु धमकी 'अस्वीकार्य' : क्वाड

**नयी दिल्ली।** भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के चतुर्गुट क्वाड ने यूक्रेन युद्ध में मंडरा रहे परमाणु हथियारों के उपयोग के खतरे के प्रति चेताया और साथ ही दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में तनाव पैदा करने वाली किसी भी एक तरफा कार्रवाई का विरोध किया। क्वाड विदेश मंत्रियों की भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की अध्यक्षता में नयी दिल्ली में शुक्रवार को हुई बैठक में इस संगठन ने यूक्रेन में परमाणु हथियार की धमकी की अस्वीकार्य बताया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 52,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 68,000 रु./प्रति किलो |

### 184वीं जयंती पर वाइस चेयरमैन नोएल एन टाटा ने किया संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी को नमन



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने शुक्रवार को अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा को उनकी 184वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्हें 'भारतीय उद्योग का जनक' भी माना जाता है। संस्थापक दिवस के रूप में मनाया जाने वाला यह प्रमुख कार्यक्रम हर साल 3 मार्च को जमशेदपुर में सामुदायिक कल्याण के साथ एक औद्योगिक भविष्य के संस्थापक के दृष्टिकोण को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया जाता है। इस वर्ष के समारोह का थीम है : 'ग्रीनोवेशन- मेक टुमारो ग्रीन'। वर्क्स मेन गेट पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थापक को वाइस चेयरमैन नोएल एन टाटा, सीइओ टीवी नरेंद्रन समेत वरिष्ठ अधिकारियों, यूनियन के सदस्यों, ग्रुप कंपनी के अधिकारियों और जमशेदपुर के नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद भव्य कार्यक्रम शुरू किया।

# जेएसएमडीसी के पूर्व प्रोजेक्ट डायरेक्टर अशोक कुमार के 14 ठिकानों पर छापेमारी

**भ्रष्टाचार पर प्रहार**

- निलंबित आइएएस अफसर पूजा सिंघल के हैं करीबी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) का भ्रष्टाचार पर प्रहार जारी है। इडी ने शुक्रवार को निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के करीबी माने जाने वाले जेएसएमडीसी के पूर्व प्रोजक्ट डायरेक्टर के 14 ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी में कई दस्तावेज भी जब्त किये गये हैं। इडी ने राजधानी रांची के हरमू स्थित ब्लू सिप्रा अपार्टमेंट, रामगढ़ और हजारीबाग में मनी लांड्रिग को लेकर जेएसएमडीसी के पूर्व प्रोजेक्ट डायरेक्टर अशोक कुमार से संबंधित 14 ठिकाने पर छापेमारी की। कोयले के अवैध कारोबार से जुड़ी कई कंपनियों के पते पर यह छापेमारी की गयी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, पूजा सिंघल के काली कमाई का स्रोत तलाशने के लिये छापेमारी की जा रही है। रांची के हरमू, हजारीबाग के कनहरी, रामगढ़ सहित 14 ठिकाने पर छापे से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप है। इडी ने कोयले के काले कारोबार में मनी लांड्रिंग की तलाश में छापेमारी की है। बताया जाता है कि अशोक कुमार कई आइएएस अधिकारी के नजदीकी रहे हैं। आरोप यह भी है कि अशोक कुमार गढ़वा जिले में खनिज निगम का प्रोजेक्ट अधिकारी रहते चिनिया प्रखंड में पत्नी विद्या शर्मा के नाम 8.47 एकड़ में खान आवंटित करा ली थी।

(शेष पेज 11 पर)

### हजारीबाग में तीन करोड़ बरामद



**हजारीबाग।** इडी ने मो इजहार अंसारी के हजारीबाग स्थित ठिकाने से तीन करोड़ बरामद किया है। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे हजारीबाग निवासी मोहम्मद इजहार अंसारी के आवास पर छापेमारी की। इडी की टीम ने उनके आवास से कई कागजात खंगालने के बाद दिन के करीब ढाई बजे पंजाब नेशनल बैंक समेत दो जगहों से नोट गिनने की मशीन मंगवायी। साथ ही, होटल से खाना भी मंगवाया। छापेमारी के दौरान मो इजहार अंसारी के मिल्लत कॉलोनी आवास से तीन करोड़ रुपये बरामद किये गये। मो इजहार अंसारी कहकशा समूह की कंपनियों को नियंत्रित करते हैं। मो इजहार तत्कालीन खनन विभाग की सचिव पूजा सिंघल की ओर से कट मनी को इकट्ठा करते थे। बताया जाता है कि निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल जब खनन सचिव थीं, उस समय इजहार अंसारी ने बड़े पैमाने पर कोयला से अवैध कमाई की। कोयले की काली कमाई का एक बड़ा हिस्सा पूजा सिंघल और दूसरे अधिकारियों के पास भी भेजा जाता था। पूजा सिंघल झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के रियायती कोल का फर्जी आवंटन करती थीं। फिर उसी आवंटित कोयले की तस्करी की जाती थी।

**इजहार अंसारी के नाम 12 से अधिक शेल कंपनियां :** इजहार अंसारी के नाम पर 12 से अधिक शेल कंपनियां हैं। इन्हीं शेल कंपनियों के नाम पर कोयला तस्करी के पैसों को हवाला के जरिये इधर-उधर किया जाता था। इडी की टीम इजहार अंसारी की सभी शेल कंपनियों के दस्तावेज को हासिल कर जांच में जुट गयी है। इजहार अंसारी के घर को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है।

# खूंटी के रेफरल अस्पताल में इलाज नहीं होने से घायल मरीज ने तोड़ा दम

- विरोध में सड़क पर जाम, 25 हजार की सहायता राशि मिलने के बाद खत्म हुआ जाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**खूंटी।** खूंटी के अस्पताल में डॉक्टर के नदारद रहने से इलाज के लिए पहुंचे दो मरीजों की मौत शुक्रवार को अस्पताल में हो गयी। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर अस्पताल में ताला जड़ दिया। वहीं, आक्रोशित ग्रामीणों ने रांची-सिमडेगा पथ को जाम कर दिया। पहला माामला खूंटी का है, जहां खून उपलब्ध नहीं होने से 18 माह की बच्ची की मौत हो गयी। बताया जाता है कि गुरुवार की शाम को ही बच्ची अस्पताल लायी गयी थी। उसे ओ पॉजिटिव खून की जरूरत थी। खून नहीं मिलने के कारण उसने भी दम तोड़ दिया।

दूसरा मामला खूंटी जिले के तोरपा स्थित रेफरल अस्पताल में किसी डॉक्टर के नहीं रहने से एक घायल मरीज की जान चली गयी। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को सुबह अस्पताल गेट के सामने रांची-सिमडेगा रोड पर जाम लगा दिया। अपराह्न दो बजे सीओ सच्चिदानंद वर्मा ने मृतक के आश्रितों को 25 हजार रुपये की तत्काल सहायता राशि देने और शीघ्र एक लाख देने का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खत्म हुआ। जानकारी के अनुसार तोरपा थाना के कसमार निवासी वीरेंद्र मांझी शुक्रवार को ट्रैक्टर चलाने के दौरान दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके स्वजन सुबह करीब 8:30 बजे उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। (शेष पेज 11 पर)

### तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने विधानसभा में उठाया रेफरल अस्पताल का मामला

तोरपा रेफरल अस्पताल के डॉक्टरों के नदारत रहने और इसके कारण वीरेंद्र मांझी की मौत के मामले को विधानसभा में उठाते हुए तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि अस्पताल से चिकित्सकों के गायब रहने का यह कोई पहला मामला नहीं है। विधायक ने रेफरल अस्पताल के डॉ मुकेश कनौजिया को बर्खास्त करने और मृतक के आश्रितों को दस लाख रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

### कैशकांड में विधायकों की याचिका स्वीकृत

**रांची।** पिछले साल 30 जुलाई को 46 लाख कैश के साथ कोलकाता में पकड़े गये कांग्रेस से निलंबित तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की ओर से रांची में किये गये जीरो एफआइआर को कोलकाता ट्रांसफर किये जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने विधायकों की याचिका को स्वीकृत कर ली है। कोर्ट ने विधायकों के पक्ष में फैसला सुनाया है। मामले में दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद कोर्ट ने पूर्व में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की कोर्ट में हुई। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि विधायकों के पास जो पैसे बरामद हुए थे, उसे लेकर कोलकाता में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

## पतरातू डैम रिसॉर्ट में जी 20 डेलिगेट्स का भव्य स्वागत

# बोटिंग का लिया आनंद, खरीदारी भी की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** मद्धिम संगीत, पक्षियों की चहचहाहट। पतरातू डैम के किनारे बना रिसॉर्ट शुक्रवार को विदेशी मेहमानों की मेहमाननवाजी में व्यस्त था। जी-20 सम्मेलन में शिरकत करने आये मेहमान भी झारखंड के रमणीय वातावरण के कायल हो गये। कुछ मेहमान पलाश के वृक्षों को निहार रहे थे, तो कुछ डैम में बोटिंग का आनंद लेते दिखायी दिये। रिसॉर्ट में मेहमानों का स्वागत झारखंड की संस्कृति और परंपरा के अनुरूप किया गया। ढोल-नगाड़े की थाप पर नृत्य करते झारखंड के कलाकारों ने प्रतिनिधियों का मन मोह लिया।

### एकदम अनूठा और आकर्षक था विदेशी मेहमानों के स्वागत का तरीका



जी 20 की बैठक में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के स्वागत का तरीका एकदम अनूठा और आकर्षक था। रिसॉर्ट के किनारे जेएसएलपीएस प्रोडक्ट्स के स्टाल लगाये गये थे। साथ ही, खादी ग्रामोद्योग की भी प्रदर्शनी लगायी गयी थी। विदेशी मेहमानों में झारखंड के प्रोडक्ट को लेकर काफी उत्सुकता दिखायी दी। उन्होंने जेएसएलपीएस के स्टॉल से कई खाद्य प्रोडक्ट की खरीदारी की। वहीं, खादी ग्रामोद्योग के स्टॉल पर भी मेहमानों ने जाकर उनके प्रोडक्ट के बारे में जानकारी ली।

**झारखंडी वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी :** विदेशी मेहमानों के लिए सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रहे झारखंड की संस्कृति और संगीत से जुड़े वाद्य यंत्र। यहां की संस्कृति और संगीत से जुड़े वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगी थी। विदेशी डेलिगेट्स ने वाद्ययंत्रों के प्रति गहरी रुचि दिखायी और उनके विषय में जानकारी प्राप्त की।

**हॉस्पिटैलिटी के मुरीद हुए विदेशी मेहमान :** जी- 20 की बैठक में भाग लेने आये विदेशी मेहमानों ने झारखंड में हॉस्पिटैलिटी को लेकर काफी तारीफ की। बताया कि झारखंड का नेचर आकर्षक है। खासकर यहां की मेहमाननवाजी तो बेहतरीन रही। उन्हें बैठक के साथ-साथ यहां की प्रकृति और यहां के लोगों के बारे में काफी जानकारी मिली। उन्होंने झारखंड के लोक नृत्य को भी सराहा।

# खाद्य सुरक्षा को लेकर हाइकोर्ट सख्त, एक साल में की गयी कार्रवाई का सरकार से मांगा ब्यौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले में शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से खाद्य पदार्थों की जांच से संबंधित 1 साल का विवरण मांगा है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि राज्य के जिलों में फूड सेफ्टी ऑफिसर के द्वारा प्रति माह कितने खाद्य पदार्थों के सैंपल को एकत्र किया गया। इसमें से कितने सैंपल गलत पाए गए, जो खाद्य पदार्थ के सैंपल गलत पाए गए उनके संचालकों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई। लैब में खाद्य पदार्थों की किस-किस तरह की जांच होती है। इन सारी चीजों के बारे में हाईकोर्ट ने सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

**Email** – dddopalamu@gmail.com

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र योजना की विभिन्न योजनाओं में चयनित लाभुकों के लिए सूचना–**

वित्तीय वर्ष 2020-21/2021-22/2022-23 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं में चयनित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि सरकारी अनुदान की राशि आपके बैंक खाता में DBT के माध्यम से अंतरित कर दी गई है साथ ही लाभुकों की सूची संबंधित प्रखण्ड को भेज दी गई है।

लाभुक अंशदान की राशि आपके बैंक खाते में जमा करने हेतु पूर्व में भी सूचित किया गया है, परन्तु अभी तक ज्यादातर चयनित लाभुकों द्वारा लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं की गई है। इस परिस्थिति में योजनाओं का कार्यान्वयन लंबित है। ज्ञातव्य है कि सर्वप्रथम लाभुक अंशदान जमा करने के उपरान्त हीं योजना का क्रियान्वयन किया जा सकता है।

वैसे लाभुक जिनके बैंक खाते में अनुदान राशि आंतरित की गई है, से अनुरोध है कि अनुदान की राशि की निकासी अवैध रूप से नहीं करें अन्यथा बैंक से सूचना प्राप्त होते हीं आपके विरूद्ध नियमानुसार कारवाई की जायेगी, जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

अतः आप वैश्से सभी चयनित लाभुकों जो कि लाभुक अंशदान की राशि अपने बैंक खाते में जमा नहीं किये हैं, को सामाचार पत्र के माध्यम से अनुरोध है कि आप सभी अपना–अपना लाभुक अंशदान की राशि अपने बैंक खाते में जमा करते हुए जमा रसीद (पर्ची) तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति यथाशीघ्र जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू में अवश्य जमा करेंगे, ताकि राशि की निकासी पर रोक (Lien) लगाते हुए दुधारू मवेशी वितरण की कारवाई यथाशीघ्र किया जा सके। विशेष जानकारी के लिए गव्य तकनीकी पदाधिकारी, पलामू, जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू के मोबाईल न0– 9835586928 एवं जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू, के मोबाईल न0– 9934529928 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू।

PR 291834 Palamu(22-23)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 19/2022–23**

**(SCA द्वारा स्वीकृत योजना) प्रथम आमंत्रण**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 10.03.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.03.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 20.03.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 21.03.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन न0 :– 9431516030
9. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | योजना का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Solar Based Mini Pipe water supply Scheme for Masuriyakhand Police Picket, vill – Masuriyakhand, Panchayat – Deodariya, Block-Kisko with new HYDT on Turn key Basis under D.W. & S.Division, Lohardaga for the year 2022-23 under SCA. | SCA/LOH-01 | 13,10,428.00 | 26,500.00 | 2,500.00 | 03 months |
| 2 | Construction of Solar Based Mini Pipe water supply Scheme for Kekrang Police Picket, vill – Kekrang, Panchayat – Rorad, Block-Peshrar with new HYDT on Turn key Basis under D.W. & S.Division, Lohardaga for the year 2022-23 under SCA. | SCA/LOH-02 | 13,47,841.00 | 27,000.00 | 2,500.00 | 03 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 291833 (Lohardaga) 22-23 (D)



## लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**अति अल्पकालीन निविदा सं0 : DMFT/MIR/DHN/ F2-07 -2022-23**

जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद् धनबाद की बैठक दिनांक 27.09.2022 में लिये गये निर्णय के आलोक में विभिन्न प्रक्षेत्र के अमृत सरोवर तालाब के नव–निर्माण हेतु पत्रांक 418, दिनांक 18.10.2022 के आलोक में उप विकास आयुक्त सह सचिव DMFT, धनबाद के ज्ञापांक 485/DMFT धनबाद, दिनांक 15.12.2022 से प्रशासनीक स्वीकृति प्राप्त है।
निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी : **कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लूबी सर्कूलर रोड, धनबाद–826001**

ऑन लाईन निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय : 11.03.2023 12:30 बजे
ऑन लाईन निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय : 16.03.2023 5 बजे तक
हार्ड कापी (EMD BOQ Cost and Documents etc.) समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय : 18.03.2023 3 बजे तक
ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 20.03.2023 12:30 बजे
सम्पर्क सूत्र मोबाईल संख्या : 9431387264
कार्य का नाम एवं राशि निम्नवत् है :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Amrit Sarovar at Parasbaniya | Baliapur | 20.08 | 40500.00 | 5,000.00 | 3 माह |
| 2 | Construction of Amrit Sarovar at Gethibera | East Tundi | 20.11 | 40500.00 | 5,000.00 | 3 माह |

नोट :– केवल ई– निविदा हीं मान्य होगी।
विशेष जानकारी के लिए : http://jharkhand.gov.in देखें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल,धनबाद

PR 291828 Irrigation(22-23).D



झारखण्ड सरकार
## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)
## कार्यालय - जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग

**(उद्यानिक योजनाओं के लिए आम -सूचना)**

राज्यादेश सं0 – 40 दिनांक 11.11.2022 वित्तीय वर्ष 2022–23 केन्द्र प्रायोजित मिशन फॉर इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर (MIDH) योजनान्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के कार्यान्वयन हेतु जिला– रामगढ़ के इच्छुक कृषकों से नीचे अंकित विभिन्न अवयवों का अनुदानित दर पर लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक – 15.03.2023 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है ।

**आवेदन आमंत्रण हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में जिला – रामगढ़ के लिए MIDH (NHM) योजनाएँ निम्नवत है:–**

| Sl No. | Components | Unit | Ramgarh Physical Target |
|---|---|---|---|
| 1 | Dragon Fruit | ha. | 01 |
| 2 | Banana (TC) | ha. | 01 |
| 3 | Pineapple (Sucker) | ha. | 01 |
| 4 | Papaya ( Package with drip Irrigatrion) | ha. | 01 |
| 5 | Mango | ha. | 10 |
| 6 | Citrus | ha. | 02 |
| 7 | Aonla | ha. | 02 |
| 8 | Guava | ha. | 10 |
| 9 | Vegetable Hybrid | ha. | 06 |
| 10 | Flower(Cut Flower small & Marginal Farmers) | ha. | 05 |
| 11 | Flower (Bulbous Flower small & Marginal Farmers) | ha. | 05 |
| 12 | Flower (Losse Flower small & Marginal Farmers) | ha. | 05 |
| 13 | Seed Spice & Rhizomatic Spices | ha. | 10 |
| 14 | Creation of Water Resource | unit. | 0.06 |
| 15 | Water Harvsting System | unit | 02 |
| 16 | Plastic Mulching | ha. | 03 |
| 17 | Anti Bird / Anti Hail Nets | ha. | 03 |
| 18 | Organic Farming Vermi Compost Unit / Organic Input Production HDPE VERMI BED | nos. | 06 |
| 19 | HRD farmer Training (Inside State) | nos. | 25 |
| 20 | HRD farmer Training (Outside State) | nos. | 05 |
| 21 | HRD Exposure Visit (Outside State) | nos. | 05 |
| 22 | Pack house | unit | 01 |
| 23 | Eveporative / Low energy Cool Chamber (8MT) | nos. | 06 |
| 24 | preservation Unit | nos. | 06 |
| 25 | Low Cost Onion Storage Structure (25 MT) | nos. | 03 |
| 26 | Static Mobile Vending Cart | nos. | 01 |

नोट:–
01. क्रमांक 01 से 13 में अंकित कार्य अवयव का कार्य कलस्टर आधारित होगा।
02. जिस आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र संलग्न होगा को नोटरी पब्लिक से सत्यापित कराना अनिवार्य होगा।
03. क्रम सं0 01 से 18 तथा 22 के आलोक में आवेदन के साथ जमीन का मालगुजारी रसिद एवं वंशावली जन–प्रतिनिधि से सत्यापित कर आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
04. आवेदन पत्र के साथ आधार की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
05. क्रमांक 19 से 21 में अंकित कार्य अवयव के साथ शैक्षणिक योग्यता की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
06. पिछले तीन वर्षों में जिन कृषकों या उसके परिवार का चयन नहीं किया गया हो, केवल उनका चयन किया जायेगा।
07. पिछले तीन वर्षों में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायगी।
08. अनु0 जाति / जन जाति / अल्पसंख्यक / महिला / दिव्यांग / लघु एवं सिमांत कृषक को प्राथमिकता के आधार पर योजना से लाभान्वित किया जायेगा।
09. अंकित अवयवों के लाभ हेतु आवेदन पर संबंधित जनसेवक / ATM/BTM / वैज्ञानिक तथा पंचायतीराज के तहत ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य / मुखिया द्वारा अनुमोदन अनिवार्य होगा।
10. कार्यालय अवधि में आवेदन निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है ।
11. योजनाओं से संबंधित विशेष जानकारी हेतु कार्यालय अवधी में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
हजारीबाग / रामगढ़

PR 291846 Agriculture (22-23)_D


## इस बार के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 15% की बढ़ोतरी

# बजट में झारखंड के समग्र विकास की हर पहलू का रखा ख्याल : डॉ रामेश्वर उरांव

**बजट : 2023-24**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने वित्त वर्ष 2023-2024 के बजट को सदन के पटल पर रखने के बाद मीडिया को बताया कि इस बार के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 15% की बढ़ोतरी के बाद 1,16,418 करोड़ का बजट बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट हर पहलू को ध्यान में रखकर राज्य हित में बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों को दी जाने वाली सुविधा की बात हो या फिर नौजवानों के रोजगार के साथ स्वास्थ्य की हो या फिर शिक्षा की बुनियादी जरूरतों के हर पहलू को बजट में रखा गया है। उन्होंने कहा कि जो बजट बनाया गया है वह झारखंड में विकास को गति देगा। बजट में राजस्व व्यय के लिए 84,676 करोड़ रुपए प्रस्तावित है तथा पूंजीगत व्यय 31,742 करोड़ रुपए रखे गए हैं। इसके अलावा 2023- 24 के बजट में राजकोषीय घाटा 11,674.57 करोड़ रुपए होने का अनुमान लगाया गया है।



### महिला बाल विकास: आंगनबाड़ी चलो अभियान योजना की शुरुआत के साथ सेविकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी

**500 नये आंगनबाड़ी भवनों का होगा निर्माण**

झारखंड सरकार ने वर्ष 2023–24 के बजट में महिला बाल विकास के लिए 7 हजार 171 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है। वित्त मंत्री ने महिला एवं बाल विकास के लिए सर्वजन पेंशन योजना के तहत लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचाने को लेकर सरकार के उद्देश्य को दोहराया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत लगभग 11 लाख नए लोगों के साथ राज्य में कुल 21 लाख 8,000 लोगों को जोड़ा गया है। राज्य में सर्वजन पेंशन योजना के लिए 2131 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि इस वित्त वर्ष के बजट में आंगनबाड़ी चलो अभियान योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत बच्चों को पोशाक एवं टेस्ट बुक दिया जाएगा। राज्य में इस वित्त वर्ष के लिए 500 नए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 100 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया जा रहा है। आंगनबाड़ी सेविकाओं के मानदेय में 1700 की बढ़ोतरी की गई है। पहले 3100 दिया जाता था अब 4800 दिया जाएगा। साथ ही सामूहिक बीमा योजना से जोड़ा जाएगा। सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन देकर उन्हें नई तकनीक के साथ जोड़ा जाएगा।

### खाद्य वितरण : 2750 करोड़ 15 लाख रुपये का प्रावधान

वित्त मंत्री रामेश्वर उरॉव द्वारा सदन में पेश किये गये बजट में भोजन और सार्वजनिक वितरण के लिए 2750 करोड़ 15 लाख का प्रावधान रखा है, जो कि 2019–20 की तुलना में 103 .46 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर के झारखंड सरकार की यह योजना है कि सभी लोगों को समय पर भोजन के लिए पूरा राशन मिल जाए। इसके लिए सूचना तकनीक के माध्यम से इसे जोड़कर व्यवस्था को सरल बनाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिन लोगों को राशन नहीं मिल पा रहा है उन लोगों को झारखंड खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जोड़ा गया है। जिसके अंतर्गत 4,00,000 समग्र और 20 लाख लाभुकों को राशन का प्रावधान किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि 2023 के क्रम में जनवितरण प्रणाली के अंतरगत लाभुकों को मोटा अनाज देने का प्रावधन है। इसके अलावा प्रोटिन युक्त अन्य खाद्य सामग्रियों का वितरण भी किया जाएगा।

### स्वास्थ्य सुविधाओं के के लिए 7 हजार 40 करोड़ 90 रुपये

**रांची और बोकारो में मेडिकल कॉलेज की होगी स्थापना**

बजट में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने झारखंड के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने की सरकार की कटिबद्धता को दोहराया है। उन्होंने बजट पेश करते हुए कहा कि स्वस्थ्य व्यक्ति से स्वस्थ्य परिवार के साथ विकसित समाज की अवधारणा के लिए कई योजनाएं प्रस्तावित हैं। जिसमें रांची और बोकारो में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, पीपीपी मोड पर मोबाइल एंबुलेंस सेवा के साथ साथ नए नर्सिंग और फार्मासिस्ट कॉलेज की स्थापना भी शामिल है। इसके अलावा मंत्री ने स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 7 हजार 40 करोड़ 90 का प्रावधान किया है। इसके तहत राज्य के कई जिलों में नए पॉलिटेक्निक कॉलेज खोले जाएंगे। इसके अलावा पलामू, चाईबासा और दुमका जिला में मनोचिकित्सा केंद्रों की स्थापना का प्रावधान किया जा रहा है। कोविड काल के बजट से इस बार का बजट 70 .42 प्रतिशत ज्यादा है।

### शिक्षा : नहीं मिलेगी नौकरी तो राज्य सरकार देगी प्रोत्साहन राशि, शहरों में हॉस्टल बनाने का प्रस्ताव

झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने साल 2023–24 के लिए पेश किये गये बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं की है। बजट भाषण के दौरान उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राजकीय शिक्षा विकास में हम काम कर रहे हैं। 1825 पंचायत को जीरो ड्रॉपआउट घोषित किया गया है। वहीं राज्य के उन विद्यालयों में जहां बालक और बालिकाओं के लिए अलग–अलग शौचालय नहीं है उसके लिए अलग–अलग शौचालय के निर्माण के लिए योजना तय की गई है। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक कल्याण योजना के तहत के लिए मिलने वाली छात्रवृत्ति में भी बढ़ोतरी की गई है। इस समाज के लोगों को कम दर पर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है और इसके तहत 6500 आवेदन अभी तक प्राप्त हुए हैं। जिससे 46 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। रामेश्वर उरांव ने बजट भाषण में कहा कि अनुसूचित जाति और जनजाति छात्र छात्राओं को रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद, देवघर और चाईबासा में बहुमंजिला छात्रावास का निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है। सभी छात्रावास में छात्र छात्राओं को नि :शुल्क भोजन एवं छात्रावास उपलब्ध कराया जाएगा। बजट में मॉडल लाइब्रेरी का प्रस्ताव किया गया है। कौशल प्रशिक्षण के बाद जिन्हें काम नहीं मिलेगा तो 6 महीने तक पुरुष अभ्यर्थी को 1000 रुपए, महिला और दिव्यांग अभ्यर्थियों को 1500 रुपए प्रति माह राशि दी जाएगी।

### कृषि : हेमंत सरकार ने किसानों के लिए खोला खजाना



हेमंत सरकार ने 2023–24 के बजट में झारखंड के किसानों के लिए खजाना खोल दिया है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि राज्य की आर्थिक स्थिति कृषि पर निर्भर करती है और झारखंड खेती–किसानी पर निर्भर है। किसानों को ऋण से मुक्त करना और उनकी आय बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है। किसान ऋण माफी योजना के तहत साढ़े चार लाख किसानों को ऋण माफी का लाभ दिया गया है। सुखाड़ राहत के लिए 3500 रुपए की दर से 13,00,000 किसानों को राशि दी गई है। तालाबों से खाद हटाने और बी बोइंग के लिए 500 करोड़ की योजना रखी गई है। फार्मर प्रोड्यूसर ऑगेर्नाइजेशन उसको हमारी सरकार ने प्राथमिकता देने का काम किया है। बीज वितरण और एग्री मार्केट का भी काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत किसानों को आय की वृद्धि के लिए योजना रखा गया है। इसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जमशेदपुर में डेरी और रांची में मिल्क पाउडर प्लान को लेकर के नई योजना तैयार की गई है। दुग्ध उत्पादकों को एक रुपए प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि देने की तैयारी की जा रही है।

वित्त मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास में रोजगार के अवसर बढ़ाने और वहां का जीवन स्तर सुधारने के लिए महात्मा गांधी मनरेगा के तहत 9,00,00,000 मानव दिवस कार्य स्वीकृत किए गए हैं। मनरेगा के लिए 1260 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया है। मनरेगा के तहत 1,00,000 किसानों के निजी जमीन पर सिंचाई योजना को विकसित करने की व्यवस्था की जाएगी और इसका भुगतान मनरेगा योजना के तहत किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 3542 करोड़ का बजट प्रस्तावित है। वर्ष 23–24 में ग्रामीण विकास के लिए लगभग 8166 करोड रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। उनहोंने कहा कि सिकटिया इरिगेशन लिस्ट सिंचाई परियोजना को प्रस्तावित किया गया है। सिंचाई क्षमता के विस्तार को ध्यान में रखते हुए वर्क 2324 में जल संसाधन के लिए लगभग 1964 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।

## वित्त वर्ष 2023-2024 : झारखंड के बजट पर मिश्रित प्रतिक्रिया

# झारखंड की जनता को वित्त मंत्री ने किया निराश : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट को लूट का बजट कहा है। श्री प्रकाश शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह दिशाहीन बजट है। उन्होंने कहा कि जब तक राज्य में भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगेगा तब तक झारखंड का भला नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बजट तो बनाती है लेकिन उसे धरातल पर उतार नहीं पाती है।

उन्होंने कहा कि राज्य में आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाला बजट होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि पिछले बजट का आकार 1 लाख करोड़ का था लेकिन सरकार उस बजट में से मात्र 44 प्रतिशत ही खर्च कर पाई। यह सरकार की कथनी और करनी को उजागर करने के लिए काफी है।

उन्होंने इस बजट को पुरानी बोतल में नयी शराब की संज्ञा दी है। यह बजट केवल जनता को दिग्भ्रमित करने वाला बजट है। यह बजट आदिवासी, महिला, दलित एगरीब और मजदूर विरोधी बजट है। इस अवसर पर दीपक बंका, शिवपूजन पाठक, अमित सिंह उपस्थित थे।

### बजट सिर्फ झूठ का पुलिंदा : अन्नपूर्णा

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि विधानसभा में पेश किया गया बजट झूठ का पुलिंदा है। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि पिछले बजट में चालू वित्त वर्ष के लिए प्रावधानित राशि और विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई राशि का अधिकांश अबतक खर्च क्यों नहीं हो पाया। इस सरकार से उम्मीद करना ही बेकार है। उन्होंने कहा कि राज्य के गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, दलितों, युवाओं और महिलाओं को ठगा है। केवल सब्जबाग दिखाये हैं। आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दृष्टि का सर्वथा अभाव है।

# राज्य को तेज गति से विकास देने वाला बजट : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने वित्त वर्ष 2023-2024 के बजट को राज्य को तेज गति से विकास देने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा है कि यह गांव, गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है। बेरोजगारी दर 7 प्रतिशत से घट कर 3 प्रतिशत रह गई है। ओल्ड पेंशन स्कीम के लिए पेंशन कोष गठित करने का फैसला सराहनीय है। श्री ठाकुर ने कहा कि बजट में वित्तीय अनुशासन का पूरा-पूरा ध्यान रखा गया है। सरकार का वित्तीय घाटा अनुशासित सीमा के अंदर है। स्थापना मद से ज्यादा योजनाओं पर जोर दिया गया है। कहा कि बजट में तालाबों के जीर्णोद्धार पर जोर दिया गया है। कृषि सेक्टर और किसानों के लिए राज्य सरकार ने अच्छा निर्णय लिया है। यह आम आवाम का हमीन कर बजट है।

### झामुमो महासचिव ने कहा- बजट अनूकुल

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा विधानसभा में पेश किया गया बजट को झारखंड के जल, जंगल, जमीन की जनता को समर्पित बताया। युवाओं, महिला मजदूरों, किसानों, चिकित्सा, स्वास्थ्य की आकांक्षा पर खरा उतरने वाला बजट की संज्ञा दी।

### बजट में बुनियादी सवालों को किया गया दरकिनार



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बजट को झूठ का पुलिंदा बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में बुनियादी सवालों को दरकिनार किया गया। आम लोगों, गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और बेरोजगारों के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। ऐसा प्रतीत हो रहा कि सरकार बजट के नाम पर बस खानापूर्ति कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर कोई फोकस नहीं।

### बजट खोदा पहाड़, निकली चुहिया जैसी : डॉ. लंबोदर



रांची। आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गठबंधन सरकार के बजट पर कहा कि यह पूरी तरह से युवा बेरोजगारों, किसानों व आम जनों की आशाओं व उम्मीदों पर पानी फेरने वाला है। उन्होंने कहा कि आदिवासी व अल्पसंख्यक के हितों की बात करने वाली यह सरकार ने इन वर्गों का भी बजट में ख्याल नहीं रखा है। बजट में पुरानी बातों को ही दोहराया है, जो खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली बात है। उन्होंने कहा कि बजट में जन अपेक्षाओं का ध्यान नहीं रखा गया है। विकास को लेकर कोई सोच नहीं है।

### बजट संतोषप्रद नहीं : भाकपा माले

भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद ने कहा कि राज्य के बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद यह संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड गांव, समाज की बहुलता वाला राज्य है। सबसे ज्यादा पलायन की समस्या भी इन्हीं ग्रामीण क्षेत्रों से होता है। कृषि विकास की सामग्रिक योजना के तहत खेतों में सिंचाई का प्रबंध, तीन फसलों की खेती व्यवस्था पर जोर देने के लिए समुचित व्यवस्था, पठारी क्षेत्रों में भी सिंचाई के अभाव में वैकल्पिक खेती को प्राथमिकता दी जानी चाहिये। जिस पर सरकार की प्राथमिकता नहीं है। फसलों की उपज का लाभकारी दाम और वनोपज की उचित दाम के लिए मंडी व्यवस्था लागू करने की जरूरत की नीति को अपनाया ही नहीं जा रहा।

### बेहतरीन बजट, भाजपा मुद्दाविहीन : शिल्पी नेहा

बजट को कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बेहतरीन और सभी वर्गों का ख्याल रखने वाला बताया है। उन्होंने कहा है कि बजट को लेकर भाजपा, आजसू के विधायकों में पेशेंस की कमी है इसलिए जब वित्त मंत्री बजट प्रस्तुत कर रहे थे तो भाजपा आजसू को यह बर्दाश्त नहीं हुआ और वाकआउट कर गए। दीपक बिरुआ ने कहा बजट में आम आदमी का ख्याल रखा गया है।

### हेमंत सरकार ने बजट में हर वर्ग का रखा है ख्याल : सुबोधकांत

सदन में वर्ष 2023–24 के लिए पेश किए गए बजट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि बजट में हर तबके का विशेष ख्याल रखा गया है। बजट पूरी तरह संतुलित है। बजट में प्रावधान की गई राशि से झारखंड की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार संभव होगा। बजट के अनुसार स्वास्थ्य सेवा, राजस्व व्यय, पूंजीगत व्यय, सामान्य वर्ग एवं सामाजिक क्षेत्र में संतोषप्रद राशि बढ़ाई गई है।

### झारखंड सरकार का बजट संतुलित : भाकपा

झारखंड सरकार द्वारा सदन में पेश किये गये बजट को भाकपा ने संतुलित बजट बताया है। अजय सिंह ने कहा कि बजट में राज्य की इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर फोकस किया गया है। स्वास्थ सेवा और नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण। स्वास्थ सेवा का विस्तार गली और मुहल्ले स्तर तक पहुंचने का प्रयास है। सामाजिक सुरक्षा को लेकर कई प्रावधान किये गए हैं।

# जमशेदपुर से टाटा का है गहरा नाता : नोएल एन टाटा

**● जेएन टाटा की जयंती पर टाटा स्टील समेत अन्य कंपनियों ने संस्थापक को दी भावभीनी श्रद्धांजलि ● इस वर्ष के संस्थापक दिवस की थीम है 'ग्रीनोवेशन - मेक टुमरो ग्रीन'**



टाटा स्टील प्लांट में स्थापक को श्रद्धांजलि देते नोएल एन टाटा।



प्लांट में संस्थापक को नमन करते टी वी नरेंद्रन।



पोस्टल पार्क में संस्थापक को नमन करते नोएल ट ाटा।



सामाजिक संगठनों द्वारा निकाली गई झांकियों को झंडी दिखा कर रवाना करते नोएल टाटा। साथ में टीवी नरेंद्रन, टाटा स्टील यूआइ एसएल के एमडी रितुराज सिन्हा व अन्य।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने शुक्रवार को अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा को उनकी 184वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्हें 'भारतीय उद्योग का जनक' भी माना जाताहै। संस्थापक दिवस के रूप में मनाया जाने वाला यह प्रमुख कार्यक्रम हर साल 3 मार्च को जमशेदपुर में सामुदायिक कल्याण के साथ एक औद्योगिक भविष्य के संस्थापक के दृष्टिकोण कोश्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया जाता है।

**इस वर्ष के समारोह का थीम है 'ग्रीनोवेशन - मेक टुमारो ग्रीन'**

वर्क्स मेन गेट पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थापक को वाईस चेयरमैन नोएल एन टाटा, सीइओ टीवी नरेंद्रन समेत वरिष्ठ अधिकारियों, यूनियन के सदस्यों, ग्रुप कंपनी के अधिकारियों औरजमशेदपुर के नागरिकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ शुरू हुआ। बिष्टुपुर पोस्टल पार्क में जमशेदपुर के नागरिकों को अपने संबोधन में, नोएल एन टाटा ने कहा कि आज हम अपने संस्थापक की अग्रणी भावना का जश्न मनाते हैं, जिन्होंने इस प्रेरक शहर की स्थापना की। साथ ही नेतृत्वकर्ताओं की पीढ़ियों के मार्गदर्शन, जिनमें से प्रत्येक ने राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है- न केवल औद्योगीकरण में बल्कि सामुदायिक सहयोग में भी।' शहरवासियों को संबोधित करते हुए नोएल टाटा ने कहा कि पिछले दो वर्ष में टाटा स्टील ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वर्ष 2022 में विश्व की 128 स्टील कंपनियों में टाटा स्टील को नौवां स्थान प्राप्त हुआ है।

**ये अधिकारी रहे उपस्थित :** इससे पूर्व कारखाना परिसर स्थित जेनरल आफिस वर्क्स मेन गेट के पास जेएन टाटा की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी गई, जिसमें टाटा स्टील के वाइस चेयरमैन नोएल एन.टाटा, पूर्व डिप्टी एमडी डा.टी.मुखर्जी, पूर्व ज्वाइंट एमडी डा आरएन शर्मा, सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन, डेजी ईरानी, शुभ्रा मुखर्जी, रुचि नरेंद्रन, टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष व जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी, महासचिव सतीश सिंह, पूर्व अध्यक्ष आरबीबी सिंह, पीएन सिंह, यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे।



टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी पोस्टल पार्क में आगमन पर वाइस चेयरमैन नोएल एन टाटा का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए। साथ में जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, टीवी नरेंद्रन एवं टाटा स्टील के सिक्योरिटी चीफ अरविंद सिन्हा।



श्रीमती रुचि नरेंद्रन संस्थापक को पोस्टल पार्क में श्रद्धांजलि देते हुए।

## शहर की सामाजिक संस्थाओं ने निकाली झांकी

जेएन टाटा की जयंती पर बिष्टुपुर स्थित पोस्टल पार्क के पास शहर की लगभग 14 संस्थाओं ने झांकी निकाली, जिसका अवलोकन नोएल टाटा व टीवी नरेंद्रन सहित टाटा स्टील के पदाधिकारियों ने किया। इसमें सबसे पहले रोड मेल्टर्स नामक बुलेट सवारों की टोली थी, जिसके बाद एनसीसी बटालियन, टाटा मोटर्स, मद्रासी सम्मेलनी, गुजराती सनातन समाज, छत्तीसगढ़ी सांसतिक समिति, बांग्लाभाषी आदि की झांकी थी। सभी ने बारी-बारी से जेएन टाटा को नमन किया। कार्यक्रम में सिंहभूम चौंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, दिनेश पारिख, शिवपूजन सिंह आदि गणमान्य उपस्थित थे।

**टाटा वर्कर्स यूनियन भी गए नोएल टाटा :** नोएल एन टाटा ने स्टीलेनियम हॉल के अलावा टाटा वर्कर्स यूनियन कार्यालय का भी दौरा किया, जहां इस वर्ष की थीम 'ग्रीनोवेशन' पर प्रदर्शनी आयोजित की गई थी। वाइस चेयरमैन ने इंटीग्रेटेड रिमोट अपरेशंस सेंटर और एसएनटीआई में तकनीकी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। वाइस चेयरमैन ने आज टाटा वर्कर्स यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से भी मुलाकात की।



टाटा वर्कर्स यूनियन विजिट करने के बाद अध्यक्ष संजीव चौधरी, महासचिव सतीश सिंह व टीम के साथ ग्रुप फोटो कराते वाइस चेयरमैन नोएल एन टाटा, सीइओ टीवी नरेंद्रन, वीपी चाणक्य चौधरी, वीपी अत्रेई सान्याल व अन्य।

### सहयोगी कंपनियों में भी मना संस्थापक दिवस

संस्थापक दिवस समारोह झारखंड और ओडिशा में कलिंगानगर, मेरामंडली और र मटेरियल लोकेशन्स सहित देश भर में टाटा स्टील के अन्य स्थानों और कार्यालयों में भी आयोजित किया गयाथा।

### संस्थापक दिवस खेल का भी हुआ आयोजन

टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिवीजन ने 2 और 3 मार्च को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया।

### टाटा स्टील और सहयोगी कंपनियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

टीएमएच, जुस्को, जेमिपोल, टीआरएफ, टिनप्लेट, टाटा पिगमेंट, टाटा ब्लूस्कोप, टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, हिमालय स्टील प्रा.लि, आइएडब्ल्यूपी लिमिटेड, टाटा कैपिटल, एचआरएम आदि के प्रमुख अधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने जेएन टाटा को किया नमन



झारखंड के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने आज बिष्टुपुर पोस्टल पार्क पहुंच कर भारतीय इस्पात उद्योग के संस्थापक जेएन टाटा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। आज जेएन टाटा की 184 वीं जयंती थी।

## घाटशिला महाविद्यालय में बाहा मिलन समारोह संपन्न

**जमशेदपुर।** घाटशिला महाविद्यालय में संताली विभाग की ओर से बहा पर्व मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस समारोह की सभा अध्यक्षता प्राचार्य ड आर के चौधरी ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री ड जानुम सिंह सोय ने भाग लिया। उन्होंने बाहा गीत गाकर समारोह का शुभारंभ किया। वहीं प्राचार्य आर के चौधरी ने आए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बाहा का शाब्दिक अर्थ फूल होता है।

## साकची बिरसा मुंडा स्मारक पर विद्युत सज्जा नहीं किये जाने के खिलाफ धरना



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। शुक्रवार को संध्या शहीद स्मारक समिति और डिमना डैम विस्थापित के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा चौक स्थित बिरसा मुंडा स्मारक स्थल पर टाटा प्रबंधन के खिलाफ धरना प्रदर्शन एवं टाटा प्रबंधन का पुतला दहन किया गया। यह इसलिए कि टाटा प्रबंधन ने 3 मार्च के दिन पूरे शहर में रोड रास्ता चौक चौराहा को लाइट से सजाया है। सिर्फ बिरसा मुंडा स्मारक स्थल को छोड़ दिया है। टाटा प्रबंधन धरती आबा का अपमान किया है। ये सिर्फ धरती आबा का अपमान नहीं है बल्कि संपूर्ण झारखंडी समाज का अपमान है। जिसके धरती पर टाटा कंपनी बसा है। उसी का अपमान करना यह प्रतीत होता है। झारखंडयों के मसीहा माने जाने वाले धरती आबा का अपमान पूरे झारखंडी समाज का अपमान है। कार्यक्रम में कृष्णा लोहार, अजित तिर्की, दीपक रंजीत, मदन मोहन सोरेन, कुस मुर्मू, बबलू सोरेन, राजा कालिंदी, रविंद्र सिंह, मानिक सिंह सरदार, गौतम महतो, बुधु मुर्मू, सोमनाथ मुखर्जी, डेमका सोय, शम्भू नाथ टुडू, सोनाराम मुर्मू आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# उग्र सांढ़ ने दो राहगीरों को रौंद कर मार डाला

### साकची शीतला मंदिर के पास की घटना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** साकची शीतला मंदिर के समीप सब्जी मंडी वाली सड़क पर दो साड़ों की लडाई में दो लोगों की जान चली गई। घटना आज आज अहले सुबह की है। मृतकों की पहचान अशोक अग्रवाल और राजकिशोर के रुप में हुई है।

बताया जा रहा है कि साकची शीतला मंदिर के पास सब्जी मंडी वाली सड़क पर सुबह-सुबह दो साड़ उग्र होकर आपस में लड़ रहे थे। उनकी लड़ाई देख राहगीर भी राह बदलने लगी। इसी बीच गुस्से में आकर एक साड़ राहगीरों की ओर दौड़ पड़ा। साड़ के अचानक हमले से राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच दूध लेने जा रहे अशोक अग्रवाल और राजकिशोर उग्र साड़ की चपेट में आ गए । साड़ ने दोनों व्यक्तियों को उठा-उठाकर पटका। सिंग और पैरों से मारता रहा। आस-पास के लोग जब शोर मचाते हुए साड़ की ओर दौड़े तो वह भाग खड़ा हुआ। घायल व्यक्तियों को स्थानीय लोग उठा कर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद टाटा स्टील यूआइएसएल की टीम पहुंची और साड़ को बेहोश करने वाली सुई देकर बेहोश किया और उसे काबू




## JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
## (A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. JIIDCO/17/2022-23**

Sealed tenders are invited, on percentage rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department or any Department of Government of Jharkhand and having the experience of similar nature of work for the work as given below:

| Sl. no. | Tender Ref.no. | Name of work | Estimated cost (Rupees) | Amount E.M.D. (Rupees) | Cost of BOQ (Rupees) (Non refundable). | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | JIIDCO/17/Barrack/ Kedimoh, Hunterganj/ 2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at Kedimoh, Hunterganj, Distt- Chatra | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 02 | JIIDCO/17/Barrack/ Kedimoh, Hunterganj/ 2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at Kedimoh, Hunterganj, Distt- Chatra | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 03 | JIIDCO/17/Barrack/ Kedimoh, Hunterganj/ 2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at Kedimoh, Hunterganj, Distt- Chatra | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 04 | JIIDCO/17/Office & Store/ Kedimoh, Hunterganj/ 2022-23 | Construction of office & Store (16'-0" x 64'-0") at Kedimoh, Hunterganj, Distt- Chatra | 27,30,458.00 | 55,000.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 05 | JIIDCO/17/Kitchen cum Dining/ Kedimoh, Hunterganj/ 2022-23 | Construction of Kitchen cum Dining/ (16'-0" x 64'-0") at Kedimoh, Hunterganj, Distt- Chatra | 25,97,880.00 | 52,000.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 06 | JIIDCO/17/Officer Residence/ Kedimoh, Hunterganj/ 2022-23 | Construction of Officer Residence (20'-0" x 64'-0") at Kedimoh, Hunterganj, Distt- Chatra | 29,05,954.00 | 58,500.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 07 | JIIDCO/17/Kote/Magazine Building/ Kedimoh, Hunterganj/ 2022-23 | Construction of Kote/Magazine Building (16'-0" x 32'-0") at Kedimoh, Hunterganj, Distt- Chatra | 14,45,549.00 | 29,000.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 08 | JIIDCO/17/ W.C. & Bathroom/ Kedimoh, Hunterganj/ 2022-23 | Construction of W.C. & Bathroom (10 unit each 4'-0"x5'0") at Kedimoh, Hunterganj, Distt- Chatra | 23,97,634.00 | 48,000.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 09 | JIIDCO/17/ Morcha/ Kedimoh, Hunterganj/ 2022-23 | Construction of Morcha (5'-0"x5'0") 5 nos. at Kedimoh, Hunterganj, Distt- Chatra | 6,00,348.00 | 12,500.00 | 1,475.00 | 6 months |
| 10 | JIIDCO/17/ Land Leveling/ Kedimoh, Hunterganj/ 2022-23 | Construction of Land Leveling at Kedimoh, Hunterganj, Distt- Chatra | 4,73,648.00 | 10,000.00 | 1,475.00 | 6 months |
| 11 | JIIDCO/17/ Septic Tank/ Kedimoh, Hunterganj/ 2022-23 | Construction of Septic Tank 3 nos. at Kedimoh, Hunterganj, Distt- Chatra | 4,03,832.00 | 8,500.00 | 1,475.00 | 6 months |
| 12 | JIIDCO/17/ Sanitary & Plumbing work / Kedimoh, Hunterganj/ 2022-23 | Construction of Sanitary & Plumbing work. at Kedimoh, Hunterganj, Distt- Chatra | 4,84,971.00 | 10,000.00 | 1,475.00 | 6 months |
| 13 | JIIDCO/17/ Electrical work / Kedimoh, Hunterganj/ 2022-23 | Construction of Electrical work at Kedimoh, Hunterganj, Distt- Chatra | 7,05,965.00 | 14,500.00 | 1,475.00 | 6 months |
| 14 | JIIDCO/17/Barrack/ Gadiya, Rajpur/ 2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at Gadiya, Rajpur, Distt- Chatra | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 15 | JIIDCO/17/Barrack/ Gadiya, Rajpur / 2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at Gadiya, Rajpur Distt- Chatra | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 16 | JIIDCO/17/Barrack/ Gadiya, Rajpur / 2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at Gadiya, Rajpur, Distt- Chatra | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 17 | JIIDCO/17/Office & Store/ Gadiya, Rajpur / 2022-23 | Construction of office & Store (16'-0" x 64'-0") at Gadiya, Rajpur, Distt- Chatra | 27,30,458.00 | 55,000.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 18 | JIIDCO/17/Kitchen cum Dining/ Gadiya, Rajpur / 2022-23 | Construction of Kitchen cum Dining/ (16'-0" x 64'-0") at Gadiya, Rajpur, Distt- Chatra | 25,97,880.00 | 52,000.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 19 | JIIDCO/17/Officer Residence/ Gadiya, Rajpur /2022-23 | Construction of Officer Residence (20'-0" x 64'-0") at Gadiya, Rajpur, Distt- Chatra | 29,05,954.00 | 58,500.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 20 | JIIDCO/17/Kote/Magazine Building/ Gadiya, Rajpur / 2022-23 | Construction of Kote/Magazine Building (16'-0" x 32'-0") at Gadiya, Rajpur, Distt- Chatra | 14,45,549.00 | 29,000.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 21 | JIIDCO/17/ W.C. & Bathroom/ Gadiya, Rajpur /2022-23 | Construction of W.C. & Bathroom (10 unit each 4'-0"x5'0") at Gadiya, Rajpur, Distt- Chatra | 23,97,634.00 | 48,000.00 | 2,950.00 | 6 months |
| 22 | JIIDCO/17/ Morcha/ Gadiya, Rajpur / 2022-23 | Construction of Morcha (5'-0"x5'0") 5 nos. at Gadiya, Rajpur, Distt- Chatra | 6,00,348.00 | 12,500.00 | 1,475.00 | 6 months |
| 23 | JIIDCO/17/ Land Leveling/ Gadiya, Rajpur / 2022-23 | Construction of Land Leveling at Gadiya, Rajpur, Distt- Chatra | 4,73,648.00 | 10,000.00 | 1,475.00 | 6 months |
| 24 | JIIDCO/17/ Septic Tank/ Gadiya, Rajpur / 2022-23 | Construction of Septic Tank 3 nos. at Gadiya, Rajpur, Distt- Chatra | 4,03,832.00 | 8,500.00 | 1,475.00 | 6 months |
| 25 | JIIDCO/17/ Sanitary & Plumbing work / Gadiya, Rajpur / 2022-23 | Construction of Sanitary & Plumbing work. at Gadiya, Rajpur, Distt- Chatra | 4,84,971.00 | 10,000.00 | 1,475.00 | 6 months |
| 26 | JIIDCO/17/ Electrical work / Gadiya, Rajpur / 2022-23 | Construction of Electrical work at Gadiya, Rajpur, Distt- Chatra | 7,05,965.00 | 14,500.00 | 1,475.00 | 6 months |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 10.03.2023 To 20.03.2023
b. Tender will be received on 21.03.2023 up to 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 21.03.2023 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.

**Note: For any information/complaints the department helpline no/Mobile no. 8292234107 may be contacted.**

Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

स्पीड न्यूज

## बीमा कर्मचारी संघ ने डॉ निर्मल ड्रोलिया को किया सम्मानित

**धनबाद।** बीते 31 जनवरी को बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के जोडाफाटक रोड,स्थित आशीर्वाद टावर में हुए भीषण अग्निकांड में त्वरित राहत और बचाव कार्य में अपने दायित्वों का का निष्ठांपूर्वक एवं ईमानदारी से निर्वाह करने के लिए बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के धनबाद इकाई ने पाटलीपुत्र नर्सिंग होम के सीएमओ सह अध्यक्ष डा. निर्मल ड्रोलिया को मोमेन्टो, गुलदस्ता एवं शॉल देकर सम्मानित किया। सम्मान कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष हेमन्त मिश्रा,सचिव नीरज कुमार के अलावा शाखा से सुरेश कुमार, अमित कुमार, सुभम राज, देवाशिष चौधुरी, बीरेन्द्र बराट, कैलास दास, नीशेष कु. सिन्हा, प्रशान्त कु. सिन्हा,अलगू प्रसाद, रुमा मजूमदार एवं आभा सिन्हा उपस्थित थे ।वहीं पाटलीपुत्र नर्सिंग होम से डा. सतीश चंद्र, बिनोद गुप्ता, राजेश जगनानी, राम बाबू, रॉकी गुप्ता रवि चौरसिया व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## बीएसएल के जल प्रबंधन विभाग में कार्मिक कार्यक्रम

**बोकारो।** बीएसएल के जल प्रबंधन विभाग में कर्मियों को बीएसएल के नियमों तथा प्रावधानों से अवगत करने हेतु कार्यस्थल पर कार्मिक नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जीएम ;जल प्रबंधनद्ध एल उपाध्यायए जीएम ;कार्मिक बीके बढ़िया, वरीय प्रबंधक वीके गुप्ता सहित जल प्रबंधन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सहायक (कार्मिक) एआर शर्मा ने कर्मियों को अवकाश से सम्बंधित विभिन्न नियम, फाइनल सेटलमेंट, सेवानिवृति के दौरान मिलने वाली सुविधाएं, ईएफबीएसए ईपीएस-95 के बारे में विस्तार से बताया।

## बेरमोः झाड़ियों से एक क्विंटल स्क्रैप बरामद

**बेरमो/ कथारा।** बोकारो जिला में इनदिनों कोयलाए लोहा एवं बालू माफियाओं की बल्ले बल्ले है। यहां खासकर लोहा चोर इतने निडर हो गये हैं कि उन्हें सुरक्षा कर्मियों का कोई खौफ नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार बोकारो जिला स्थित सीसीएल कथारा क्षेत्र के असनापानी स्थित बंद कैप्टिव पॉवर प्लांट ;सीपीपीद्ध में आय दिन चोरों द्वारा लोहे की सामग्री की चोरी किए जाने की वारदात होती रहती है। जिसे रोकने के लिए सीसीएल सुरक्षा टीम लगातार दबिश देकर चोरों के मंसूबे पर पानी फेरने का काम करती रही है। बावजूद इसके चोर आदत से मजबूर हैं।

## केंद्र सरकार कर रही सांप्रदायिक ध्रुवीकरण

**बोकारो/कसमार।** माकपा कसमार अंचल लोकल कमेटी की ओर से अंबेडकर चौक में केंद्र सरकार के बजट के विरोध में नुक्कड़ सभा किया गया। सभा में माकपा लोकल कमेटी के सचिव सह जिला मंडल के सदस्य कामरेड शकूर अंसारी ने कहा कि बजट में खाद्य सुरक्षाए मनरेगाए स्वास्थ्य शिक्षा एवं कृषि में बड़े पैमाने पर कटौती किया गया है। प्रत्यक्ष कर में बढ़ोतरी किया गया है जिसके विरोध में हमारी पार्टी देशभर में विरोध सभा करने का आह्वान किया है। दूसरी ओर अडानी प्रकरण जो भारत के इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है। सभा में जटाधारी सिंह, उमा शंकर महाराज, इमाम हुसैन अंसारी, सलीम अंसारी, विनोद मुखर्जी, अरुण महतो, लालमोहन सिंह, इरफान अंसारी, जमाल खान मौजूद थे।

# उत्पाद विभाग का छापा : एक करोड़ की नकली विदेशी शराब किया जब्त

### होली के पूर्व मिली बड़ी सफलता

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बोकारो के उत्पाद विभाग की टीम ने होली के पहले बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग एक करोड़ की कीमत का नकली अवैध अंग्रेजी शराब और स्प्रिट बरामद करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसी के साथ लंबे समय से चल रही एक अवैध अंग्रेजी शराब की फैक्ट्री का उद्भेदन उत्पाद विभाग ने किया है।अंग्रेजी शराब बनाने की यह अवैध फैक्ट्री बोकारो जिले के जरिडीह थाना क्षेत्र के बलरामपुर के पास चलाई जा रही थीएजो पश्चिम बंगाल की सीमा से सटा हुआ है।यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यहां से तैयार अवैध विदेशी शराब बिहार के साथ.साथ झारखंड के कई जिलों में सप्लाई की जाती थी।यह फैक्ट्री शराब माफिया विनोद साहू की बताई जा रही है। बलरामपुर के पास चल रही इस अवैध फैक्ट्री की भनक लगने के बाद जब उत्पाद विभाग की टीम छापामारी करने पहुंची तो अवैध शराब की फैक्ट्री में तैयार लगभग साढे.तीन सौ पेटी विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी शराब ए2000 लीटर से ज्यादा स्प्रीटए बोतल ए ढक्कन एरैप्पर के अलावा नकली शराब बनानेवाली मशीनें बरामद हुई हैं। नकली शराब बनाने की यह फैक्ट्री जिस बडे. पैमाने पर संचालित हो रही थी। उत्पाद विभाग की टीम उसे देखकर सकते में पड़ गई।

### बंकर में चल रहा था अवैध शराब का निर्माण

जब फैक्ट्री को खंगालती हुई यह टीम अंदर गयी तो वहां मिले बंकर ने सबको चकरा दिया। यहां बडी.मात्रा में तैयार अवैध शराब और दो हजार लीटर से ज्यादा मात्रा में स्प्रीट भरी हुई थी। अंग्रेजी शराब की यह फैक्ट्री अवैध तरीके से एक बंकर के अंदर संचालित हो रही थी, जिसे देखकर उत्पाद विभाग की टीम का दिमाग ठनक गया। इस बंकर के अंदर पहुंचने पर वहां काम करते हुए तीन लोग पकडे.गए जबकि अन्य फरार हो जाने में कामयाब हो गए। होली के पहले इस सफलता ने विभाग को उत्साह से भर दिया है।

# सेल के रिटायर्ड कर्मियों का एमडी इंडिया कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

### कार्डधारकों के इलाज के खर्च का नहीं हो रहा है भुगतान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** आज हम सेवानिवृत्त सेल कर्मियों को भयानक साजिश का शिकार होना पड़ रहा है। उक्त उदगार व्यक्त किया है राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से संबद्ध राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री रणधीर सिंह ने। सेक्टर वन स्थित एमडी इंडिया टीपीए प्रा लि के कार्यालय के समक्ष संघ के महामंत्री रणधीर सिंह के नेतृत्व में सेल के रिटायर्ड कर्मियों ने प्रदर्शन करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। ज्ञातव्य है कि एम डी इंडिया ने बीमा धारकों को कैशलेस इलाज हेतु कार्ड जारी किया है कार्ड धारकों का इलाज कर रहे अस्पताल को इलाज का खर्च बिना किसी उचित कारण के रोक रखा है। इसी मुद्दे पर कार्ड धारक मरीज कारण जानने श्रमिक नेता रणधीर सिंह के नेतृत्व में टीपीए के कार्यालय जा पहुंचे। बुजुर्गों को आक्रोशित रूप में देखते ही एवं अपनी कंपनी का दोष समझते हुए कंपनी के स्थानीय पदाधिकारी भाग खड़े हुए। संघ के महामंत्री रणधीर सिंह ने कहा कि कंपनी के पुणे कार्यालय में सीईओ समीर भोंसले व पदाधिकारियों के साथ हुई वार्ता के दौरान वादों का भुगतान व भविष्य में शिकायत ना आने का आश्वासन दिया था, परंतु अस्पताल को सेलकर्मियों के इलाज का खर्च, भुगतान नहीं किए जाने से बेचारे बुजुर्ग एवं अन्य लाचार हो चुके है। कहा कि निश्चित तौर पर एमडी इंडिया के प्रधान कार्यालय एवं अन्य संबद्ध की साजिश के साथ ऐसा किए जाने की संभावना बलवती प्रतीत होती है।

## सिलेंडर पर मूल्य वृद्धि के खिलाफ महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

**बेरमो।** देश में बढ़ती महंगाई तथा एलपीजी सिलेंडर में 50 रूप मूल्य वृद्धि को लेकर बेरमो विधानसभा महिला कांग्रेस अध्यक्षा अजंता सामद के नेतृत्व में महिलाओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। यह कार्य फुसरो नगर परिषद के पुराना वीडियो ऑफिस में किया गया। इस दौरान महिलाओं ने मोदी सरकार के विरुद्ध नारे भी लगाए। अजंता सामद ने कहा कि मोदी सरकार महिलाओं सुविधाओं के विरुद्ध काम कर रही है। पहले से ही देश में महंगाई चरम पर है तथा सरकार ने अब एक ही बार में एलपीजी सिलेंडर में 50 रुपए मूल्य की वृद्धि की है। इससे आमजन पहले से ही महंगाई की डंस झेल रहे थे।

# जेएन टाटा के 184वें जन्मदिन पर माल्यार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** टाटा के झरिया डिवीजन के जामाडोबा महाप्रबंधक कार्यालय शुक्रवार को टाटा स्टील के संस्थापक जे एन टाटा का 184 वां जन्मदिन मनाया गया. मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार गुप्ता ( चीफ जामाडोबा ग्रुप, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील ) कर्नल भवानी सिंह निर्वाण, (हेड एडमिस्ट्रेशन,झरिया डिवीजन, टाटा स्टील, ) राजीव रंजन (हेड जामाडोबा वाशरी, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील ) बरुण बनर्जी ( हेड सेफ्टी झरिया डिवीजन, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील एवं यूनियन प्रतिनिधियों ने जे एन टाटा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस दौरान मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 3 मार्च को पूरे टाटा स्टील में टाटा स्टील के संस्थापक जे एन टाटा का जन्मदिन पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उन्हीं की बदौलत उद्योग जगत में टाटा स्टील का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि आज झरिया डिवीजन में शाम 6 बजे दोराबजी टाटा पार्क में विद्युत सज्जा का उद्घाटन किया जाएगा व पार्क 3 मार्च से 5 मार्च तक आम जनता के लिये खुला रहेगा।



### बच्चों के बीच अबीर-गुलाल का वितरण

**सिजुआ।** शुक्रवार को दीक्षा महिला मंडल के अंतर्गत संचालित प्रज्वला महिला समिति, सीजुआ क्षेत्र के सदस्यों ने गड़ेरिया शिव मंदिर के समीप रहने वाले महिलाओं, ग्रामीणों और बच्चों के बीच होली के शुभ अवसर पर साड़ियां, रंग, अबीर, पिचकारी, चिप्स, केक, बिस्कुट, टोपी इत्यादि का वितरण किया।

## पत्रकार हित में विधायक ने विस में उठाया आवाज

**कुमारधुबी।** निरसा जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष समामा औसाल ने कहा है कि आज विधानसभा सत्र के दौरान जगसलाई, जमशेदपुर के झारखंड मुक्ति मोर्चा, विधायक मंगल कालिंदी ने राज्य के पत्रकारों के लिए आवाज बुलंद करने का काम किया है इसके लिए तहे दिल से निरसा जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से हम उन्हें बधाई एवम शुभकामनाए देते हैं। महत्वपूर्ण मुद्दे को विधानसभा के पटल पर रखा जो बहुत जरूरी था। ज्ञात हो कि निरसा जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष समामा औसाल, उपाध्यक्ष उत्तम झा, सचिव धर्मेंद्र शर्मा, संरक्षक शेष नारायण सिंह,बी.के सिंह ने उपायुक्त को पत्र लिखा था।

# उपायुक्त ने सुनीं शिकायतें निदान के लिए दिये निर्देश

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया।जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, बकाए वेतन, जमीन बंदोबस्ती की मांग, राशन कार्ड, मुआवजा, अवैध खनन, जलापूर्ति, लोन माफी, पारिवारिक विवाद, सड़क निर्माण, साइबर क्राइम से संबंधित आवेदन आए। जनता दरबार में आए पूर्व जिला परिषद सदस्य अब्दुल मौरम ने गोविन्दपुर क्षेत्र के गैराबाद एवं वन भूमि को बचाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि 68 एकड़ भूमि पर लगे पेड़ विशेष रूप से पलाश के पेड़ जंगल की प्रकृति के अंतर्गत हैं। जहां भू-माफियाओं ने लगभग 1000 से अधिक पेड़ों को जेसीबी मशीन से काट कर आग लगा दी है। उन्होंने बताया कि वे इस मामले में डीएफओ धनबाद को आपत्ति दर्ज कराई, लेकिन किसी भी विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उपायुक्त ने इस मामले को डीएफओ और सीओ को निष्पादन के लिए अग्रसारित किया।

# बुराई पर अच्छाई का त्योहार है होली : रागिनी

### होली मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**अलकडीहा/झरिया।** जनता मजदूर संघ लोदना क्षेत्र की ओर से शुक्रवार को एमओ सीपी कम्युनिटी हॉल में होली मिलन सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया.मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह व महामंत्री सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह कार्यकर्ताओ का उत्साह बढ़ाने के लिये पहुँचे. कहा कि होली बुराई पर अच्छाई व भाईचारा का त्योहार है .कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूती देकर विस्तार करना है . सिंह मेंशन परिवार सदैव कोयलांचल के लोगो के सुख दुख के साथ खड़ा रहेगा.कोयला कर्मियों के समस्या के समाधान के लिये संघर्षरत रहेगा. जेबीसीसीआइ 11 कोलकर्मियो के हित मे होगा.समस्या का समाधान का पूरा प्रयास होगा.प्रबन्धन की मनमानी नही चलने दी जाएगी।



### होली की गीत पर झूमे लोग

इस दौरान मंटू व्यास ने अइले अइले परदेसिया खेलब होली हो खेलब होली तिलक होली.......फागुन महीना आइल हो .......खेलब पिया संग होली ...... आदि होली के गीत पर लोगो को खूब झुमाया .वही इससे पूर्व जमसं कार्यकर्ताओ ने रागिनी सिंह को 51 किलो का माला व सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह को शॉल व बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर लोदना जीएम बीके सिन्हा, पीओ कुजामा एके पांडेय, केके सिंह व रंजय सिंह, संजीत सिंह, प्रमोद सिंह आदि थे

# रोजगार मिलने के बाद ही हटेंगे बागडिगी के लोग : रागिनी सिंह

**अलकडीहा ।** शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह बागडिगी कोलियरी के हाडी पट्टी पहुंची। लोगों के समस्या को सुना। बबलू भगत ने कहा कि अगर हमलोगों को हटाना है तो सभी सुविधा व रोजगार के साथ एक ही जगह बसाया जाय। हमलोग झरिया विधानसभा में ही बसना चाहते है। लोगों की बाते सुनने के बाद रागिनी सिंह ने कहा कि प्रबंधन व आउटसोर्सिंग प्रबंधन लोगों को मनमाने तरीके के साथ हटाने नही देंगे। हम खुद वाहन के सामने खड़े हो जाएंगे। मेरे ऊपर चढ़ा कर ही बागडिगी पर परियोजना का वाहन चलेगा। जंहा मूलभूत सुविधा व रोजगार के साधन है वही पर लोगों को बसाया जाएगा। लोग झरिया विधानसभा में ही बसने की बात कर रहे है। इसका भी ख्याल रखा जाएगा। कहा कि प्रबंधन व निजी परियोजना के लोगों का मनमानी नही चलने देंगे। पूर्व में जब सुशी कंपनी का मनमानी नही चलने दिया तो ये पेटी कॉन्टेक्ट वाले का भी चलने नही देंगे। लोगों को हम पर भरोसा रखें व किसी दलाल के चक्कर में नही आये। क्षेत्र में कई दलाल भी सक्रिय है जो कई तरह का प्रलोभन देकर आपको हटने की बात करेंगे पर ऐसे लोगों के झांसे में नही आना है। मौके राजाराम पासवान, बबलू भगत, उमेश यादव, निर्मला देवी, शैलेंद्र सिंह, अनंत ओझा, अभिषेक पांडेय, रोहित बिंद मौजूद थे।

# डेको व हिलटॉप ऑउटसोर्सिंग कंपनी पर आयकर का छापा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के धनसार में गुरुवार को वित्त मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर इनकम टैक्स और सेंट्रल टैक्स डिपार्टमेंट के द्वारा धनसार स्थित डेको तथा हिलटॉप के कार्यालय में घंटो जांच की गई। टीम में पश्चिम बंगाल व झारखंड-बिहार के अधिकारी शामिल थे। डेको व हिलटॉप आउटसोर्सिंग बीसीसीएल के अधीन कोयला खनन का कार्य करती है। वित्त मंत्रालय के निर्देश पर छापेमारी टीम डेको व हिलटॉप के धनसार अशोक नगर स्थित आवास पर कागजातों को खंगालने में जुट गई।

### इनकम से जुड़ी फाइलों की हुई जांच

मालूम हो डेको ऑउटसोर्सिंग के डायरेक्टर तथा हिलटॉप ऑउटसोर्सिंग के डायरेक्टर सगे भाई है, दोनों भाइयों के कार्यालय एक है आवास अलग-अलग है ।जहां आईटी की टीम संयुक्त रूप से दोनों भाइयों के आवास व कार्यालय पर सर्व की। सूत्रो के अनुसार जीएसटी और इनकम से जुड़े कई महत्वपूर्ण फाइलों की जांच की गई। इस संबंध में अभी तक विभाग के वरीय अधिकारियों ने कुछ नहीं बताया। टीम मे 6 से 7 गाड़ियां शामिल थी।

# कतरी नदी अतिक्रमण : सीओ की जांच शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** फाटा महुल मुखिया प्रतिनिधि बीरबल मंडल के द्वारा बाघमारा अंचल अंतर्गत हल्का नंबर 5 मौजा नंबर 206 काको मौजा जमुआटांड पंचायत कतरी नदी में अतिक्रमण को लेकर जमुआटांड पंचायत के मुखिया निरंजन गोप के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में बाघमारा अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताते चलें कि भू माफियाओं द्वारा कतरी नदी को अतिक्रमण कर नदी में मिट्टी भरने का प्रयास किया गया इसके साथ ही झारखंड का राजकीय वृक्ष दर्जनों पलाश वृक्ष को काटकर नदी में डाल दिया गया। उपरोक्त मामले को लेकर कतरी नदी बचाओ संघर्ष समिति के लखन प्रसाद महतो के नेतृत्व में एक टीम टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह को भी लिखित आवेदन दिया था जिसको लेकर टुंडी विधायक ने सदन में मामला को उठाया भी जांच के बाद सीओ कमल किशोर सिंह ने कहा कि लोगों तथा टमाटर मुखिया से जानकारी मिली कि कतिपय लोगों के द्वारा नदी को अतिक्रमण किया जा रहा है प्रथम द्दष्टया पता चला कि नदी पर मिट्टी तथा पेड़ों की कटाई कर गिराया गया है उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में नदी में अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा।

कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com
आवश्यक सूचना
PR 291229 Urban Development (22-23)_D
के द्वारा प्रकाशित निविदा सं0 19/2022-23 में भाग लेने वाले सभी संवेदकों/कोटेशनदाताओं को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से निविदा सं0 19/2022-23 को रद्द किया जाता है।
PR 291754 Urban Development (22-23)_D
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत मझिऑव

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़
सूचना
इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 14 /2022-23 दिनांक 28.12.2022, जिसका PR No. 286261 Drinking Water and Sanitation (22-23)#D है जो Retrofitting of Tokisud RWSS & Mnua Bumri Rural Water Supply Scheme for the year 2022-23 एवं शुद्धि पत्र जिसका PR No. 289177 (Drinking Water and Sanitation) 22-23)*D है को अपरिहार्य कारणवश रद्ध किया जाता है।
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ
PR291792 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

कार्यालय, उप विकास आयुक्त, पलामू।
(विकास शाखा)
दर आमंत्रण सूचना
DMFT, पलामू अंतर्गत हो रहे आय/व्यय का अंकेक्षण प्रति वर्ष Chartered Accountant द्वारा कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु महालेखाकर (लेखा परीक्षा) के द्वारा अंकेक्षको को सूचीबद्ध किया गया है, किन्तु विभिन्न कारणों से अंकेक्षण कार्य में असमर्थता व्यक्त की गयी है।
उक्त के आलोक में इच्छुक/निबंधित अंकेक्षणकर्ता फर्म (Chartered Accountant firm) से संबंधित कागजातों के साथ दिनांक-14.03.2023 तक दर प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।
इच्छुक/निबंधित अंकेक्षणकर्ता फर्म (Chartered Accountant firm) संबंधित कागजातों के साथ दिनांक-14.03.2023 तक प्रस्ताव जिला विकास शाखा, ब्लॉक-सी0, प्रथम तल, समाहरणालय परिसर, पलामू को उपलब्ध करा सकते है।
उप विकास आयुक्त,
पलामू।
PR 291773 District(22-23)D

# श्याम फागुन महोत्सव : फुसरो में निकली निशान यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो बाजार स्थित द्वारका प्रसाद बंसल के आवास से श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के 15 वे वार्षिक अवसर पर भव्य निशान निकाली गई। जिसमे सैकड़ों श्रद्धालु भक्त जय श्री श्याम के जयघोष के साथ हाथो में रंग बिरंगा निशान लेकर झूमते गाते पैदल चल कर करगली बाजार शिवनारायण मंदिर पहुंच कर श्याम बाबा को निशान अर्पित किया। यात्रा में राधाकृष्णए राम लखन जानकीए भगवान शंकरए मोर की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।निशान यात्रा में गायक रोमित बंशल के द्वारा सुरीले भजनों की प्रस्तुति पर भक्त जन झूमने लगे पुजारी संतोष दीक्षित ने पूजन कार्य संपन्न कराया। मुख्य रूप से उपस्थित मातादीन अग्रवाल बल्लभ दास राठी, जुगल किशोर अग्रवाल, प्रेमराज गोयल, आनद गोयल, अनिल अग्रवाल, उत्तम सिंह, रघुवीर प्रसाद, कृष्ण कुमार राईका, राजेश राठी, अमर चांडक, हरिकिशन अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, छितरमल बंसल, राजकुमार बंसल, रवि बंसल, ऋतिक बंसल, चंदन अग्रवाल, शंभू यादव, राजेंद्र अग्रवाल, प्रकाश भवानी अग्रवाल, राईका, विजय अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सुशांत राईका, विकाश अग्रवाल, किशन मोदी, मनोज अग्रवाल आदि उपस्थित हुए।



### मां वैष्णो दरबार में फाल्गुन महोत्सव

**झरिया।** झरिया बाटा मोड़ स्थित श्री मां वैष्णो दरबार में 15 वां वार्षिकोत्सव पर फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ शुक्रर को दैविक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना कर किया गया। महोत्सव में भक्त निशान के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए। मां वैष्णो मंदिर में पूजा अर्चना कार्यक्रम में माथा टेक मांगा कुश्लता। महोत्सव में भक्तों के साथ मंदिर प्रांगण से निकलने वाली झांकी व भव्य निशान शोभा यात्रा में शामिल हुई। इस दौरान निशान शोभा यात्रा में शामिल महिला, पुरुष भक्तों ने जय माता दी, जय श्री राम की जय कारा लगाते लक्ष्मीनिया मोड़, सब्जी पट्टी, बाटा मोड़, मेन रोड, 4 नंबर, धर्मशाला रोड होते हुए वापस लौटी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़।
रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला-रामगढ़, झारखण्ड- 829122
अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 04 वर्ष 2022-23 दिनांक 03.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 2. | परिमाण विपत्र विक्री की तिथि | दिनांक11.03.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.03.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.03.2023 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5. | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ अंचल, हजारीबाग। 2. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |

7. कार्य की विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र० सं० | अंचल कानाम | प्रमण्डल कानाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | रामगढ़ | Purchase of Furniture for Divisional Office andNaisarai Inspection Bunglow for the year 2022-23 | 10.00 | 20,000/- | 1,250/- | 25.03.2023 तक |

➢ निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण-पत्र,GSTiN से संबंधित प्रमाण-पत्र की सुस्पष्ट छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
3- PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल रामगढ़।
PR 291839 (Road) 22-23 (D)

# विदेशी मेहमानों से गुलजार हुआ पतरातू लेक

## जी-20 डेलीगेट्सों का ढोल-नगाड़ों से हुआ स्वागत

### मेहमानों को भाया पतरातू और झारखंड की सभ्यता व संस्कृति

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू लेक रिजोर्ट शुक्रवार को विदेशी मेहमानों के मौजदूगी से गुलजार रहा। यहां दुनिया भर से करीब 35 डेलीगेट्स पतरातू पहुंचे।

जी-20 शिखर सम्मेलन में आये डेलीगेट्स के स्वागत में शुक्रवार को पतरातू लेक रिसर्ट पूरी तरह हाई सिक्योरिटी में तब्दील रहा। विदेशी मेहमानों को झारखंडी परंपरा और संस्कृति रीति-रिवाज के तहत लोटा-पानी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। विदेशी मेहमानों ने झारखंड की छऊ और पाइका नृत्य का खूब आनंद लिया। झारखंड संस्कृति के अनुरूप पतरातू रिजोर्ट को सजाया गया था। जी-20 समिट के डेलीगेट्स के स्वागत में पतरातू लेक रिसर्ट विशेष प्रकार के दूधिया लाइट से सजाया गया था। रिजर्ट परिसर में झारखंड संसति के अनुरूप शिल्पग्राम बनाया गया था। जहां कई स्टल लगाए गए थे। जेएसएलपीएस के उत्पादों ने मेहमानों को विशेष रूप से आकर्षित किया। खादी और खाद्य सामग्री को भी मेहमानों ने खरीदा। डैम के आइलैंड पहुचकर लेक रिजोर्ट का भी आनंद लेते हुए विदेशी मेहमानों की इसकी जमकर सराहना की। साथ ही विदेशी मेहमानों ने डैम में बोटिंग के लिये 65 सीटर क्रूज, स्कूटी वोट और सोफा बोट का खूब लुफ्त उठाया। साथ डैम के आइलैंड पहुचकर पूरे लेक रिसोट का भी आनंद उठाया।



पतरामू रिजोर्ट का भ्रमण करते जी-20 के डेलीगेट्स।



वोट का आनंद लेते विदेशी मेहमान।

जी-20 समिट में आये देश-विदेश के डेलीगेट्स को यहां की वादियों के साथ-साथ झारखंड की सभ्यता व संसति ने खूब आकर्षित किया। सभी को यहां की पारंपरिक स्वागत के साथ वातावरण भी खूब भाया। मेहमानों ने झारखंड के विकास होने की अपार संभावनाएं बताई। मेहमानों ने कहा कि खनिज संपदा के साथ यहां की जलवायु भी अद्भुत है।

**जी-20 के मेहमानों से मिले कृषि मंत्री :** झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख भी जी-20 समिट में पतरातू लेक रिसोर्ट आये विदेशी मेहमानों से मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने मेहमानों के साथ पतरातू रिसोर्ट का भ्रमण किया। श्री पत्रलेख ने बताया कि जी-20 समिट पतरातू में होना यहां के विकास की अपार संभावनाएं को बताती हैं। यहां की व्यवस्था और नेचर से विदेशी मेहमान पूरी तरह संतुष्ट हैं। पतरातू की राष्ट्रीय ही नही अब अंतरराष्ट्रीय पहचान बन गई है।



स्टॉलों से चुड़ियां खरीदतीं महिला डेलीगेट्स।

**रिजोर्ट में छावनी में तब्दील:** जी-20 समिट को लेकर पूरा पतरातू क्षेत्र सहित लेक रिजोर्ट हाई सिक्योरिटी में तब्दील रहा। जिसमे आईबी, एटीएस, स्पेशल सिक्युरिटी, विजिलेंस सहित जिला पुलिस मुस्तैदी से तैनात थी। सुरक्षा के मद्देनजर आमलोगों के लिये सड़क की अवजाही बंद की गई थी। सुरक्षा की ऐसी व्यवस्था की परिंदा भी पर नही मार सकता था।

**इन देशों से पहुंचे डेलीगेट्स :** जी-20 सम्मेलन में भारत सहित स्पेन, यूनाइटेड किंगडम, साउथ अफ्रीका, फ्रांस, इंडोनेशिया, तुर्किये, सिंगापुर, सउदी अरब, नीदरलैंड, यूएई, इटली, सिंगापुर, ब्राजील, जर्मनी, रिपब्लिक अफ कोरिया, आइएसए अन्य देशों के डेलीगेट्स पहुंचे थें। आईईएसए प्रसिडेंट एमडी राहुल वालावाकर, महेश मोदी, भरत भूषण, शिवम कुशवाहा, गिरीश चंद जोशी, शैलेश शाह, विनोद कुमार, झारखंड सरकार के सचिव, रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय, रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा, एसडीएम जावेद हसन, एसडीपीओ डॉ.बिरेन्द्र कुमार चौधरी, इंस्पेक्टर रोहित कुमार, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, एसआई सुमित कुमार, प्रभात कुमार, शशि कुमार, नोडल पदाधिकारी ऋतु राज सहित दर्जनों पुलिस-पदाधिकारी व सशस्त्र बल मौजूद थे। जी-20 समिट के डेलीगेट्स को ले प्रसाशन कोई भी चूक नही करना चाहती थी। विधि-व्यवस्था बनाए रखने को ले रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय, डीसी माधवी मिश्रा मोर्चा संभाले हुए थे।

## एक नजर में

### भाजपा पूर्वी उरीमारी मंडल का होली मिलन



बड़कागांव ।भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल की बैठक सह होली मिलन समारोह मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता एवं महामंत्री दिनेश करमाली के संचालन में कोयलंग परेवातरी सामुदायिक भवन में हुई। बैठक में सर्वप्रथम मेघालय, नागालैंड एवं त्रिपुरा में भाजपा एवं भाजपा गठबंधन की प्रचंड जीत एवं भारी बहुमत से सरकार बनाने पर खुशी जाहिर की गई एवं रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत दर्ज करने पर कार्यकताओं ने एक-दूसरे को रंग गुलाल एवं मिठाई बांट कर बधाई दी साथ ही साथ होली पर्व की सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी गई। आज के बैठक में उपस्थित कार्यकताओं द्वारा संगठनात्मक स्तर पर पार्टी की मजबूती पर बल दिया गया। मंडल अध्यक्ष ने कार्यकताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से लग जाएं। मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, बेचन साव,उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष जागेश्वर तुरी उर्फ बढन, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मिडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर, विष्णु देव राणा,रामेश्वर यादव, जागेश्वर राणा, सुरेश महतो,अमन गंझू,विजय कुमार,भगीरथ ठाकुर समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रशिक्षण के बाद 100 % प्लेसमेंट : तैयब



**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा खनन परियोजना से प्रभावित युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बड़कागांव में स्थित एनटीपीसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में तीन माह का रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जा रहा था। एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना द्वारा शुरू की गई माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट द्वारा परियोजना प्रभावित युवाओं को रोजगार के नए-नए अवसर सुचारू रूप से प्रदान कर रहा है। केरेडारी परियोजना के महाप्रबंधक फैज तैय्यब नें कौशल विकास कार्यक्रम का उन्मुखीकरण सत्र का आरंभ किया और कहा था कि परियोजना स्वावलंबन व स्व रोजगार को हमेशा से ही बढ़ावा देती है। इस कौशल विकास ट्रेनिंग से लोगों को एमएनसी एवं राष्ट्रीय कंपनीज में काम करने को मिलेगा। इस प्रशिक्षण में सभी विद्यार्थियों को इसमें वेल्डर, इलेक्ट्रिशन, कम्प्यूटर का ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिकल ज्ञान दिया गया है। इस अवसर पर केरेडारी परियोजना से अपर-महाप्रबंधक एस.पी. गुप्ता, मानव संसाधन विभाग से सुब्रत मुखर्जी एव पकरी बरवाडीह परियोजना से उप-महाप्रबंधक श्री अजित कुमार उपस्थित थे।

### होली व शबे बरात को ले शांति समिति की बैठक

**दारु।** थाना परिसर में शुक्रवार को होली एवं शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक बीडीओ सुशील कुमार राय की अध्यक्षता में हुई। बीडीओ ने कहा कि त्योहार को अपने परिवार के साथ अच्छे से मनाएं, अधिकतर लोग होली में शराब पीकर रोड पर बैठ जाते है जिसके कारण कोई बडी दुर्घटना घट सकती है। सीओ नीतू कुमारी ने कहा कि डीजे बजाना सख्त मना है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि होली के त्यौहार में बच्चों को मोटरसाइकिल ना दें। शराब पीकर वाहन चलाने से कोई भी बड़ी घटना घट सकता है इसे ध्यान रखें। न्होंने कहा कि डीजे बजाना सख्त मना है। पकड़े जाने पर डीजे वाले पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, अभिषेक कुमार, कैलाश प्रसाद, दिलीप कुमार, राजेंद्र राम, जगदीश महतो, मोहम्मद फारूकउद्दीन , योगेंद्र प्रसाद, रामाशीष प्रशाद, भोला , जगदीश महतो ,सुलेमान मियां, विक्की कुमार, जाकिर मिया, प्रेम कुमार, राजेश प्रसाद, महावीर यादव, किशुन प्रसाद, एमडी आफताब आलम,एवम अन्य कई लोग शामिल थे।

### जेएसएलपीएस ने मनाया महिला दिवस



बरही। जेएसएलपीएस की महिला समूहों ने करियातपुर में हर्षोउल्लास के साथ अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। मुख्य अतिथि बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, जेएसएलपीएस प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने कहा कि पहले की तुलना में आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी कार्य कुशलता की वजह से आगे है। जेएसएलपीएस भी महिलाओं को सशक्त बनाने व स्वरोजगार से जोड़ने के कार्य में लगी है। सरकार व समाज भी अब महिलाओं को उचित सम्मान दे रहा है, यह सब महिलाओं ने स्वंय की बदौलत हासिल की है। बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं की है। बगैर महिला के प्रयास से परिवार, समाज, राज्य तथा देश का कल्याण नहीं हो सकता है। वर्तमान समय में किसी भी क्षेत्र में पुरुषों की तुलना में महिलाएं कम प्रतिभावान नहीं हैं। मौके पर करियातपुर उप मुखिया संतोष प्रजापति, करियातपुर पंचायत समिति सदस्य अंजली देवी, बरसोत संकुल संगठन की अध्यक्ष रंजना देवी, सचिव बबीता देवी, कोषाध्यक्ष गीता देवी सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

### शांति पूर्वक मनाएं होली व शबे बारात : थाना प्रभारी

बड़कागांव। बड़कागांव थाना परिसर में होली एवं शबेबरात को लेकर शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी अमित कुमार किस्कू की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि समाज के नेतृत्वकर्ता एवं जनप्रतिनिधि ही यदि शराब पिएंगे तो उस समाज का कल्याण होने वाला नहीं है। इसलिए सबसे पहले वैसे लोगों को शराब नहीं पीना चाहिए जो समाज का नेतृत्व करते हैं। किसी भी घटना पर तुरंत संज्ञान लेकर प्रशासन से मदद लेने का काम करें ना कि कानून अपने हाथ में लेने का। दोनों समुदाय का पर्व एक ही दिन है इसलिए आपसी भाईचारगी के साथ शांति सौहार्द वातावरण में पर्व मनाएं। इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कहा कि कानून- व्यवस्था, नियम- संगत में भावनाओं से काम नहीं चलती है। कानून नियम की जानकारी नहीं रहने के कारण लोग भावना में बहकर बह जाते हैं। होली के बाद विधि व्यवस्था, यातायात, अतिक्रमण पर विशेष अभियान चलाया जाएगा और सभी नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि सरकार द्वारा पूर्ण रूप से डीजे उपयोग में प्रतिबंध लगाया गया है। यदि डीजे का उपयोग होगी तो जप्त करते हुए कानूनी कार्रवाई होगी। भड़काऊ गीत, सोशल मीडिया पर अफवाह,असामाजिक तत्व पर पुलिस प्रशासन 24 घंटा पैनी नजर रख रही है। उन्होंने लोगों से शांति सौहार्द वातावरण में पर्व मनाने एवं प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, उपप्रमुख वचनदेव कुमार, मुखिया रंजीत कुमार, विमला देवी, तकरीमुला खान, पारस नाथ महतो, पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम, उपेंद्र प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, प्रखंड एवं अंचल विधायक प्रभारी जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, जिला परिषद प्रतिनिधि पंचम कुमार, मोहम्मद इब्राहिम, पूर्व मुखिया मुरलीधर दांगी, दीपक दास, भीखन महतो, मुरलीधर दांगी, महेंद्र महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, रामसेवक सोनी, बसंत सिंह, सोहन लाल मेहता, चंदन पुरी, राजकुमार साव, अशोक साव, सनीता कुमार, कृष्णा सिंह, भागीरथ ठाकुर, हीरालाल साव, किशोर राणा, दामोदर मेहता सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग एवं थाना के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### फ्लोरोसिस के खिलाफ जागरूकता अभियान



रामगढ़ । स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम के तहत लगातार रामगढ़ जिले में अभियान चलाया जा रहा है। फ्लोरोसिस बीमारी से ससमय बचाव एवं नियंत्रण हेतु जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से बीमारी का रोकथाम किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि फ्लोरोसिस एक लाइलाज बीमारी है। शरीर में फ्लोराइड अथवा हाइड्रोफ्लोरिक अम्ल के अधिक प्रवेश होने से फ्लोरोसिस रोग होता है। फ्लोराइड मिट्टी अथवा पानी में पाया जाने वाला तत्व है जो आमतौर पर पीने के पानी अथवा भोजन के जरिए शरीर में प्रवेश करता है जिसके कारण दांत, हड्डी और अन्य शारीरिक अंग प्रभावित हो सकते हैं। बीमारी के बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पूरे रामगढ़ जिले में फ्लोरोसिस जांच की जा रही है जिसमें लगभग 19950 स्कूलों के बच्चों, लगभग 11,000 आम जनों, 5095 गर्भवती महिलाओं की एनएसी चेकअप के दौरान एवं डेंटल के ओपीडी में 5500 व्यक्तियों की जांच की गई है जांच के उपरांत लगभग 10,000 व्यक्तियों को संदिग्ध पाया गया है।

### शांतिपूर्वक मनायें पर्व : ओपी प्रभारी



कुजू। होली व शब ए बारात को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक कुजू ओपी परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ओपी प्रभारी बलवंत दुबे ने मौजूद लोगों को दोनों पर्व शांति पूर्ण तरीके व आपसी भाईचारगी के साथ मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी तरह के हुड़दंग किया गया तो कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। बाद में सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया। बैठक में अमर सिंह, शिव कुमार प्रसाद, धर्मराज राम, रतन प्रसाद, प्रेम प्रसाद, इंदर प्रसाद गुप्ता, मुखिया जय कुमार ओझा, राकेश मेहता रॉक, अशोक कुमार, संतोष मेहता, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, जितेंद्र गुप्ता, मुबारक हुसैन, नरेश पटेल, प्रभुदयाल महतो, दिवाकरचन्द्र पटेल, निर्मल करमाली, द्वारिका प्रसाद महतो, कुलदीप कुमार, कुलदीप कुशवाहा, पवन कुमार, अजमल हुसैन, शाहिद रजा, महेश ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### हार्ड कोक फैक्ट्री में छापेमारी



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के बोंगाबार स्थित ओला हार्डकोक फैक्ट्री में कोल लिंकेज को लेकर इडी की टीम शुक्रवार को छापामारी की। इस दौरान अधिकारियों की टीम ने सुबह 7 बजे से लेकर करीब 1 बजे तक फैक्ट्री में मौजूद मैनेजर से पूछताछ करते हुए घंटो दस्तावेजों को खंगाला। तत्पश्चात जांच पूरी होने के साथ इडी की टीम वापस लौट गई। बताया जा रहा है कि इडी की टीम ने हजारीबाग व रांची के कई स्थानों में अशोक कुमार व मो इजहार नामक व्यक्ति के फैक्ट्री में एक साथ छापामारी की है। छापामारी को लेकर करीब आधा दर्जन की संख्या में अधिकारी सीआरपीएफ बलों के साथ पहुंचे थे।

# चौपारण में भारी मात्रा में देसी शराब जब्त

### उत्पाद विभाग ने चौपारण में ड्रोन कैमरे का प्रयोग कर 150 ड्रम जावा महुआ , 9 हजार अवैधलीटर शराब और दर्जनों भट्टियों को किया ध्वस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** भगहर पंचायत के ग्राम परसातरी में जिला उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर राजीव नयन सिंह, जितेंद्र सिंह तथा बिहार के जनार्दन कुमार ने ड्रोन कैमरा की मदद से शराब उत्पादन केंद्र का लोकेशन निकाल कर करीब 150 ड्राम जावा महुआ, अवैध 9 हजार लीटर महुआ शराब को नष्ट कर दर्जनों शराब भट्टियों को ध्वस्त किया। शराब माफियाओं ने उत्पाद विभाग के पदाधिकारियो और कर्मियों को नुकसान पहुंचने की नीयत से रास्ते में कई जगहो पर नुकीला कील ठोक दिया था जिसे पदाधिकारियों ने चिन्हित कर शराब माफियाओं के मंसूबे पर पानी फेर दिया। पदाधिकारियों ने खुद को सुरक्षित रखते हुए उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया। इस कार्रवाई से शराब माफियाओं की कमर टूट गई। पदाधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगा। जानकारी हो कि भगहर पंचायत महुआ शराब के उत्पादन में बहुत बड़ा केंद्र बन गया है। भगहर पंचायत बिहार सीमा से सटे होने के कारण माफिया शराब आसानी से मोटरसाइकिल व दो पहिया वाहनों से शराब को बिहार में खपाने में वर्षो से सफल होते रहे हैं।



## सुनीता चौधरी की जीत पर निकला विजय जुलूस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा-आजसू के संयुक्त उम्मीदवार सुनीता चौधरी की जीत पर शुक्रवार को विजय जुलूस निकाला गया। आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चैधरी के नेतृत्व में निकले जुलूस में दर्जनों आजसू व भाजपा के लोग शामिल हुए। जुलूस मतकमा चैक से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए थाना पहुंचा। यहां जमकर आतिश बाजी की गई। साथ लोगों के बीच मिठाई का वितरण कर रंग-गुलाल उड़ाया गया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिलकर जीत की बधाई दी गई। मौके पर रोशन लाल चैधरी ने कहा गया कि यह जीम क्षेत्र के जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि सुनीता चैधरी की जीत का श्रेय पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश, सुदेश महतो, चंद्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ के जनता को जाता है। श्री चौधरी ने कहा कि उपचुनाव में एनडीए की जीत से 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव का परिणाम का संकेत मिला है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार के जनता विरोधी नीति और भ्रष्टाचारियों से जनता तंग आ गई है। अब बस जनता को आम चुनाव का इंतजार है। राज्य के सीएम हेमंत सोरेन झारखंड में तुष्टिकरण की नीति पर कार्य किए हैं। उपचुनाव में हेमंत सोरेन खुद तीन से चार चुनावी सभा किए थें, लेकिन क्षेत्र की जनता ने राज्य सरकार के नीतियों को पुरी तरह नकार दिया है। विजय जुलूस में आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चैधरी, योगेश दांगी, सुमन सिंह, दिलीप दांगी, राजेश मंडल, विश्वरंजन सिन्हा, सतीश मोहन मिश्रा, संजय मिश्रा, व्यास पांडेय, रोहित सोनी, मुन्ना श्रीवास्तव, राजेश सोनी, देवेंद्र सिंह, सागर दांगी, राजेश महतो, जगतार सिंह, अखिलेश टोप्पो, किशोर महतो सहित आजसू व भाजपा के दर्जनों लोग शामिल थे।

## सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने चोरी की ली जानकारी

**गोला ।** गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी ने शुक्रवार को दिवाकर पैलेस में चोरी की घटना का जायजा लिया। इस दौरान मकान मालिक राजीव रंजन ने सांसद सीपी चौधरी को बताया कि 25 फरवरी को मैं सपरिवार शादी समारोह में शामिल होने रांची गये हुए थे। घर आये तो देखा कि बंद मकान का ताला टूटा हुआ है। अंदर घुसा तो देखा कि आलमीरा तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा 20 लाख का सोने चांदी का जेवर व एक लाख पचास हजार रुपये रखे नकदी सहित अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली गई थी। लगभग एक सप्ताह बीत गए लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सांसद श्री चौधरी ने परिजनों से मिल ढ़ाढस बंधाया। कहा एसपी रामगढ़ से बात कर घटना का उद्भेदन जल्द से जल्द करने को कहेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस निष्क्रिय हो गई है। फिर भी मैं अपने स्तर से प्रयास करुंगा। जल्द घटना को अंजाम देने वाले चोर पुलिस गिरफ्त में होंगे। चौधरी के साथ पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रम्हदेव महतो, जिप सदस्य जलेश्वर महतो, समाजसेवी चंदर महतो, आजसू केंद्रीय सदस्य अशोक महतो, राजेश उर्फ फंटूश महतो, मनोरंजन महतो आदि लोग मौजूद थे।

# मिलेट की खेती की दी गयी जानकारी

### मडुवा, बाजरा, ज्वार की खेती के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकरमा के वैज्ञानिकों ने किसानों को सिखाया तकनीक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने जी टी भारत के सहयोग से सोनपुरा ग्राम पदमा में मिलेट की खेती को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को कृषक जागरुकता कर्यक्रम का आयोजन किया। संस्थान के वैज्ञानिकों ने मिलेट के उत्तम तकनीक के बारे में जानकारी दी। खास करके मडुवा, बाजरा, ज्वार की खेती के उतम तकनीक के बारे में। इस कार्यक्रम के दौरान संस्थान के विशेष कार्य अधिकारी डा. विशाल नाथ ने किसानों को बताया कि पुराने खान पान में मडुवा एक अहम भाग हुआ करता था। परंतु धीरे-धीरे हाइब्रिड धान के आ जाने के कारण किसान मडुवा का उपज करना छोड़ दिया। मिलेट मे पोषक तत्व एवं उच्च गुणवता वाले प्रोटीन प्रचुर मात्रा मे पाए जाते है। आज हमारे भोजन से मिलेट दूर हो जाने के कारण हमारे शरीर में पोषक तत्व की कमी आ रही है तरह तरह की बीमारी फैल रही है। इसलिये हमें मिलेट की खेती खासकर मडुवा पर फिर से ध्यान देना चाहिए और संस्थान से जुड़कर सभी कृषि कार्यों को वैज्ञानिक विधि से करने की सलाह दी। वैज्ञानिक डा दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि मडुवा, बाजरा, ज्वार, साठी के खेती के लिए झारखंड की जलवायु एवं मिट्टी बहुत ही अनुकूल है और बहुत आसानी से पहले भी खेती होती थी और आज भी खेती हो सकती है। नए तकनीक और नए वेरायटी के उपयोग से ज्यादा उपज होगा तो ज्यादा मुनाफा भी होगा। दीपक कुमार गुप्ता ने उन्नत किस्मों और उसके उत्पादन की आधुनिक तकनीकों एवं बारीकियों की जानकारी दी। मडुवा बाजरा, ज्वार की खेती में समय पर सिंचाई, खाद एवं उर्वरकों की उचित उपयोग की सलाह दी गई। संस्थान के डा पंकज कुमार सिन्हा ने बताया की भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान कृषि सोध, सिक्षा प्रसार का कार्य करती है। किसानो को संस्था से जुड़कर आधुनिक तकनीक के बारे मे जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी। इन्होंने ने कृषि से कैसे ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाया जा सकता है, इसकी जानकारी उन्होंने दी।

स्पीड न्यूज

## ज्ञानदीप स्कूल में बच्चों ने मनायी होली



लोहरदगा। ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटमू में बच्चों के बीच होली खेलो कार्यक्रम किया गया। मौके पर बच्चों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर विद्यालय की उप प्रधानाध्यापक सुमन गुप्ता ने बच्चों को इस त्योहार के बारे में बतलाया कि होली को हर साल बसंत ऋतु में मार्च (फागुन) महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस साल होली 8 मार्च को मनेगी। होली के दिन सभी लोग अपनी हीन भावनाओं को भुला कर एक दूसरे से मिलते है। होली का त्यौहार भारत के कई राज्यों में अलग अलग नाम से जैसे पश्चिम बंगाल और उड़ीसा में डोल पूर्णिमा और कर्नाटक में कामना हब्बा के नाम से इसके अलावा कई देशों जैसे कनाडा, अमेरिका, बांग्लादेश आदि देशों में भी मनाया जाता है। मौके पर सभी शिक्षक थे।

झामुमो जिला समिति की बैठक संगठन को लेकर हुई चर्चा

## बूथ कमेटी जल्द गठित करें : जिलाध्यक्ष



लोहरदगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में हुई। जिसमें झामुमो के जिलाध्यक्ष ने सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष को दिशा निर्देश दिया कि आने वाले 15 दिनों के अंदर बूथ कमेटी का लिस्ट जिला कार्यालय में जमा करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आने वाले चुनाव के लिए झामुमो पूरी तरह तैयार है। कार्यकर्ता अपने बूथ में काम करें। सरकार की योजनाओं के बारे में सभी को बताये और कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव के समय वादा किये थे। उसे निभाने का कार्य कर रहे है। जिलाध्यक्ष ने कहा, जब से झामुमो की सरकार बनी है झारखंड का विकास हो रहा है नहीं तो भाजपा झारखंड को विनाश की ओर पहुंचायी थी। बैठक में जिला सचिव अनिल उरांव, केंद्रीय समिति सदस्य उदय भगत, केंद्रीय समिति सदस्य विनोद यादव, जिला उपाध्यक्ष मुकेश साहू, जिला उपाध्यक्ष तिवारी उराव, कैरो प्रखंड अध्यक्ष सज्जाद अंसारी, कुडू प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव, प्रखंड अध्यक्ष जय तिर्की समेत सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड सचिव व पदाधिकारी भी थे।

## सूड़ी समाज का होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम पांच मार्च को

गुमला। सूड़ी समाज गुमला का होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रविवार को होना सुनिश्चित हुआ है। इस आशय की जानकारी देते हुए समाज के जिला सचिव संदीप प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूड़ी समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम गुमला स्थित सूड़ी धर्मशाला में रविवार की दोपहर 1 बजे से होना है। इसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन करने का जिला कमिटी के द्वारा निर्णय लिया गया है। साथ ही सचिव ने समाज के प्रखंड कमिटी व प्रत्येक गांव से अपने समाज के लोगों को इसमें शामिल होने का आग्रह किया है। जिससे कार्यक्रम सफल हो सके।

## आरक्षी से सहायक अवर निरीक्षक में पद पर 17 पुलिस कर्मियों को प्रोन्नति



गुमला। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऐहतेशाम वकारिव ने शुक्रवार को पुलिस केन्द्र गुमला में आरक्षी से सहायक अवर निरीक्षक में नव प्रोन्नत कुल 17 पदाधिकारियों को उनके कंधे पर पदाधिकारी का एक स्टार बैच लगाकर उनको निष्ठा पूर्ण तरीके से काम करने हेतु निर्देश दिया। जिन 17 पदाधिकारियों का आरक्षी से सहायक अवर निरीक्षक में प्रोन्नति हुई है। उनमें धनंजय कुमार सिंह, किस्टो राम, उदल महतो, कुलदीप राय, नवल राम, संजय रजक, सत्येंद्र राम, अनुजकुमार पासवान, जितेंद्र कुमार दास, अभय कुमार, राजेश कुमार, सुनील बाउरी, वासुदेव सवैया, श्यामलाल सुरीन, राम कुमार राम आदि के नाम शामिल है।

## गुमला : 24 मार्च को सरहुल संचालन समिति निकालेगी सरहुल शोभायात्रा




गुमला। केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की बैठक सचिव दीपनारायण उरांव की अध्यक्षता में उनके आवास पर संपन्न हुई। बैठक में सरहुल महोत्सव व सांस्कृतिक जुलूस को लेकर चर्चा की गई। जिसमें 24 मार्च को सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सरहुल पर्व को लेकर सभी सरना स्थलों पर एक साथ 24 म ार्च को 11 बजे पूजा का समय निर्धारित किया गया। वहीं दो बजे से उरांव क्लब दुन्दुरिया से सांस्कृतिक जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। जुलूस थाना चौक, पटेल चौक, मेन रोड, टावर चौक, पालकोट रोड से झंडा पूजा स्थल से घाटो बगीचा होते हुए सिसई रोड, थाना चौक से होते हुए उरांव क्लब दुन्दुरिया में जाकर समाप्त होगी। जुलूस में चलने वाले नृत्य मंडल को झंडा पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। वहीं 4 मार्च को समिति की बैठक उरांव क्लब दुन्दुरिया में रखी गई है। जिसमें पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। बैठक में कमलेश उरांव, गरमू उरांव, देवराम भगत, मंगलाचरण उरांव, सागर उरांव, प्रदुमन भगत, गोविंदा टोप्पो, संत कुमार उरांव, सुनिल उरांव, आलोक भगत, बलकू उरांव, जय प्रकाश उरांव, कमल उरांव, आनंद भगत आदि उपस्थित थे।

# झारखंड को मिनरल्स स्टेट से मिलेट स्टेट बनाना है : नरेंद्र सिंह तोमर

गुमला : कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर ने लगाया जिला स्तरीय **किसान मेला**

- मछली पालक, मुर्गी पालक और पशु पालकों को अब सरकार देगी केसीसी का लाभ : केंद्रीय कृषि मंत्री
- मिलेट्स को जिले में बढ़ावा देने का कार्यक्रम में लिया गया संकल्प









1. कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, 2. कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद सुदर्शन भगत, 3. कार्यक्रम में छः पुस्तक का विमोचन करते अतिथि और 4. किसान को सम्मानित करते कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर व अन्य।

खबर मन्त्र टोली

गुमला। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि झारखंड को मिनरल्स स्टेट से मिलेट स्टेट बनाना है। मिनरल में झारखंड पूरे देश में अव्वल है। अब मोटे अनाज की उत्पादता को बढ़ाकर झारखंड को इस दिशा में अपनी पहचान बनायेगी। देश के प्रधानमंत्री ने विश्व पटल को वर्ष 2023 को मिलेट्स वर्ष के रूप में रखा है। दुनिया में मिलेट्स की मांग बढ़ेगी तो देश में उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। जिसका लाभ झारखंड को भी होगा। झारखंड सरकार को इस दिशा में तेजी से काम करने की जरूरत है। जिसे बाजरा, रागी, ज्वार अमीरों के थाली में स्थान बना सके। केंद्र सरकार किसानों की स्थिति में सुधार के लिए अब कृषि के अलावे, मुर्गी पालन, मछली पालन व पशु पालकों को भी केसीसी ऋण प्रदान करेगी। वे शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय पौष्टिक अनाज वर्ष 2023 के तहत कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा जिला स्तरीय किसान मेला में उपस्थित किसानों को संबोधित कर रहे थे उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि जब तक गांव गरीब और किसान आगे नहीं बढ़ेंगे तब तक देश आगे नहीं बढ़ेगा। देश को आगे बढ़ाने के लिए किसानों का विकास जरूरी है। श्री तोमर ने कहा कि पूरा विश्व भारत की ओर उम्मीदों से देख रहा है।

**मिलेटस से जिले में कुपोषण व एनीमिया को किया जायेगा दूर : उपायुक्त**- उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि कृषि के दृष्टिकोण से यह वर्ष महत्वपूर्ण है। मिलेट्स जिसे हीन दृष्टि से देखा जाता इस साल का थीम है। जिसमें मोटे अनाज का ही उत्पादन करना है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स के उत्पादन के लिए जिले में किसानों को बीज भरपूर मात्रा में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि धरती के उत्पादन क्षमता के अनुरूप इस वर्ष ऑर्गेनिक खेती पर जोर दिया। उन्होंने किसानों से अपील किया कि डेमोस्ट्रेशन के तहत वे अपने खेतों में मड़ुवा या बाजरा की खेती जरूर है। पूर्वजों ने जो बात हमें सिखाई है उस परंपरागत खेती को धरातल पर उतारने की जरूरत है।

**किसानों को स्वावलंबी बना रही है कृषि विज्ञान केंद्र : अशोक भगत**- विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि जिले में कृषक को बढ़ावा देने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र 24 घंटे काम कर रहा है। वर्ष 2004 में विशुनपुर में काफी प्रयासों के बाद कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना हुई। कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों के बदौलत क्षेत्र के किसान स्वावलंबी बने हैं।

**प्रोत्साहन की कमी से मिलेट्स की उत्पादन क्षमता कम हुई थी : सांसद**- सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि 60 व 70 के दशक में झारखंड राज्य सहित गुमला जिला में बड़े पैमाने पर मिलेट्स की खेती होती जो गरीबों के अनाज के रूप में प्रचलित थी। उस समय किसानों को प्रोत्साहन नहीं मिला। जिसके कारण मिलेट्स के उत्पादन में कमी आयी। वर्तमान केंद्र की भाजपा सरकार वर्ष 2023 को मिलेट्स वर्ष घोषित की है। मिलेट्स के प्रयोग से लोगों को बीमारियों से भी छुटकारा मिलता है। उन्होंने कहा कि रागी मिशन में गुमला जिला राज्य में सबसे आगे है।

**पांच वर्षों की कार्ययोजना बनाकर मिलेट्स की करें खेती : सिंह**- बिरसा कृषि विश्व विद्यालय के कुलपति डॉक्टर ओमकारनाथ सिंह ने कहा कि देश में मिलेट्स वापस लौट जाए इस दिशा में काम करना है। मिलेट्स के उत्पादन में झारखंड पूरे देश में नंबर वन बन सकता है। जिसके लिए पांच वर्षों की कार्य योजना तैयार कर काम करने की जरूरत है।

7 अप्रैल को झारखंड के सभी जिलों से अयोध्या जाने की तैयारी

# आंजन धाम महोत्सव पर हजारों भक्त जायेंगे अयोध्या : दिवाकर

- राज्य के सभी जिलों में आंजन धाम के विकास के लिऐ कमेटी का होगा निर्माण
- 2 अप्रैल को सीएम से मिलकर आंजन धाम के विकास पर सामूहिक वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। आंजन धाम को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से आंजन धाम गुमला के बैनर तले शुक्रवार को घाटो बगीचा स्थित संजय सिंह के आवास में प्रेस वार्ता की गयी। जिसमें भावी कार्यक्रमों की जानकारी समिति के पदाधिकारियों ने दी। आंजन धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित दिवाकर पाठक ने कहा कि आंजन को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य आगामी 2 अप्रैल को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर आंजन धाम के विकास पर चर्चा की जायेगी। तत्पश्चात 7 अप्रैल को आंजन धाम महोत्सव के तहत झारखंड के सभी जिलों से अयोध्या के लिए हजारों की संख्या में भक्तगण प्रस्थान करेंगे। प्रयागराज में रात्रि विश्राम के पश्चात त्रिवेणी संगम में स्नान के उपरांत अयोध्या में श्री राम भगवान का दर्शन करेंगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है।



प्रेस वार्ता में शामिल पदाधिकारी।

**खास बातें :** प्रेस वार्ता कर पदाधिकारियों ने राज्य सरकार से आंजन धाम को वन क्षेत्र से हटाने की मांग की तथा गुमला के प्रमुख धार्मिक स्थलों राम रेखा धाम, पालकोट, देवगांव, टांगीनाथ धाम, हीरादह, बासुदेव कोना, हापमुनि महामाया मंदिर, केतुका धाम, महादेव कोना, कपिलनाथ मंदिर, कोराम्बे मंदिर, देवाकी धाम, पांच पांडव पहाड़, रंगनाथ मंदिर, सीरा-सीता धाम तथा अन्य प्रमुख पौरणिक धरोहरों को पर्यटन कॉरिडोर में शामिल करने की मांग की गयी।

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल, कृषि मंत्री बोले

# झूठ बोल रही झारखंड सरकार, कृषि कानून के लिए केंद्र का कोई दबाव नहीं,कोई पत्राचार नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के लोहरदगा आगमन पर जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार की अगुवाई में शिष्टाचार भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा। उन्हें हाल ही में झारखंड सरकार द्वारा पारित कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 की खामियों का चर्चा करते हुए बतलाया गया कि यह विधेयक शुद्ध रूप से किसान विरोधी, व्यापार विरोधी, उपभोक्ता विरोधी तथा इंस्पेक्टर राज एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली है। हमने इस संदर्भ में फरवरी में आंदोलन भी किया है। वर्तमान में गजट आने के बावजूद फिलहाल विधेयक लागू करने पर रोक लगी हुई है, परंतु गजट के कारण कभी भी लागू होने का संशय बना हुआ है। अतः इस विधेयक को झारखंड सरकार द्वारा वापस किये जाने हेतु दबाव बनाने का निवेदन किया गया एवं उन्हें अवगत करवाया गया कि झारखंड सरकार के प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान यह कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा पत्राचार कर कृषि कानून लागू करने का बहुत ज्यादा दबाव है अन्यथा राज्य सरकार को विभिन्न योजनाओं में दिये जाने वाला केंद्रांश रोक दिया जायेगा। तब कृषि केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि राज्य सरकार बिल्कुल सफेद झूठ बोल रही है, ऐसा कोई पत्राचार नहीं किया गया है और ना ही कोई दबाव है।



केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन देते चैंबर के लोग।

# चैनपुर थाना परिसर में सर्व धर्म के लोगों ने खेली होली

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ होली और शब ए बरात को लेकर शांति समिति की बैठक

चैनपुर। होली व शब्बे बरात पर्व को लेकर शुक्रवार को चैनपुर थाना परिसर में बीडीओ डॉ शिशिर सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दोनों पर्वों को आपसी भाईचारे व सौहार्द्र के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बीडीओ ने कहा कि इस बार होली और शब ए बरात का पर्व एक ही दिन पड़ रहा है इसलिए सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की धार्मिक भावना को चोट पंहुचे। बैठक में दोनों पर्व को देख शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने होली पर्व में होलिका दहन निर्धारित समय से करने की अपील लोगों से की। वही बैठक के बाद थाना परिसर में होली मिलन समारोह मनाया गया।



# टाटी कुडू में 14 से कुडू प्रीमियर लीग इनामी क्रिकेट प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

कुडू /लोहरदगा। प्रखंड के संत विनोबा भावे खेल मैदान टाटी कुडू में आयोजित सात दिवसीय कुडू प्रीमियर लीग ईनामी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आगामी 14 मार्च से होगा। जिसका फाइनल मुकाबला 22 मार्च को होगा। प्रतियोगिता को लेकर शुक्रवार को आयोजन समिति की बैठक मिनी स्टेडियम में हुई। बैठक में तय किया गया कि प्रतियोगिता में 24 टीमों का नामांकन लिया जायेगा तथा बाहर के चिन्हित रणजी खिलाड़ियों में दो खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने दिया जायेगा।



**खास बातें :** बैठक के बाद एक आयोजन समिति का गठन किया गया है। बैठक में क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर कई विषयों पर चर्चा हुई। कुडू प्रीमियर लीग ईनामी क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नगद 50 हजार, द्वितीय तीस हजार तथा तृतीय बीस हजार दिया जायेगा। मौके पर संचालन समिति में अध्यक्ष मोजम्मील अहमद, सचिव लाल विकास नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष अमित कुमार राज, बादल शाहदेव, उमैर खान सहसचिव संजय चौधरी थे।

## विशेष ग्राम सभा कर योजनाओं का अनुमोदन



कैरो। प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत भवन में शुक्रवार को मुखिया सुमित्रा उरांव की अध्यक्षता में जीपीडीपी सबकी योजना सबका विकास वर्ष 2023-24 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना को लेकर ग्राम सभा के माध्यम से प्राप्त योजनाओं को संकलन कर विशेष ग्राम सभा की गयी। जिसमें उपस्थित जनप्रतिनिधियों व पंचायत कर्मियों की उपस्थित में योजनाएं अनुमोदित की गयी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत, उप मुखिया जगबंधन भगत, पंचायत सचिव सुहैल अहमद, रोजगार सेवक पंचम एतवा पहान, वार्ड सदस्य सबिता भगत, लक्ष्मी देवी, आशा उरांव, सुमति टाना भगत, कार्तिक महली आदि मौजूद थे।

## सेन्हा में करियर सेमिनार पांच मार्च को

सेन्हा-लोहरदगा। बरही में संचालित राइट वे टू एजुकेशन शिक्षण संस्थान में छात्र छात्राओं के लिये सेमिनार आयोजित किया जायेगा। प्रखंड क्षेत्र के बरही में संचालित राइट वे टू एजुकेशन निजी शिक्षण संस्थान केन्द्र में 5 मार्च को छात्र छात्राओ के लिए विषयवार कैरियर मार्गदर्शन सेमिनार किया जायेगा। शिक्षण संस्थान का संचालक कृष्ण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेषज्ञों द्वारा मैट्रिक और इंटर के बाद अध्ययन के लिये विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा मिलने वाले सुविधाओं के साथ साथ कैरियर में सफलता के तरीकों से छात्रों एवं अभिभावकों को 5 मार्च रविवार को दोपहर 12 से 1 बजे तक अवगत कराया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निलय ग्रुप के चेयरमैन भीम सिंह मुंडा, निलय कालेज के डायरेक्टर सीताराम भगत तथा प्रसिद्ध समाजसेवी एवं मुख्य वक्ता आलोक कुमार 10 वीं 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों के अलावे अन्य प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने वाले बच्चों का मार्गदर्शन करेंगे।

## भरनो : फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

भरनो। करंज थाना क्षेत्र के करौंदाजोर पंचायत के अंबेरा जंगल में गोइलकेरा निवासी करमा खड़िया (30) ने पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। करंज पुलिस ने घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

## गुमला : बाइक से गिरकर दो लोग हुए घायल

गुमला। तेलगांव कुंबटोली के समीप बाइक सवार व्यक्ति गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार तेलगांव का गुड्डू नायक (28) और अल्बर्ट मिंज (25) बाइक से किसी काम को लेकर गुमला आ रहे थे। जहां कुंबटोली के समीप अनियंत्रित होकर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये।

# दुर्घटना का कोई समय नहीं हेलमेट जरूर पहनें : पीडीजे

खबर मन्त्र संवाददाता

- राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के तहत कार्यशाला का आयोजन

गुमला। व्यवहार न्यायालय परिसर में शुक्रवार को पीडीजे संजय कुमार चंधरियावी की अध्यक्षता में एमएसीटी (मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ पीडीजे संजय कुमार चंधरियावी, डीटीओ विजय सिंह बिरुआ, डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष समेत अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। पीडीजे ने कहा कि दुर्घटना कभी भी हो सकती है इसलिए बाइक चालक हेलमेट व कार चालक सीट बेल्ट लगा कर चले। अगर कहीं दुर्घटना होता है तो,आसपास के लोग पुलिस को सुचित करे। लॉ एंड प्रोटेक्शन बन गया है। जिससे किसी घायल को अस्पताल में लाने पर पुलिस उससे पुछताछ या गवाही में नाम नहीं डाल सकते है।



## सास पर चाकू से जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

गुमला। शहर के मुरली बगीचा तालाब के समीप 2 अक्टूबर 2022 को अपनी सास पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी दमाद दिनेश वर्मा उर्फ दिनेश सोनी को गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को बस स्टैंड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानेदार विनोद कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी 2 अक्टूबर 2022 में घरेलू विवाद को लेकर अपने सास पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। जिसके खिलाफ गुमला थाना में 301/22 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

# बीएलबीसी की बैठक में दिये कई आवश्यक दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में एलडीएम की अध्यक्षता में बीएलबीसी का बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित एलडीएम रबिन्द्र प्रसाद द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित बैंक ऑफ इंडिया बरही, बुटी, बदला, सेन्हा और सीठीयो के सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि केसीसी का लम्बित मामलों को तथा प्रधानमंत्री किसान निधि योजना को जल्द पूर्ण करें।

**खास बातें :** वहीं वित्तीय साक्षरता से कंप कर जन-धन खाता के अलावे अन्य सामान्य खाता खोलने को कहा गया। साथ ही ऋण माफी योजना पर चर्चा करते हुए अटल पेंशन, मुद्रा लोन एवं अन्य योजनाओं के लिए कंप लगाकर ज्यादा निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही सख्त निर्देश दिया गया कि ससमय कंप आयोजित कर बैंक के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का तथा केसीसी योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को देने का निर्देश दिया गया। मौके पर नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक संजय त्रिवेदी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनंदन वैद्य, आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की के अलावे बैंक ऑफ इंडिया बुटी, बदला, सीठियो, सेन्हा एवं ग्रामीण बैंक सीठियो के प्रबंधक मौजूद थे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में 2024 में भी केंद्र में बनेगी भाजपा की सरकार : नरेंद्र सिंह तोमर

- केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर पहुंचे लोहरदगा, अजातशत्रु के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। विशुनपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के क्रम में लोहरदगा पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के आगमन पर शंख नदी के समीप भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अजात शत्रु के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाल कर भव्य स्वागत करते हुए बक्सी डिप्पा तक पहुंचाया। जहां जिला भाजपा के द्वारा उनका स्वागत किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर गुमला जिले के विशुनपुर में विकास भारती संस्था द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मीट में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में लोहरदगा में रुक कार्यकताओं से मुलाकात कर पार्टी को मजबूती प्रदान और आने वाले चुनावों के लिए तैयार रहने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा की झारखंड राज्य खनिज और कृषि की दृष्टि से भारत का एक महत्वपूर्ण राज्य है। यहां वर्षा आधारित खेती होती है। इसे लेकर सिंचाई साधनों में वृद्धि को लेकर केंद्र की ओर से कार्य किया जा रहा है। जिससे किसानों को ज्यादा लाभ मिले। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से उन्नत किस्म की कृषि को राज्य में बढ़ावा दिया जा रहा है और मुझे प्रसन्नता है कि यहां के किसान केंद्र सरकार की योजनाओं का अच्छा लाभ ले रहे हैं।

**ये रहे मौजूद :** केंद्रीय मंत्री के स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष किसलय तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, अजातशत्रु, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकिशोर महतो, चंद्रशेखर अग्रवाल, लाल नवल नाथ शाहदेव, हर्ष नाथ महतो, प्रकाश नायक, नासिर अंसारी, भीखराम उरांव, कलावती देवी, जितेंद्र महतो, मनीष शिखर, रितेश प्रसाद साहू, अभय अग्रवाल, लाल विश्वजीत, कमलेश कुशवाहा, सरजू साहू आदि थे।

# भंडरा में निर्माणाधीन सिद्धिदायिनी दुर्गा मंदिर की छत की ढलाई संपन्न

➲ श्रमदान के लिए उत्साहित दिखे सभी आम और खास

खबर मन्त्र संवाददाता



भंडरा। भंडरा बाजार टांड़ थाना के समीप नवनिर्मित मां सिद्धिदायिनी मंदिर की छत ढलाई शुक्रवार को शुरू की गयी। ढलाई के पूर्व मंदिर प्रांगण में धार्मिक अनुष्ठान कर छत ढलाई का शुभारंभ किया गया। पंडित संतोष ने पूजा अर्चना की। मंदिर प्रांगण में समाजसेवी राधा मोहन शर्मा, उनकी धर्मपत्नी, थाना प्रभारी गौतम कुमार, एस आई विकास कुमार विश्वकर्मा, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ईश्वरी मोहन शर्मा, ललन सोनी, आनंद साहू, उत्तम गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, विकास सिंह, अजित अग्रवाल, जीवन राम आदि ने पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर छत ढलाई कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों एव गांव के सैकड़ो ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण कार्य में श्रमदान किया। मंदिर कमेटी द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में श्रमदान करने वालों में मुख्य रूप से भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार,विकास कुमार विश्वकर्मा,लाल महतो,ईश्वरी मोहन शर्मा सहित कई गणमान्य लोग निर्माण कार्य में हाथ बंटाया। मंदिर के मुख्य संरक्षक राधा मोहन शर्मा के द्वारा निर्माण कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग किया जा रहा है। मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर को भव्यता प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र के कारीगरों द्वारा मंदिर मे तीन भव्य गुंबद का निर्माण कराया जायेगा ।

स्पीड न्यूज

### होली मिलन में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष

**चतरा।** चतरा कॉलेज चतरा में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने शिरकत की। छात्राओं की ओर से आयोजित इस होली मिलन समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि सभी वर्ग के लोग भेदभाव मिटाकर होली को सौहार्दपूर्ण तथा शांतिपूर्ण महौल में मनाएं। उन्होंने कहा कि बुराई पर अच्छाई के जीत का यह पर्व सदैव हमारे अंदर उत्साह भरने का कार्य करती है, पौराणिक महत्व पर आधारित यह पर अच्छाई व सच्चाई के लिए जाना जाता है।

### प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन

**कोडरमा।** प्रोजेक्ट रेल के तहत शुक्रवार को जिले के विभिन्न उच्च विधालयों में प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में 10वीं और 12विं के छात्र छात्राएं शामिल हुए। परीक्षा में 10वीं के छात्र छात्राएं सामाजिक विज्ञान और 12वी के छात्र छात्राओं ने विज्ञान, ईटीपी, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान की परीक्षा दिए। बताते चले कि उपायुक्त आदित्य रंजन के पहल पर प्रोजेक्ट रेल के तहत इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र छात्राओं का प्री बोर्ड परीक्षा लिया जा रहा है।

### डीटीओ ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**कोडरमा।** जिला परिवहन पदाधिकारी भगीरथ प्रसाद के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस दौरान डीटीओ के नेतृत्व में कर्मियों के द्वारा ऑटो रिक्शा, बसों समेत अन्य वाहनों में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित संदेश का स्टिकर चिपकाया गया। वहीं डीटीओ ने वाहन चालकों को निर्धारित गति पर ही वाहनों का परिचालन करने, वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करने व शराब पीकर वाहन नही चलाने की अपील किया। वहीं मोटरसाइकिल सवारों को सदैव हेलमेट पहन कर ही बाइक चलाने की अपील की।

### कोडरमा में नहीं थम रहा अवैध लॉटरी का खेल

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया शहर में हर दिन 1 करोड़ की लॉटरी के टिकट की बिक्री हो रही है, यानि हर महीने लगभग 30 करोड़ का टिकट बेचा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक बड़े पैमाने पर लॉटरी टिकट बेचने का जो खेल चल रहा है, उसमे पुलिस की भूमिका पर लोग सवाल उठा रहे हैं। लॉटरी बेचने वाले लोगों का नेटवर्क झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और बंगाल तक फैला हुआ है। लॉटरी बेचने वाले लोग अपने जेब में लॉटरी टिकट रखकर गली-गली घूमते हैं और अपना एक अस्थाई जगह बना चुके है, जहां पर लॉटरी टिकट आसानी से उपलब्ध हो जाता है। लॉटरी की वजह से अपनी जीवन भर की कमाई गंवाने वाले एक दैनिक मजदूर ने कहा कि लॉटरी का व्यवसाय गरीबों की कमर तोड़ रहा है। उनका कहना है कि लोगों को अमीर बनाने का सपना दिखाकर टिकट की बिक्री की जा रही है। मजदूर 20 रुपए की सब्जी लेकर घर नहीं जाता, लेकिन अमीर बनने के लिए 50 रुपए की लॉटरी टिकट जरूर खरीदता है।

# ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** सफेद जहर की तस्करी व लूटपाट के दौरान खूनी संघर्ष की आशंका के मद्देनजर सदर थाना पुलिस ने ड्रग पैडलरों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। ब्राउन सुगर की प्रतिबंधित खेप के साथ चार शातिर तस्करों को गिरफ्तार करते हुए एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित सदर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई की है। ड्रग माफियाओं की गिरफ्तारी चतरा-हजारीबाग मुख्यपथ पर स्थित रामटुंडा टोंगरी स्थित मैदान के समीप से हुई है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों के पास से 7.65 एमएम गोली का खोखा, करीब ढाई लाख रुपये का 2.15 ग्राम ब्राउन सुगर, तस्करी में प्रयुक्त दो बजाज पल्सर बाईक व विभिन्न कंपनियों के पांच मोबाईल फोन जब्त किये गए हैं। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गिद्धौर थाना क्षेत्र निवासी राहुल कुमार नामक तस्कर ब्राउन शुगर की तस्करी को लेकर प्रतिबंधित खेप के साथ रामटूंडा इलाके में सक्रिय है। जिसे खरीदने के बहाने लूटपाट करने के उद्देश्य से हथियार के साथ कुछ तस्कर वहां पहुंचे हैं। ये सभी हथियार के बल पर ब्राउन सुगर तस्करी के दौरान आपसी रंजिश व लूटपाट के दौरान फायरिंग व खूनी संघर्ष की घटना को भी अंजाम दे सकते हैं। गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित सदर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने मैदान की घेराबंदी करते हुए सभी शातिर तस्करों को मौके से दबोच लिया। सभी गिरफ्तार तस्कर राहुल कुमार, बादल कुमार, चंदन कुमार व मो. अकरम चतरा शहर व गिद्धौर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। हाला की गिरफ्तारी के दौरान अपराधियों के पास से हथियार की बरामदगी नहीं हो सकी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के आधार पर हथियार लेकर भागने वाले गिरोह के अन्य तस्करों के धरपकड़ को लेकर पुलिस निरंतर छापामारी अभियान चला रही है। जल्द ही फरार तस्करों को भी दबोच लिया जाएगा। अभियान में थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली, एसआई प्रकाश सेठ व सिकंदर सिंकू समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## हवन और भंडारे के साथ नौ दिवसीय लक्ष्मी नारायण सुदर्शन महायज्ञ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** इटखोरी के मां भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय लक्ष्मीनारायण सुदर्शन महायज्ञ शुक्रवार को भंडारे के साथ संपन्न हो गया। यज्ञ के समापन के दिन यज्ञशाला की परिक्रमा करने भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यज्ञ की पूणार्हुति से पूर्व यज्ञाचार्य ने यज्ञ के यजमान के हाथों हवन का अनुष्ठान पूरा कराया। इस मौंके पर घी के साथ कई मन अनाज की आहूति दी गई। हवन के पश्चात पूरे विधि-विधान के साथ महाने नदी में यज्ञ देवता के कलश का विसर्जन हुआ। तत्पश्चात कलश यात्रा में शामिल महिलाओं के बीच नारियल का वितरण किया गया। महायज्ञ के समापन के दिन यज्ञशाला की परिक्रमा करने के लिए भी श्रद्धालु भक्तों की अच्छी खासी भीड़ जुटी। जिला परिषद के उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने भी श्रद्धालु भक्तों के साथ यज्ञशाला का परिक्रमा किया। 23 फरवरी से आयोजित इस नौ दिवसीय महायज्ञ के दौरान पूरे मंदिर परिसर का माहौल यज्ञमय बना रहा। स्थानीय भक्तों के अलावा दूर-दराज के भी हजारों भक्त इस महायज्ञ के अनुष्ठान में शामिल हुए।

## होली मिलन में जनता संग थिरके सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुंदा(चतरा)।** पर्यटक स्थल महादेव मठ सह कुंदेश्वर मंदिर में शुक्रवार को होली मिलन आयोजन किया। होली समाहरो के पूर्व गुफा में विराजमान महादेव के शिवालय पर विधिवत बाबा उदय मिश्रा के द्वारा पूजा अर्चना कर सुख शांति और अमन चैन का काम ना किए। सांसद सुनील कुमार सिंह ने अपने कार्यकताओं के साथ झाल हरमुनिया पर खूब थिरके ।इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुनील कुमार सिंह उपस्थित थे ।कार्यकताओं ने सांसद को माला पहनाकर स्वागत किया।

तत्पश्चात हरकतों से मिलकर गांव की समस्याओं का हाल-चाल सेवर महादेव मठ में निवास करने वाले नेपाली बाबा पर्यटक स्थल को विकास को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उनका साथ विषेश तौर पर आमांत्रित किए गए कलाकारों ने साथ दिया। भाजपा कार्यकताओं ने भी समारोह के दौरान खूब उत्साह दिखा।

महिला मोर्चा के कार्यकताओं ने उनका खूब साथ दिया। गायक कालाकारो सुनील पाठक, धर्मेंद्र, ब्रजेश, राजू, बिरेन्द्र सिंह, सरोजसमां बांध दिया। समारोह के दौरान खूब अबीर और गुलाल उड़े। समारोह में सांसद ने झाल खुद बजाकर लोगो को को खूब थिरकाया। प्रखंड क्षेत्र के भाजपा प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र यादव गन्दौरी साव।अभिषेक केसरी अंबिका सिंह गुप्ता मंडल अध्यक्ष अनिता कुमारी पूर्व जिला परिषद सदस्य पृथ्वी गंजू पूर्व मुखिया रेखा देवी समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में कृषि एवं वनोपज आधारित जीविकापार्जन विषयक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी ने बताया कि कृषि एवं वनोपज जैसे धान, गेहूं, सब्जी-फल, लाह, ईमली, कोदो, कुटकी, सरगुजा, चिरौंजी, साल, आंवला, महुआ, करंज, हर्रे, बहेरा, रेशम आदि का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, अनुसंधान तथा विकास की विभिन्न गतिविधियों को सहकारी आधार पर संगठित करना, क्रय-विक्रय एवं वितरण की ऐसी व्यवस्था करना जिससे की सदस्यों को सर्वोत्तम लाभ मिले। उपायुक्त अबु इमरान ने कहा कि राज्य में कृषि उपज के अलावा अन्य वनोत्पादों की बहुत सारी विविधता होती है जिसमें इमली, महुआ, साल बीज, पत्ते, लाह, करंज, चिरौंजी और बहुत से अन्य प्रकार के वनोत्पाद शामिल होते हैं। ये उत्पाद ग्रामीण समुदायों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये उनके लिए मुख्य आय स्रोत के रूप में काम करते हैं। ग्रामीण समुदायों को इन उत्पादों के लिए उचित मूल्य नहीं मिल पाता जिसके कारण उन्हें अपने जीवनस्तर में सुधार लाने का मौका नहीं मिल पाता है। उक्त मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, जेएसएलपीएस से अनिल डुंगडुंग,जिले के सभी पैक्स के अध्यक्ष और सदस्य समेत अन्य सभी सबंधित उपस्थित थे।

## अज्ञात चोरों ने तीन घरों में दिया चोरी की घटना को अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत स्थित वार्ड नम्बर तीन में गुरुवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने अलग-अलग जगहों पर तीन बंद पड़े घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। वहीं विक्की कुमार ने बताया कि हमलोग सपरिवार ससुर के श्राद्ध कर्म में एक मार्च को कोडरमा गये थे। आज जब सुबह घर वापस आये तो देखे कि घर के सामने का गेट का ताला टूटा हुआ है और कमरा का भी ताला टूटा है एवं अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा है साथ ही एक लाख पचास हजार रुपया नकद एवं सोने का नेकलेश, दो जोड़ा कान वाला, दो अंगूठी, झुमका, नथुनी, दो जोड़ा मंगटीका, कान कुंडली व चांदी का पायल लगभग तीन लाख पचास हजार रुपये की जेवरात की चोरी हुई है। वहीं दुसरी घटना चोरों ने राजेन्द्र साव पिता बिहारी मास्टर के बंद पड़े रसोईघर का ताला तोड़ कर खाद्य पदार्थ सहित पांच हजार रुपये भी चुरा लिया। चोरी की घटना का पता तब चला जब घर की महिला रसोईघर आई। वहीं तीसरी घटना रंजन सिंह जो किराया के मकान में रहता है। वह सपरिवार पूजा करने अपने घर बिहार गया था। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि वह सब्जी बेचने का काम करता है। घटना से संबंधित पीड़ितों ने थाना में आवेदन दिया है।

## बेहतर परिणामों के लिए जाना जाता है आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय : प्राचार्य

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के बाघमारा में संचालित सीबीएसई पाठ्यक्रम पर संचालित विद्यालय आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में 10वीं क्लास के 300 विद्यार्थियों को समारोह आयोजन कर विदाई दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के दिशा निर्देश दिए एवं उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिये। वहीं विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि यह विद्यालय बेहतर परिणामों के लिए जाना जाता है। प्रत्येक वर्ष यहां के विद्यार्थी जिला ही नहीं वरन राज्य में स्थान लाकर विद्यालय का नाम रोशन करते हैं। इस वर्ष 300 विद्यार्थियों को विदाई दी गई है। उम्मीद है कि विद्यार्थी अच्छे नंबरों से सफल होते हुए विद्यालय ही नहीं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। वहीं निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि विद्यालय पहले झारखंड बोर्ड से संचालित था, अब सीबीएसई पाठ्यक्रम से संचालित हो रही है। आने वाले दिनों में विद्यालय सीबीएसई में सर्वोत्तम रिजल्ट देकर बेहतर परिणाम हासिल करेगा। मौके पर विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री देकर विदाई दी गई। मौके पर उप प्राचार्य रामचंद्र यादव, शिक्षक पिंटू कुमार पांडेय, लक्ष्मण चंद्र यादव, महेश्वर पांडेय, विनोद यादव, बहादुर यादव, पिंटू कुमार पांडेय, सिकंदर यादव, महेश यादव, शंकर दास, अजय राणा, रणजीत सिंह, महेश यादव, कपिल गुप्ता, मीना कुमारी, अनु कुमारी सहित विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत चोपनाडीह स्थित गायत्री चेतना केंद्र में आयोजित चार दिवसीय 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हो गई। इसके पूर्व मुख्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से दिप प्रज्वलित, कलश व वेद पुस्तक माथे पर उठाकर किया। कलश यात्रा में कुल 401 कलश व 150 वेद पुस्तक यात्रा में शामिल युवतियों और महिलाओं ने सर पर रखकर पूरे ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान चोपनाडीह समेत अगल बगल गांव का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा चोपनाडीह स्थित उत्तरवाहिनी पहुंची, जंहा मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरवाया गया। कलश यात्रा पुनः बिभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुवे यज्ञ स्थल पहुंची। जहां कलश को विधि विधान के साथ मंडप में प्रवेश कराया गया। इस दौरान गायत्री महामंत्र और देवी देवताओं के जयघोष से पूरा चोपनाडीह गूंज उठा। महायज्ञ में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि यज्ञ ही व्यक्ति, समाज एवं विश्व की रक्षा कर सकता है। यज्ञ की संस्कृति को बचाए रखना मानव जाति का धर्म और दायित्व है। वहीं शांति कुंज हरिद्वार से आये रघुनन्दन प्रसाद ने कहा कि हम बदलेंगे तो युग बदलेगा, हम सुधरेंगे तो युग सुधरेगा। आज करोड़ों व्यक्ति गायत्री से जुड़ कर अपने जीवन में सुधार ला रहें हैं। मौके पर विजय सिंह, इंदू शेखर, सुबोध कुमार मोदी, प्रियरंजन मोदी, माधुरी देवी, सुनील कुटरियार,महादेव प्रसाद यादव समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# सरकार ने बजट के नाम पर पेश किया झूठ का एक और पुलिंदा : अन्नपूर्णा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि झारखण्ड विधानसभा में मतलबपरस्त गठबंधन की झूठी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट, उनकी आदत के अनुरूप झूठ का पुलिंदा है। सरकार को हवा हवाई वादे करने से पूर्व यह स्पष्ट करना चाहिए कि पिछले बजट में चालू वित्तीय वर्ष के लिए प्रावधानित राशि और विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई राशि का अधिकांश अबतक खर्च क्यों नहीं हो पाया। जिस सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में किया गया एक भी वादा नहीं निभाया, उस सरकार से किसी प्रकार की सकारात्मकता की उम्मीद करना ही बेकार है। झारखण्ड सरकार ने बजट के माध्यम से एक बार फिर राज्य के गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, दलितों, युवाओं और महिलाओं को ठगा है, केवल सब्जबाग दिखाए हैं।

## सबसे निराशाजनक बजट है : डॉ नीरा यादव



**कोडरमा।** विधायक डॉ नीरा यादव ने राज्य सरकार द्वारा पेश बजट को अब तक का सबसे निराशाजनक बजट बताते हुए कहा कि इस बजट में पिछली सरकार की योजनाओं के नाम को बदल कर आम जनता को गुमराह करने का प्रयास किया गया है, यह बजट गांव, गरीब, नौजवान, किसान और मजीद विरोधी है, इस बजट में कोई भी आधारभूत संरचना का संकल्पना दूर तक नही है, विधायक ने कहा कि राज्य सरकार पिछले वर्ष के बजट का आधा राशि भी खर्च नही कर पाई है, ऐसे में इस बजट का भविष्य क्या है, यह सभी को पता है। बजट में किसी खास लोक हितकारी योजनाओं पर भी फोकस नही किया गया है, शिक्षा पर भी सिर्फ लॉलीपॉप दिया गया है।

## बजट हर तबके को राहत पहुंचायेगा : सईद नसीम

झारखंड के 2023-2024 बजट में पहली बार 15 फीसदी की बढ़ोतरी कर वित्त मंत्री ने 1 लाख 16 हजार 418 करोड़ का बजट पेश किया है।इस बजट में हर तबके का पूरा ख्याल रखा गया है। सृजन योजना के तहत बेरोजगार युवक-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के उपरांत नौकरी नहीं मिलने पर अगले 6 माह तक बेरोजगार युवकों को 1 हजार और महिलाओं तथा दिव्यांगों को 1500 रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा हुई है। किशोरी और महिलाओं को नि:शुल्क सैनेटरी पैड का वितरण का प्रावधान रखा है। विधवा पुनर्विवाह के लिए प्रोत्साहन राशि की भी घोषणा की है। विद्यालयों में बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय भवन बनाने की घोषणा, आमजनो के हित साधने हेतु कई प्रवधानों पर जोर दिया गया है।

## शानदार और जानदार है बजट: भागीरथ पासवान

झारखंड राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए पेश किया गया बजट 1,16,418 करोड रुपए हैं, जो झारखण्ड राज्य के अंतिम पायदान से उच्चत्म पायदान तक सभी वर्गों का ख्याल रखा गया। बजट में आंगनबाडी के मानदेय का ख्याल रखना तथा सेविकाओं को स्मार्ट फोन देने को सुनिश्चित करना एक नया बदलाव होगा, साथ ही मुख्यमंत्री योजना का विस्तार करते हुए 2 लाख से भी अधिक लोगों तक इसका लाभ मिले इसका भी विशेष ख्याल रखा गया है।

एक नजर में

### गढ़वा में जनता दरबार का आयोजन

गढ़वा। उपायुक्त शेखर जमुआर ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी सुनी एवं उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार मे राशन कार्ड, जमीन विवाद, बिजली बिल, पेंशन, अतिक्रमण, धोखाधड़ी, राशन वितरण में अनियमितता, आवास, सड़क निर्माण, पावना भुगतान एवं बकाया भुगतान आदि अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्या सुनी। साथ ही यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। सर्वप्रथम केतार प्रखंड के परसोडीह पंचायत के वार्ड सदस्यों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक हस्ताक्षरित आवेदन समर्पित करते हुए 15वें वित्त से चापाकल मरम्मति में मुखिया एवं पंचायत सेवक की मिलीभगत से घोर अनियमितता बरतने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि परसोडीह पंचायत अंतर्गत 54 चापाकल मरम्मत का कार्य किया गया है, जिसे बिना मरम्मत किए ही पैसे की निकासी अवैध रूप से कर लिया गया, जिसका खुलासा कार्यकारिणी की बैठक में हुआ। साथ ही पंचायत सचिवालय का पुराना सामग्री यथा जनरेटर, कुर्सी, बैटरी एवं सोलर इत्यादि सामग्रियों का उपयोग मुखिया के द्वारा निजी तौर पर करने की भी शिकायत की। सभी के द्वारा उक्त मामले कि जांच उपरांत उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया।

### मृतक मजदूर के परिजनों से मिले बीडीओ

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र से पलायन करने गए बुका निवासी मजदूर सुनील भुईयां का शव घर आने के बाद भवनाथपुर बीडीओ जयपाल महतो ने सुनील भुइयां के घर पहुंच परिजनों को सांत्वना देते हुए दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। परिजनों ने बताया कि सुनील भुईयां तीन माह पूर्व ही गुजरात के बारूच गया था। वहां अचानक तबियत खराब होने से उसकी मौत हो गई। जिसके बाद गुरुवार सुबह शव बुका गांव पहुंचा। परिजनों ने बीडीओ को बताया कि सुनील भुईयां घर का इकलौता कमाने वाला था। उसकी मृत्यु से दो छोटे-छोटे बच्चे एवं पत्नी अनाथ हो गए। बीडीओ ने सरकारी प्रावधान से परिवारिक लाभ, पेंशन, अंबेडकर आवास, दोनों बच्चों का दो-दो हजार प्रति माह पेंशन से जोड़ने की बात कही।

### मुख्य ट्रस्टी ने किया शक्तिपीठ के गर्भगृह का निरीक्षण

**मझिआंव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार गढ़वा जिला के मुख्य ट्रस्टी संजय सोनी ने जिलास्तरीय टीम के साथ मझिआंव के चन्द्री स्थित नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में मां की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर चल रहे 108 कुंडीय नवचेतना गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को देर शाम पहुंचे। श्री सोनी के साथ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय उपस्थित थे। इस दौरान श्री सोनी एवं श्री पांडेय ने प्रवचन पंडाल, यज्ञशाला एवं नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में चल रहे कार्यक्रम का जायजा लिया गया। उन्होंने गायत्री महायज्ञ की विशालता एवं मंदिर की मनमोहक भव्यता देखकर मझिआंव गायत्री प्रज्ञा मंडल व महिला मंडल की प्रशंसा की। इस दौरान श्री सोनी ने शक्तिपीठ के गर्भगृह का भी निरीक्षण किया और मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड सहित यज्ञ की सफलता के लिए दिनरात प्रयास कर रहे गायत्री परिजनों एवं युवा पीढ़ी के नौजवानों को बधाई का पात्र बताया।

### 100 से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण की गायत्री परिवार की दीक्षा

**मझिआंव।** मझिआंव के चन्द्री में नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में मां की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चल रहे 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन हवन यज्ञ के दौरान गायत्री परिवार के विश्व बंधुत्व एवं बिना किसी भेदभाव के युग परिवर्तन कार्यक्रम से प्रभावित होकर 100 से अधिक श्रद्धालुओं ने गायत्री परिवार की दीक्षा ग्रहण की। मां गायत्री तथा अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के संस्थापक युग ऋषि हिमालयवासी गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के बताये हुए मार्ग पर चलकर इस धरती पर ही स्वर्ग जैसा वातावरण बनाने का संकल्प लिया। जबकि गढ़वा के पेशका गांव की एक तथा मझिआंव की एक महिला का पुंसवन संस्कार किया गया। जबकि दो बच्चों का विद्यारम्भ संस्कार किया गया। इस दौरान भारी संख्या में दीक्षा ग्रहण करने आये श्रद्धालुओं को कल के कार्यक्रम में दीक्षा लेने का निर्देश यज्ञाचार्य द्वारा दिया गया।

### हम माता-पिता की अनदेखी कर मंदिरों में प्रणाम करने जाते है इससे ब्रह्मा एवं विष्णु दोनों नाराज होते हैं : आचार्य रमेश देहरिया

**मझिआंव।** भगवान तभी प्रसन्न होते हैं जब किसी दुखियारी के दु:ख से कोई मुक्ति दिलाता है। उक्त बातें अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार से आये प्रकांड विद्वान आचार्य रमेश देहरिया ने कही। वे मझिआंव के चन्द्री में नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में माता की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित 108 कुंडीय नवचेतना गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन प्रज्ञा पुराण की कथा के दौरान देव ऋषि नारद एवं भगवान विष्णु के बीच की वार्ता मनुष्यों के दु:ख के कारण एवं निवारण विषय पर प्रवचन कर रहे थे। श्री देहरिया ने कहा कि नारद द्वारा दु:खों के कारण के संबंध में बताते हुए भगवान विष्णु ने कहा कि इसके कई कारण है। जिसमे सर्वत्र अनास्था का दौर एवं अनुचित आचरण मुख्य कारण है। जिसके कारण पूरे राष्ट्र में विनास का वातावरण बन रहा है। श्री देहरिया ने कहा कि ब्रह्मा विष्णु एवं महेश सर्वमान्य देवता हैं। इन्होंने ब्रह्मा एवं विष्णु की तुलना माता एवं पिता से की और कहा कि पूरे जगत के निर्माण कर्ता ब्रह्मा जी हैं लेकिन हमारा निर्माण करने वाली माता हैं इसलिए वे ब्रह्मा हुई। जबकि पूरे विश्व के पालनहार भगवान विष्णु हैं, उसी तरह से हमारा पालन पोषण पिता के द्वारा होता है इसलिए पालनहार पिता विष्णु भगवान के समान हुए। हम अपने माता पिता की अनदेखी कर उन्हें छोड़कर मंदिरों में प्रणाम करने जाते है। इससे ब्रह्मा एवं विष्णु दोनो देवता नाराज होते हैं और मनुष्य के दु:ख बढ़ते जाते हैं। इन्होंने गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य की नीतियों पर चर्चा करते हुए गीत गाया और कहा कि कभी प्यासे को पानी पिलाया नही, बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा,, तथा कभी गिरे हुए को उठाया नही, साथ आंसु बहाने से क्या फायदा।

### शांति समिति की बैठक संपन्न

**रमना।** थाना परिसर में शुक्रवार को होली और शब-ए-बारात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया किया। मौके पर श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने क्षेत्रवासियों को होली और शब-ए-बारात की शुभकामनाएं देते हुए पर्व शांतिपूर्ण व आपसी सद्भाव से मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि डीजे साउंड का प्रयोग नहीं करने तथा अश्लील गाना पूरी तरह प्रतिबंधित होने की जानकारी दिया। पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि होली पर्व के दौरान हुड़दंग से बचें और अफवाहों से दूर रहें। कोई समस्या हो तो थाना को सूचित करें। उन्होने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक या भड़काई पोस्ट करने, शेयर करने वालो पर प्रशासन की नजर है लोग इससे परहेज करे। उन्होंने कहा कि शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले लोगो पर दंडनात्मक कार्रवाई होगी। मौके पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, बीससूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष नागेद्र कुमार सिंह, मुखिया दुलारी देवी, अनीता देवी, अजीत कुमार पांडेय, अजय कुमार सिंह, मुकेश कुमार, अमरेश कुमार, गुलाम रसुल, कुलदीप पासवान, विरेद्र कुमार बैठा, मंतोष पासवान, नीरज सिंह, इस्माईल अंसारी, शौकत अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### शराब व डीजे पर लगा प्रतिबंध

**कांडी।** होली व शब-ए-बारात पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर कांडी थाना में दोनों समुदाय के लोगों के साथ शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। प्रखंड प्रमुख सतेंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न उक्त बैठक में लोगों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं के साथ-साथ होली व शब-ए-बारात के दौरान पूर्व की स्थिति पर चर्चा की। मौके पर कांडी बीडीओ मनोज तिवारी व सीओ अजय दास ने लोगों से दोनों पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने की अपील की। प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय ने लोगों से अपील करते हुए कीचड़, धूल, बालू व नाली की गन्दगी के साथ होली नहीं खेलने की अपील की।






# देसी पर मिली हार तो अब अंग्रेजी पिच पर लोहा लेगा भारत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम को इंदौर में हार मिली और इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सीरीज में वापसी कर ली है। नागपुर और दिल्ली की तरह इंदौर में भी स्पिनरों के अनुकूल पिच थी, लेकिन रिजल्ट वैसा नहीं रहा। भारतीय टीम को 9 विकेट से बड़ी हार मिली। उसके बल्लेबाज दोनों पारियों ऑस्ट्रेलिया को बड़ी मुश्किल से टक्कर दे पाए। मैथ्यू कुहनेमन और नाथन लायन ने गेंद से कहर बरपाते हुए टीम इंडिया को बैकफुट पर ला दिया।

### फाइनल के लिए ड्रेस रिहर्सल अहमदाबाद में

इस हार के साथ ही आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मदों को झटका लगा है। उसे फाइल के लिए क्वॉलिफाइ करने के लिए हर हाल में नरेंद्र मोदी स्टेडियम अहमदाबाद में जीत दर्ज करनी होगी। इसके अलावा जो समीकरण बन रहे हैं उसके अनुसार उसे श्रीलंका vs न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज के फैसले पर भी निर्भर रहना होगा। खैर, रिपोर्ट्स की मानें तो नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न केवल माहौल बदलेगा, बल्कि पिच का मिजाज भी अलग देखने को मिल सकता है।

### लंदन वाली पिच पर हुआ सवाल तो रोहित ने दिया जवाब

दूसरी ओर, जब इस बारे में रोहित शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हां ऐसा हो सकता है। हमने इस (इंग्लिश कंडीशन वाली पिच) बारे में बात की हुई है। हमें इसके लिए (आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 फाइनल) तैयार भी रहने की जरूरत है। बता दें कि आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताबी मुकाबला इंग्लैंड में 7 जून से लंदन के ओवल मैदान में होना है। दूसरी ओर, इससे पहले 28 मई को इंडियन प्रीमियर लीग खत्म हो जाएगी।

### आइपीएल फाइनल के बाद तुरंत है डब्ल्यूटीसी फाइनल का शेड्यूल

इसकी पूरी उम्मीद है कि टीम इंडिया आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले के लिए क्वॉलिफाइ करे। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही फाइनल का टिकट कटा लिया है। आईपीएल के तुरंत बाद यह फाइनल होना है ऐसे में ड्रेस रिहर्सल अहमदाबाद टेस्ट में देखने को मिल सकता है। हालांकि, भारतीय टीम के लिए ग्रीन टॉप विकेट पर खेलने थोड़ा जोखिम भरा हो सकता है, क्योंकि फिलहाल जो समीकरण बन रहे हैं उसके अनुसार उसका नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जीतना जरूरी है। दूसरी ओर, यह काफी कुछ श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज के रिजल्ट पर भी निर्भर करेगा। उल्लेखनीय है कि इंदौर टेस्ट में टर्निंग विकेट पर भारत की बाजी पलट गई। यहां दोनों पारियों में उसके बल्लेबाजों पर विपक्षी टीम के स्पिनर हावी नजर आए। ऑस्ट्रेलिया ने मुश्किल पिच पर 9 विकेट से जीत दर्ज की। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित से पिच को लेकर काफी सवालों के बाउंसर हुए।




### क्या रहा मैच का हाल

इंदौर में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहली पारी में पूरी टीम 109 रन पर सिमट गई थी। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 197 रन बनाए और 88 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। हालांकि दूसरी पारी में भी टीम इंडिया का बेहाल ही रहा। दूसरी पारी में टीम इंडिया 163 रन बना सकी, जिसके कारण ऑस्ट्रेलिया खेल के तीसरे दिन सिर्फ 76 रनों का लक्ष्य मिला और मेहमान टीम ने इसे एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के 59 रन को छोड़कर, कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं पाया। दूसरी पारी में नाथन लियोन ने आठ विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 76 रन का लक्ष्य दिलाया, जिसे उन्होंने शुक्रवार को 18.5 ओवर में हासिल कर लिया। हेडन ने ओपनर बल्लेबाज ट्रेविस हेड की भी सराहना की, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 76 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 49 रन बनाए।

### इंदौर के पिच पर फूटा दर्शकों का गुस्सा, टिकट फाड़कर बीसीसीआइ को जमकर कोसा

**इंदौर।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन मेजबान भारत की ऑस्ट्रेलिया से नौ विकेट से करारी हार मिली। इस हार से नाखुश भारतीय दर्शकों ने इंदौर के होलकर स्टेडियम के पिच पर जमकर भड़ास निकाली है। गौरतलब है कि होलकर स्टेडियम के मैदान को 'बल्लेबाजों का स्वर्ग' कहा जाता है, लेकिन इस टेस्ट मैच में इसके पिच पर फिरकी गेंदबाजों ने इस तरह धड़ाधड़ विकेट गिराए कि यह 'बल्लेबाजों की कब्रगाह' साबित हुआ। गहरी निराशा के साथ स्टेडियम से बाहर निकले दर्शक केके राय ने से कहा, 'मैच का नतीजा टेस्ट क्रिकेट के लिए कतई अच्छा नहीं है जो खेल का शास्त्रीय प्रारूप है। अगर ऐसे ही नतीजे आते रहे, तो एक दिन दर्शकों के बीच टेस्ट क्रिकेट की अहमियत खत्म हो जाएगी।

## रोहित की होशियारी पर भड़के रवि शास्त्री

**इंदौर।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इंदौर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों नौ विकेट की हार के लिए रोहित शर्मा की टीम की आलोचना की है। साथ ही कहा कि यह हार अति आत्मविश्वास के कारण आई है। उन्होंने कहा, 'यह हार अति आत्मविश्वास के कारण आई है, जहां आप चीजों को हल्के में लेते हैं। आप मौके छोड़ देते हैं। इस कारण मैच में आप पीछे हो गए। मुझे लगता है कि यह इन सभी चीजों का एक संयोजन था जब आप वास्तव में अपना दिमाग लगाते हैं तो देखेंगे कि पहली पारी से ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर दबाव बनाकर रखा।

## बस रोनाल्डो से हो जाये एक मुलाकात ...

**रियाद।** भारतीय घरेलू फुटबॉल की बड़ी लीग्स में से एक संतोष ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबला खेलने सऊदी अरब जाने वाली चार भारतीय टीमों के खिलाड़ियों के मुख्यत: तीन लक्ष्य थे। पहला विदेशी धरती की टॉप क्लास की सुविधाओं के बीच खेलने का अनुभव हासिल करना। जोकि किंग फहद इंटरनैशनल स्टेडियम में सेमीफाइनल मैच खेलकर इन खिलाड़ियों ने अपना पहला लक्ष्य हासिल कर लिया। मेघालय ने पहली बार और कर्नाटक ने 54 साल बाद फाइनल में पहुंचकर अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं। इस दौरे का तीसरा और सबसे कठिन लक्ष्य है क्रिस्टियानो रोनाल्डो से मिलना।

## पंजाबी एक्ट्रेस का पूरा पाकिस्तान दीवाना

**कराची।** ऐसे बहुत से पंजाबी एक्टर-एक्ट्रेस हैं, जो बॉलीवुड के साथ-साथ पाकिस्तान में भी काफी मशहूर हैं। सोनम बाजवा उन्हीं में से एक हैं। कभी एयरहोस्टेस रहीं सोनम बॉलीवुड में भी अपना जलवा बिखेर चुकीं हैं। सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरों से आग लगाने वालीं इस एक्ट्रेस का पाकिस्तान में जबरदस्त फैन बेस है। इसी का एक नजारा पाकिस्तान सुपर लीग में देखने को मिला। जब एक प्रशंसक सोनम बाजवा का पोस्टर लेकर मैच देखने पहुंच गया।

## बॉल की जगह बैट ही हवा में उड़ा, मैच में भारी ड्रामा, बदकिस्मती का दूसरा नाम बने शोएब मलिक

**एजेंसी**

**कराची।** पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज शोएब मलिक पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर जाल्मी के खिलाफ अजीबोगरीब तरीके से आउट हो गए। यह सीनियर ऑलराउंडर टी-20 लीग में कराची किंग्स के लिए खेलता है। पारी के 11वें ओवर में मलिक ने आमेर जमाल की शॉर्ट डिलीवरी पर पुल शॉट खेलने की कोशिश की। टाइमिंग बिलकुल खराब थी, जिसके बाद मलिक के हाथ से बल्ला भी निकल गया और गेंद के साथ हवा में उड़ने लगा। गेंदबाज जमाल ने इस कैच को लपकने में कोई गलती नहीं की और फिर अपना ट्रेडमार्क जश्न मनाया। शोएब मलिक तीन गेंदों में सिर्फ एक ही रन बना पाए। इस तरह 198 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कराची किंग्स को 81 रन पर चौथा झटका लगा। कप्तान इमाद वसीम ने 30 गेंदों में ताबड़तोड़ नाबाद 57 रन बनाए। मगर अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। कराची स्कोरबोर्ड पर कुल 173/8 का स्कोर ही खड़ा कर पाया। मैथ्यू वेड ने भी अर्धशतक बनाया, लेकिन 41 बॉल में 53 रन की पारी का जल्द ही अंत हो गया। जाल्मी की जीत में जमाल और अजमतुल्लाह उमरजई ने चमक बिखेरी। दोनों ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि मुजीब-उर-रहमान ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।



## अल्वारो रोड्रिगेज ने गोल जड़कर रचा इतिहास

**मैड्रिड।** स्पेनिश लीग ला लीगा के 23वें फिक्सर में एटलेटिको डी मैड्रिड और रियाल मेड्रिड के बीच 25 फरवरी को एक टक्कर का मुकाबला देखने को मिला। रियाल इस डर्बी मुकाबले में 1-0 से हार रही थी। लेकिन मैच के अंतिम क्षण में युवा अल्वारो रोड्रिगेज ने शानदार हेडर से गोल कर सनसनी मचा दी। रोड्रिगेज के गोल के चलते मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। वहीं अपने इस गोल के साथ अल्वारो ने इतिहास भी रच दिया। एटलेटिको डी मैड्रिड के खिलाफ मैड्रिड डर्बी ड्रॉ में 20 मिनट से भी कम खेलने के बावजूद इस सप्ताह के अंत में अल्वारो रोड्रिगेज का नाम सभी रियाल मैड्रिड प्रशंसकों के होठों पर था। सीए ओससुना में लॉस ब्लैंकोस की 2-0 की जीत में सहायता के साथ पिछले सप्ताह में अपना पहला डेब्यू करने के बाद अल्वारो ने इस सप्ताह के अंत में रियाल मैड्रिड के चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना पहला ला लिगा गोल किया।

## डब्ल्यूपीएल : सीजन का पहला मैच आज से

### 23 दिन में 5 टीमें खेलेंगी 20 लीग मैच, दिल्ली सबसे मजबूत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** 4 मार्च से विमेंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन का आगाज हो रहा है। 23 दिन चलने वाली इस लीग में 5 टीमें 20 लीग और दो नॉकआउट मैच खेलेंगी। टूर्नामेंट की शुरूआत शनिवार शाम 7:30 बजे डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के मैच के साथ होगी। प्रतियोगिता के सभी 22 मैच मुंबई के डीवाई पाटिल और ब्रेबोर्न स्टेडियम पर खेले जाएंगे। मेग लेनिंग की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम सबसे संतुलित और मजबूत नजर आ रही है। जबकि, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की प्लेइंग-11 थोड़ी कमजोर है। विमेंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन में 5 टीमें खेलती नजर आएंगी। इनमें दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्ज शामिल हैं। दिल्ली की कप्तान मेग लेनिंग हैं। वहीं, मुंबई की हरमनप्रीत कौर, बेंगलुरु की स्मृति मंधाना, गुजरात की बेथ मूनी और यूपी की एलिसा हीली हैं। इस तरह 3 टीमों की कमान ऑस्ट्रेलियन प्लेयर्स के पास है, जबकि 2 की कमान भारतीय खिलाड़ियों को मिली है।

**आज का मैच**
**गुजरात बनाम मुंबई**
**समय:शाम 7:30 से**

### एक टीम कितने मैच खेलेगी?

4 से 21 मार्च तक लीग स्टेज के 20 मैच होंगे। पुरुष के शुरूआती सीजन की तरह यहां भी हर टीम एक-दूसरे से 2-2 मैच खेलेगी। इस तरह हर टीम लीग स्टेज में कम से कम 8 मैच खेलेगी। 20 लीग मैचों के बाद पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी। वहीं, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें के बीच 24 मार्च को एलिमिनेटर मुकाबला होगा।

## लापता बच्चे का शव बरामद, हत्या का आरोप

**मोतिहारी।** मोतिहारी में घर से लापता एक बच्चा का शव घर के पास रखे पुआल के टाली से बरामद हुआ है। शव मिलने के बाद घर में कोहराम मच गया, अपने इकलौते बेटे के शव से लिपट कर बेहोश हो जा रही है। शव शुक्रवार को हरैया ओपी क्षेत्र के एकडरवा वार्ड नंबर सात की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मृतक के पिता चंद्र देव महतो ने बताया की उसका बेटा दरवाजे पर खेल रहा था, इसी बीच मेरे बड़े भाई देवचन महतो का 21 वर्षीय बेटा रविंद्र महतो बुला कर ले गया, उसके बाद वह घर वापस नहीं आया, जब नेपाल से मजदूरी कर घर आया तो बेटा घर पर नहीं था, तब उसकी तलाश शुरू किया, लेकिन कही उसका पता नहीं चला, फिर चारो तरफ उसकी तलाश दो बजे रात तक उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कही पता नहीं चला, सुबह से फिर तलाशी शुरू की गई तो घर से कुछ दूरी पर पुआल का टाल रखा था, उसी के अंदर रखा हुआ था, केवल उसका चेहरा नजर आ रहा था, शव मिलने के साथ घर में चीख पुकार मच गया।

## मधेपुरा में बन रही लालू यादव की प्रतिमा, होलिका दहन मेले में होगी प्रदर्शित, चर्चा का विषय

**मधेपुरा।** मधेपुरा के साहुगढ़ गांव में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को लेकर अलग ही दीवानगी देखने को मिल रही। जहां मूर्तिकार द्वारा होलिका दहन मेला में उनकी मूर्ति बनाई जा रही। बता दें कि पिछले 5 वर्षों से होली के अवसर पर यहां मेला का आयोजन किया जा रहा। लेकिन इस साल खास बात ये है कि इस मेले में भगवान की मूर्ति के साथ-साथ लालू प्रसाद की भी मूर्ति बनाई जा रही। कलाकार मूर्ति को अंतिम रूप देने में लगे हैं। दरअसल, मधेपुरा सदर थाना क्षेत्र के साहुगढ़ गोढीयारी में 4 मार्च से लगने वाले होलिका दहन मेले की तैयारी की जा रही। इस सात दिवसीय मेले को लेकर लोग जोर-शोर से लगे हुए है। इस मेले में कुश्ती प्रतियोगिता और संस्कृति कार्यक्रम लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहता। लेकिन इस बार लालू प्रसाद की मूर्ति लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कर रहा।

## गया एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी, हाइअलर्ट जारी

**गया।** गया इंटरनेशनल एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी मिली है। यह पत्र एयरपोर्ट डायरेक्टर को भेजा गया है। इसमें होली के दिन ड्रोन और केमिकल से हमले करने की जिक्र है। इस पत्र में 27 लोगों के नाम और पते हैं। जिसमें से 3 लोग गया के हैं। इस धमकी भरे पत्र को गया एयरपोर्ट डायरेक्टर द्वारा गृह मंत्रालय दिल्ली और गया एसएसपी को भेजा गया है। इधर, मामला संज्ञान में आते ही गया में हाई अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही पुलिस और जांच एजेंसियां भी एक्शन में आ गई हैं। दरअसल, पत्र भेजकर गया-बोधगया रोड स्थित गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हमले करने की धमकी दी गई है। उक्त पत्र में गया हवाई अड्डा सहित अन्य कई स्थानों को होली के दिन ड्रोन और केमिकल से हमले करने की जिक्र है। पुलिस के मुताबिक गया एयरपोर्ट डायरेक्टर बंगजीत साहा को धमकी लिखी चिट्ठी मिली है। एयरपोर्ट डायरेक्टर बंगजीत साहा ने जिला पुलिस और तमाम एजेंसियों को सूचना दी। सूचना के आधार पर गया एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## हाजीपुर में बालू माफिया के हौसले बुलंद

**वैशाली।** हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र में बालू माफियाओं का कहर सामने आया है, जहां माफियाओं ने खनन विभाग की टीम पर हमला कर दो सैफ जवानों को घायल कर दिया है। वहीं पकड़े गए बालू के ट्रैक्टर को भी छुड़ाकर अपने साथ ले गए हैं। घटना नगर थाना क्षेत्र के पुरानी गंडक पुल की बताई जा रही है। बताया गया कि खनन विभाग की टीम हाजीपुर से सोनपुर जाने वाली पुरानी गंडक पुल के हाजीपुर की तरफ जांच के बाद बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ी थी, जिसे लेकर थाने लाया रहा था। इसी बीच करीब 40 से 50 की संख्या में बालू माफिया के गुंडे जमा हो गए और जवानों की पिटाई कर दी, जिसमें दो सैफ जवान पवन कुमार सहित एक अन्य घायल हो गए। घटना तब घटी जब पकड़े गए ट्रैक्टर को लेकर खनन विभाग की टीम आ रही थी, तभी लाठी और डंडे से वार कर शायद जवानों को घायल कर दिया।

## खगड़िया : बाहुबली ब्रजेश यादव की हत्या

### भागवत कथा सुनने घर से निकलते ही अपराधियों ने की फायरिंग, गांव में तनाव का माहौल

**एजेंसी**

**खगड़िया।** खगड़िया में बेखौफ अपराधियों ने शुक्रवार को दिनदहाड़े एक दबंग और बाहुबली के रूप में चर्चित ब्रजेश यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना गोगरी थाना क्षेत्र के शिशवा गांव की है। अपराधियों ने ब्रजेश यादव के सिर में गोलियां दागी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे गांव में तनाव व्याप्त है। घटना के बाद मौके पर कई थानों की पुलिस घटनाथल पर पहुंच गई। एसडीपीओ मनोज कुमार भी मौके पर पहुंचकर छानबीन की और मृतक के परिजनों से बंद कमरे में बातचीत की। ब्रजेश यादव के घर के पास पहले घात लगाए स्कॉर्पियो सवार अपराधियों ने ही इस घटना को अंजाम दिया। हत्या के बाद सभी गाड़ी पर बैठकर फरार हो गए। ब्रजेश यादव के घर से कुछ दूरी पर वासुदेवपुर ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित महाविष्णु यज्ञ में जा रहे थे। यहां भागवत कथा सुनने ब्रजेश यादव प्रत्येक दिन की तरह शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने घर से निकले थे। उनके घर से निकलकर चंद कदम बढ़ते ही पहले से घात लगाए अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी। ब्रजेश यादव को 4 गोली लगी है।

### कभी टॉप अपराधियों की लिस्ट में शामिल था ब्रजेश का नाम



गोगरी थाना क्षेत्र का शिशवा-बरेठा गांव कुख्यात का इलाका माना जाता है। यहां के कई कुख्यात अपराधियों का नाम जिले के टॉप अपराधी के रूप में जाना जाता है। इनमें से कई की हत्या भी हो चुकी है तो कई जेल में बंद हैं। मृतक ब्रजेश यादव का नाम भी जिले के टॉप अपराधियों की लिस्ट में था और उनके विरूद्ध सीसीए भी लगा था। कई मामलों वे जेल भी गए थे। इधर, गोगरी के थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि ब्रजेश यादव के हत्यारों का पता लगाया जा रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के बाद हत्या का राज सामने आएगा। पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के घाटहो थाना क्षेत्र के खजूरी चौक के समीप एक युवक का शव फंदे से लटका मिला है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त युवक अपने घर से सुबह खाना खाकर दुकान खोलने के लिए आए थे। इसी दौरान दुकान में सामान की खरीदारी करने आए ग्राहक द्वारा नाम से पुकारा गया तो वापस आवाज नहीं आने के बाद बगल वाले दुकानदार को इस बात की जानकारी दिया, फिर बगल वाले दुकानदार दुकान के अंदर प्रवेश किए तो फंदे से लटका हुआ युवक का शव पड़ा हुआ था। शोर मचाये जाने के बाद घटनास्थल पर सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। फिर स्थानीय पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई। वहीं मौके से पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिला के सरायरंजन पंचायत के मानिकपुर के जगदीशपुर गांव के रहने वाले चंदेश्वर साह के 21 वर्षीय पुत्र मिथलेश कुमार के रूप में किया गया।

## पति के प्यार को पाने के लिए प्रेमी की हत्या

### अश्लील वीडियो से प्रेमिका को करता था ब्लैकमेल, तंग आकर करवाई हत्या

**एजेंसी**

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी में पुलिस ने परवेज हत्या कांड का खुलासा कर दिया है। महिला ने पति के प्यार को वापस पाने की चाहत में अपने प्रेमी की हत्या करा दी थी। मृतक परवेज जिस महिला को अवैध संबंध के वीडियो से ब्लैकमेल करता था। उसी महिला ने दो युवकों से मिलकर उसकी हत्या कर दी। फिर उसके शव को फेंक दिया गया।

### दो की गिरफ्तारी

घटना को अंजाम देने वाली महिला और एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दोनों गिरफ्तार महिला और पुरुष ने कांड में संलिप्तता स्वीकार कर लिया है। गिरफ्तार महिला की पहचान अनीशा खातुन के तौर पर हुई है। वह सीतामढ़ी जिले के बेला थाना क्षेत्र के चांदी राजवाड़ा की रहने वाली है। उसके पति का नाम निजामुद्दीन है। जबकि दूसरा आरोपी राकेश पटेल है।



### करता था महिला को ब्लैकमेल

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार महिला अनीशा खातून का मृतक परवेज से 5-6 सालों से अवैध संबंध था। इसको लेकर महिला के पति ने उसे छोड़ भी दिया है। पुलिस ने कहा कि मृतक परवेज के पास महिला से अवैध संबंध बनाने का वीडियो भी था। अंत में अनीशा खातून परवेज से परेशान होकर उसकी हत्या की साजिश रची। मो. नवीजन के माध्यम से राकेश पटेल से मिली। इसके बाद अनीशा खातून के इशारे पर राकेश पटेल की ओर से मृतक परवेज की गला रेतकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को नेपाल बॉर्डर मलाहि में फेंक दिया गया था।

### मिलने के बहाने बुलाकर की हत्या

21 फरवरी को मलाही बॉर्डर से मो. परवेज की लाश मिली थी। घटना के वक्त मृतक के पिता ने पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया था। इसके आधार पर पुलिस पहले अनीशा खातून को गिरफ्तार की। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार महिला अनीशा ने ही मो. परवेज को मिलने के बहाने बुलाया था। अपने करीबी समेत दो लोगों के साथ मिलकर हत्या कर दी। ताकि उसका पति निजामुद्दीन से उसका रिश्ता अच्छा हो जाए।

## पेज एक का शेष

### खूंटी के रेफरल अस्पताल...

वीरेंद्र की मौत पर ग्रामीण उग्र हो गये और सड़क पर धरने पर बैठ गये। उग्र ग्रामीणों ने अस्पताल के मुख्य द्वार में ताला जड़ दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। इधर, अस्पताल के कर्मचारियों का कहना है कि अस्पताल पहुंचते ही वीरेंद्र की मौत हो चुकी थी।

### जेएसएमडीसी के पूर्व...

**2008 में अनुबंध के आधार पर जेएसएमडीसी में नियुक्ति :** अशोक कुमार 2008 में अनुबंध के आधार पर जेएसएमडीसी में नियुक्त हुआ था। गढ़वा जिले के परियोजना अधिकारी के पद पर भी कार्यरत रहे। 2017 में अनुंबध खत्म हो गया था। अशोक पर गढ़वा के केतार थाना (कांड संख्या 04/2019) जालसाजी का मामला दर्ज किया गया था। अशोक पूर्व एमडी और खान सचिव के श्रीनिवासन के काफी करीबी थे।

### राज्य के समग्र...

बजट में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, गिरिडीह और जमशेदपुर में नये डेयरी प्लांट और रांची में मिल्क पाउडर प्लांट के साथ मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना के लिए 180 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 1 रुपये प्रति लीटर की दर से प्रोत्साहन राशि देने की योजना शुरू की गयी थी, जिसे वर्ष 2022-23 में बढ़ाकर 2 रुपये कर दिया गया गया। वर्ष 2023-24 में इसे 2 रुपये से बढ़ाकर 3 रुपये करने की घोषणा की गयी है। किसानों को सिंचाई कूप उपलब्ध कराने के लिए मनरेगा और राज्य योजना के तहत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन की शुरुआत की गयी है। इसके लिए राज्य योजना से प्रति लाभुक 50 हजार रुपए सामग्री मद से तथा शेष राशि मनरेगा योजना से देने का प्रावधान किया गया है। पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना शुरू की गयी है। सभी सचिवालयों में पंचायत कार्यालय के अतिरिक्त प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से सभी प्रकार के प्रमाण पत्र, ऑनलाइन सुविधाएं और निर्धारित दिवस पर हल्का से संबंधित कार्य को उपलब्ध कराया जायेगा। आगामी वित्तीय वर्ष में महिला और किशोरी कल्याण योजना प्रारंभ करने का प्रस्ताव है, जबकि आंगनबाड़ी चलो अभियान योजना की शुरुआत की जायेगी। इसके अलावा अगले वित्त वर्ष में 800 नये आंगनबाड़ी भवन के निर्माण का प्रस्ताव है। आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं के लिए सामूहिक बीमा योजना भी शुरू की जायेगी। आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं के चयन और मानदेय नियमावली गठित की गयी है। इनके मासिक मानदेय में 3100 से 4800 रुपये की बढ़ोतरी की गयी है। इसके तहत इनका मासिक मानदेय में 500 तथा 250 रुपये की वृद्धि की जायेगी। वहीं, आंगनबाड़ी सेविकाओं को आधुनिक सूचना तंत्र से जोड़ने के लिए सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन उपलब्ध कराया जायेगा। राज्य के 1 हजार 8 सौ 28 पंचायत जीरो ड्रॉप आउट घोषित हो चुके हैं। सरकार ने अगले वर्ष में राज्य की सभी पंचायतों को जीरो ड्रॉपआउट पंचायत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आगामी वित्तीय वर्ष में पहली बार बांग्ला और उड़िया भाषाओं में कक्षा 1 से 5 तक चयनित स्कूलों में प्रारंभिक शिक्षा दी जायेगी। राज्य में नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा, दुमका और बोकारो में आवासीय विद्यालय के निर्माण का प्रस्ताव है। जबकि, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना और प्रतियोगिता परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग को मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना का कार्यान्वयन किया जायेगा। खूंटी में नये राजकीय पॉलिटेकनिक खोले जाने का प्रस्ताव है। राज्य सरकार की ओर से आगामी वित्तीय वर्ष में बोकारो और रांची में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रस्ताव है। जबकि, पलामू, चाईबासा और दुमका में मनोचिकित्सा केंद्र की स्थापना होगी। इसके अलावा, चलंत ग्राम क्लीनिक का संचालन और नये नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की योजना है। राज्य के 60 से अधिक परिवारों के 2 करोड़ 60 लाख लाभुकों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

# दिल्ली एम्स में रोबोटिक सर्जरी ट्रेनिंग केंद्र जल्द

एजेंसी

**डाक्टरों को रोबोटिक सर्जरी के लिए विदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी**

**नयी दिल्ली।** एम्स देश का पहला रोबोटिक सर्जरी प्रशिक्षण केंद्र शुरू करेगा। इसके लिए एम्स ने पहल की है। एम्स के निदेशक डा. एम श्रीनिवास एक आदेश जारी कर यूरोलाजी के विभागाध्यक्ष डा. अमलेश सेठ को एम्स में रोबोटिक सर्जरी प्रशिक्षण केंद्र शुरू कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। उम्मीद है छह माह में यह केंद्र शुरू हो जाएगा। इससे एम्स के अलावा दूसरे अस्पतालों के डॉक्टर भी एम्स में रोबोटिक सर्जरी का प्रशिक्षण ले सकेंगे।

इससे डाक्टरों को रोबोटिक सर्जरी के लिए विदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही एम्स रोबोटिक सर्जरी का बड़ा केंद्र बन सकेगा। इसलिए मरीजों को भी फायदा होगा। एम्स में मौजूदा समय में यूरोलाजी विभाग में एक रोबोटिक मशीन है। जनरल सर्जरी विभाग के डॉक्टर भी इस रोबोटिक मशीन के जरिए सर्जरी करते रहे हैं। अब नए सर्जिकल ब्लॉक में अत्याधुनिक रोबोटिक मशीन लगाने की प्रक्रिया चल रही है। यह मशीन आने के बाद एम्स में दो रोबोटिक मशीन उपलब्ध हो जाएंगी। एम्स निदेशक द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि संस्थान में रोबोटिक सर्जरी में दक्ष कई विशेषज्ञ फैकल्टी हैं, जो दूसरे डॉक्टरों को प्रशिक्षित कर सकते हैं। इसके मद्देनजर एम्स में रोबोटिक सर्जरी प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया जाएगा।

संस्थान के मुख्य अस्पताल सहित सभी केंद्रों में रोबोटिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए एम्स जल्द ही रोबोटिक मशीन बनाने वाली कंपनियों से आवेदन आमंत्रित करेगा।

एम्स उन्हें सभी केंद्रों में 500 वर्ग फुट जगह उपलब्ध कराएगा, जहां कंपनियां ना लाभ ना हानि के सिद्धांत पर प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करेंगी। एम्स के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि अभी रोबोटिक सर्जरी के प्रशिक्षण के लिए




डॉक्टरों को विदेश जाना पड़ता है। एम्स के कई डाक्टरों ने अमेरिका जाकर प्रशिक्षण लिया है। एम्स में प्रशिक्षण केंद्र शुरू होने पर डाक्टरों को यहीं पर रोबोटिक सर्जरी का प्रशिक्षण मिल सकेगा।

साथ ही आने वाले समय में एम्स के कार्डिक सेंटर, न्यूरो सेंटर, कैंसर सेंटर, ट्रामा सेंटर व झज्जर स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में भी रोबोटिक सर्जरी की सुविधा हो जाएगी। दूसरे अस्पतालों के डॉक्टर जब एम्स में रोबोटिक सर्जरी का प्रशिक्षण लेंगे तो वे वापस जाकर अपने अस्पताल में भी रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू का सकेंगे। इसलिए एम्स की इस पहल से आने वाले समय में अधिक मरीजों को रोबोटिक सर्जरी की अत्याधुनिक सुविधा मिल सकेगी। मौजूदा समय में दिल्ली में एम्स के अलावा सरकारी क्षेत्र के सिर्फ सफदरजंग अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा है।

## स्पीड न्यूज

### खेड़ा की जमानत 17 मार्च तक बढ़ी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अंतरिम जमानत की अवधि शुक्रवार को 17 मार्च तक बढ़ा दी। मामले में असम पुलिस ने खेड़ा को गिरफ्तार किया था। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने समयाभाव के कारण सुनवाई को 17 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और असम के जवाब रिकॉर्ड में नहीं हैं और वह याचिका पर होली की छुट्टी के बाद सुनवाई करेगी। अदालत ने स्पष्ट किया कि खेड़ा को दी गई अंतरिम जमानत को 17 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। थी।

### सोनिया गांधी गंगा राम अस्पताल में भर्ती

नयी दिल्ली। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) अध्यक्ष एवं कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को बुखार के बाद सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सर गंगा राम अस्पताल ट्रस्ट सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ डी एस राणा ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि संप्रग अध्यक्ष सोनिया गांधी को बुखार के कारण दो मार्च को यहां भर्ती कराया गया है। वह चेस्ट विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ अरूप बसु और उनकी टीम की निगरानी में है। डॉ राणा ने कहा, कि श्रीमती गांधी की निगरानी और जांच की जा रही है। उनकी हालत स्थिर है।

### ट्राली-बस की टक्कर आठ लोगों की मौत

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में चंडीगढ़-यमुनानगर मार्ग पर शुक्रवार तड़के ट्राले और निजी बस की टक्कर से आठ लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गये। पुलिस के अनुसार हादसा शहजादपुर में ककर माजरा के निकट हुआ। बस उत्तर प्रदेश के बरेली से हिमाचल प्रदेश के बद्दी जा रही थी। मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। घायलों को चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री मुखर्जी का निधन

कोलकाता। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष रह चुके सत्यब्रत मुखर्जी का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को कोलकाता में उनके आवास पर निधन हो गया। पार्टी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। मुखर्जी 90 वर्ष के थे। राजनीति में आने से पहले वह भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल रहे थे।

### वन्यजीवों के पर्यावास की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विश्व वन्यजीव दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वन्यजीवों के पर्यावास की रक्षा करना उनकी सरकार की प्रमुख प्राथमिकता रही है और इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि विश्व वन्यजीव दिवस पर, वन्यजीव प्रेमियों और वन्यजीव संरक्षण पर काम करने वालों को शुभकामनाएं। पशु पर्यावासों की रक्षा करना हमारे लिए एक प्रमुख प्राथमिकता है और हमने इसके अच्छे परिणाम देखे हैं। बीता हुआ साल हमेशा उस वर्ष के रूप में याद किया जाएगा, जब हमने अपने देश में चीतों का स्वागत किया था! मालूम हो कि 20 दिसंबर 2013 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने 68वें सत्र में तीन मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस घोषित किया था। दुनियाभर से लुप्त हो रहे वन्य जीवों और जंगली फल-फूलों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को प्रतिबंधित करने के लिए तीन मार्च 1973 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए थे। विश्व वन्यजीव दिवस के जरिये हर साल अलग-अलग विषय के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाई जाती है।

# भाजपा विधायक के बेटे के घर से मिला छह करोड़ कैश

एजेंसी

**लोकायुक्त की टीम ने प्रशांत को 40 लाख रुपये घूस लेते पकड़ा इसके बाद छापे में 6 करोड़ जब्त**

**विधायक विरुपक्षप्पा ने पद से दिया इस्तीफा**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में लोकायुक्त अधिकारियों ने भाजपा के विधायक मदल विरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कुमार को 40 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा। इसके बाद मारे गए छापे में विधायक पुत्र के घर से छह करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब नकदी बरामद की।

भाजपा विधायक ने अपने बेटे के खिलाफ लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद केएसडीएल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि उन्होंने दावा किया कि भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी की ओर से की गई छापेमारी उनके और उनके परिवार के खिलाफ एक साजिश है। वहीं कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मामले की निष्पक्ष जांच का वादा किया। बेंगलुरु वाटर सप्लाई और सीवरेज बोर्ड के मुख्य लेखा अधिकारी प्रशांत को गुरुवार शाम को कर्नाटक साबुन और डिटर्जेंट लिमिटेड (केएसडीएल) कार्यालय में एक ठेकेदार से कथित तौर पर 40 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था। जाल में फंसने के कुछ ही घंटों के भीतर लोकायुक्त अधिकारियों की एक टीम ने प्रशांत के घर पर छापे मारे और बेहिसाब नकदी बरामद की।

लोकायुक्त सूत्रों के अनुसार, दावणगेरे जिले के चन्नागिरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विरुपक्षप्पा केएसडीएल के अध्यक्ष हैं और प्रशांत कथित रूप से अपने पिता की ओर से रिश्वत की पहली किस्त ले रहे थे। विरुपक्षप्पा ने शुक्रवार को इस पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री को भेजे अपने त्याग पत्र में उन्होंने कहा कि उनके और लोकायुक्त अधिकारियों के



छापे के बीच कोई ह्यसंबंधह्न नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने इस कार्रवाई को अपने और अपने परिवार के खिलाफ साजिश करार दिया।

उन्होंने कहा कि इसके बावजूद, चूंकि मेरे खिलाफ आरोप लगाया गया है, तो मैं नैतिक जिम्मेदारी ले रहा हूं और केएसडीएल अध्यक्ष के पद से अपना इस्तीफा सौंप रहा हूं। कर्नाटक के लोकायुक्त न्यायमूर्ति (रिटायर्ड) बी एस पाटिल ने शुक्रवार को कहा कि केएसडीएल कार्यालय से 2.02 करोड़ रुपये और प्रशांत के घर से 6.1 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि (प्रशांत सहित) पांच लोगों को पकड़ा गया है और उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि एफआईआर भी दर्ज कर ली गई है।

## पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में की है मदद : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की है। उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ की भाजपा नीत पूर्ववर्ती रमन सिंह सरकार में प्रधान सचिव रहे अमन कुमार सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करते हुए उक्त टिप्पणी की। शीर्ष अदालत के इस फैसले के साथ ही सिंह और उनकी पत्नी यासमीन सिंह के खिलाफ मुकदमा चलने का रास्ता साफ हो गया है। न्यायालय ने कहा कि संविधान के तहत स्थापित अदालतों का देश के लोगों के प्रति कर्तव्य है कि वे दिखाएं कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। साथ ही वे अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में धन का समान वितरण कर भारत में लोगों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का वादा किया गया है, जिसे पूरा करने में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में राज्य के पूर्व प्रधान सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करते हुए कहा था कि मामला दर्ज करना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग था और आरोप प्रथम दृष्टया संभावनाओं पर आधारित थे। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की है।

## गलवान में माइनस तापमान में दिखा सैनिकों का जोश



**पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में सेना पूरे जोश और जुनून के साथ सीमा की रक्षा करने के साथ-साथ क्रिकेट खेल रहे हैं। सेना ने बताया कि त्रिशूल डिवीजन की पटियाला ब्रिगेड ने गलवान घाटी के पास अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में माइनस तापमान में पूरे उत्साह और जोश के साथ क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में पूरे जोश और उमंग के साथ सैनिकों ने क्रिकेट को एंजॉय किया। बता दें कि गलवान घाटी में वर्ष 2020 में 15-16 जून की रात भारतीय सैनिकों के साथ हुए संघर्ष के दौरान कम से कम 42 चीनी सैनिक मारे गए थे।**

# जितना कीचड़ उछालेंगे कमल उतना ही खिलेगा

**भाजपा से सीखें अन्य दल, अपने दिग्गजों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है: शाह**

**बीदर (कर्नाटक)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर अपने दिग्गजों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा को उनके जन्मदिन पर बधाई दी, उससे सभी राजनीतिक दलों को सीखना चाहिए कि अपने दिग्गजों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। शाह ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अपने नेताओं का अपमान किया है, चाहे वह एस. निजलिंगप्पा हों या पूर्व मुख्यमंत्री वीरेंद्र पाटिल। उन्होंने दावा किया कि केवल भाजपा ही जानती है कि पार्टी के दिग्गजों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार कैसे किया जाता है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में कर्नाटक में थे और जिस तरह से उन्होंने लोगों के सामने येदियुरप्पा का सम्मान किया, उससे सभी राजनीतिक दलों को सीखना चाहिए। उन्हें अपने बुजुर्गों, दिग्गजों और लोकप्रिय नेताओं का सम्मान करना सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि



आप जितना कीचड़ उछालेंगे, कमल और खिलेगा। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और जनता दल (एस) वंशवादी दल हैं और वे कर्नाटक के लोगों का कभी भला नहीं कर सकते। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस और आप पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को (न जाने) क्या हो गया है? वे नारे लगा रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी। आम आदमी पार्टी भी मोदी मर जा के नारे लगा रही है। शाह ने कहा कि इस तरह की नारेबाजी से कोई मदद नहीं मिलेगी, क्योंकि प्रधानमंत्री को लोगों का आशीर्वाद प्राप्त है।

# सिसोदिया ने अदालत में दी जमानत अर्जी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिये शुक्रवार को यहां की एक अदालत का दरवाजा खटखटाया। सिसोदिया को कथित आबकारी घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। उनके वकील ने यह जानकारी दी। वकील ऋषिकेश ने बताया कि इस आवेदन पर विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल की अदालत में सुनवाई होने की संभावना है। सिसोदिया को सोमवार को सीबीआई की हिरासत में भेजा गया था। उन्हें सीबीआई हिरासत खत्म होने पर शनिवार को अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने अब रद्द की जा चुकी साल 2021-22 की आबकारी नीति बनाने एवं उसे लागू करने में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में रविवार शाम को सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के अनुसार, गिरफ्तार करने से पहले उनसे आठ घंटे तक पूछताछ की गयी थी।

# इस साल ऑस्कर अवार्ड देंगी दीपिका पादुकोण

मुंबई। दीपिका पादुकोण इस साल ऑस्कर पुरस्कार समारोह में पुरस्कार प्रदान करने के लिए शिरकत करेंगी। दीपिका ने गुरुवार रात सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर ऑस्कर 2023 के प्रेजेंटर की सूची साझा करते हुए यह जानकारी की। भारत इस साल तीन श्रेणियों में अपनी दावेदारी पेश कर रहा है। फिल्मकार एस. एस. राजामौली की फिल्म आरआरआर का गीत नाटु नाटु सर्वश्रेष्ठ मूल गीत श्रेणी में, भारतीय वृत्तचित्र ऑल दैट ब्रीद्स वृत्तचित्र फीचर श्रेणी में और द एलिफेंट व्हिस्परर्स लघु विषय श्रेणी में नामित है।


द एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) के अनुसार, पुरस्कार समारोह का अयोजन 12 मार्च को अमेरिका के लॉस एंजिलिस के डोली थिएटर मे किया



जाएगा। इससे पहले दीपिका ने कान फिल्म उत्सव 2022 की 75वीं वर्षगांठ पर बतौर ज्यूरी भारत का नेतृत्व किया था। अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच फाइनल से पहले पिछले साल 18 दिसंबर को लुसैल स्टेडियम में फीफा विश्व कप ट्रॉफी का भी उन्होंने अनावरण किया था।

## बड़े मियां छोटे मियां में नजर आयेंगी सोनाक्षी

बड़े मियां छोटे मियां में काम करबॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा बड़े मियां छोटे मियां में काम करती नजर आयेंगी। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बन रही फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका है। अब इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा की इंट्री हो गयी है। सोनाक्षी सिन्हा ने कहा कि मैं बड़े मियां छोटे मियां का हिस्सा बनने के लिए काफी उत्साहित हूं। अक्षय के साथ काम करना हमेशा अच्छा अनुभव रहता है। यह टाइगर के साथ मेरी पहली फिल्म होगी। अली अब्बास जफर कमाल के निर्देशक हैं और मुझे पूरी उम्मीद है कि बड़े मियां छोटे मियां ब्लॉकबस्टर रहेगी। मैं चाहती हूं कि दर्शक इस फिल्म को थिएटर में देखें और जमकर



एन्जॉय करें।गौरतलब है कि वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित एएजेड फिल्म के सहयोग से बनीं 'बड़े मियां छोटे मियां', को वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया हैं।

## दक्षिणी स्पेन में मिला सबसे पुराना मानव जीनोम

**बर्लिन।** अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक दल ने एक व्यक्ति का 23,000 साल पुराना जीनोम डेटा बरामद किया है। माना जा रहा है कि यह व्यक्ति आखिरी हिमयुग के चरम पर संभवतः यूरोप के सबसे गर्म स्थान पर रहता था। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, सबसे पुराना मानव जीनोम दक्षिण स्पेन के कुएवा डेल मलालमुएर्जो से बरामद हुआ है। इसके अलावा, देश के कुएवा डी अर्डेल्स सहित अन्य स्थानों से प्राचीन किसानों का सात हजार से पांच हजार साल पुराना जीनोम मिला है। वैज्ञानिकों ने दक्षिण स्पेन के आंदालुसिया में स्थित कई पुरातात्विक स्थलों से बरामद प्राचीन मानव डीएनए का विश्लेषण किया है। उन्होंने कहा कि स्पेन के दक्षिणी हिस्से से बरामद सबसे पुराना मानव जीनोम यूरोप के अनुवांशिक इतिहास में रहस्य की एक और कड़ी जोड़ता है।

## वाणिज्य की खबरें

### पीएनबी में पांच लाख और अधिक के चेक भुगतान के लिए पीपीएस अनिवार्य

नयी दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने पांच लाख रुपये और उससे अधिक के चेक भुगतान के लिए सकारात्मक भुगतान प्रणाली (पीपीएस) को अनिवार्य कर दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने ग्राहकों को चेक के फर्जी भुगतान से बचाने के लिए यह कदम उठाया। पीएनबी ने एक बयान में कहा कि यह फैसला पांच अप्रैल, 2023 से लागू होगा। इससे पहले 10 लाख रुपये और उससे अधिक के चेक भुगतान के लिए पीपीएस में चेक विवरण जमा करना अनिवार्य था। पीपीएस भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा विकसित एक प्रणाली है, जिसके लिए ग्राहकों को एक निश्चित राशि के चेक जारी करते समय आवश्यक विवरण की पुष्टि करनी होती है। इन विवरण में खाता संख्या, चेक नंबर, चेक अल्फा कोड, जारी करने की तारीख, राशि और लाभार्थी का नाम शामिल हैं। इससे बड़ी राशि के चेक का भुगतान करते समय किसी भी जोखिम से बचने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा मिलती है।बैंक ने कहा कि ग्राहक शाखा कार्यालय, ऑनलाइन बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग या एसएमएस बैंकिंग के जरिए चेक विवरण देकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।
कर्नाटक में नये कारखाने में बनेंगे एप्पल फोन, एक लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

### कर्नाटक में नये कारखाने में बनेंगे एप्पल फोन, एक लाख लोगों को मिलेगा रोजगार


बेंगलुरु। एप्पल फोन कर्नाटक में 300 एकड़ क्षेत्र में लगे एक नये कारखाने में बनेंगे, जिससे लगभग एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर और मुख्यमंत्री बसरराज बोम्मई ने यह जानकारी दी। चंद्रशेखर ने ट्वीट किया कि एप्पल फोन कर्नाटक में 300 एकड़ क्षेत्र में बने एक नये कारखाने में बनाए जाएंगे। बोम्मई ने कहा कि राज्य में एप्पल फोन का विनिर्माण जल्द होगा। इससे लगभग एक लाख रोजगार पैदा होंगे। इससे कर्नाटक में कई अवसर सृजित होंगे। इस बीच एप्पल इंक की साझेदार हॉन हाई टेक्नोलॉजी ग्रुप (फॉक्सकॉन) का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को बेंगलुरु पहुंचा और उसने कर्नाटक के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सीएन अश्वथ नारायण से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कंपनी चेयरमैन योंग लियू कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल को राज्य में एप्पल फोन की विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए जमीन का निरीक्षण करने के लिए ले जाया गया।आंध्र प्रदेश के सभी बंदरगाह राजमार्ग से जुड़ेंगे, बीस हजार करोड़ रुपये का होगा निवेश: गडकरी

### आंध्र प्रदेश के सभी बंदरगाह राजमार्ग से जुड़ेंगे : गडकरी

विशाखापत्तनम। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को यहां कहा कि आंध्र प्रदेश के सभी बंदरगाहों को 4-लेन वाले राजमार्गों से जोड़ा जाएगा। इसके लिए 20,000 करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे। उन्होंने वैश्विक निवेशक सम्मेलन (जीआईएस) में कहा कि बंदरगाह छोटा हो या बड़ा, निजी बंदरगाह हो या सरकारी, सभी को संपर्क बढ़ाने वाली सड़कों से जोड़ा जाएगा। राज्य से तीन औद्योगिक गलियारे, विशाखापत्तनम-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु और हैदराबाद-बेंगलुरु गुजर रहे हैं। इसके मद्देनजर यह फैसला महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा लोगों को अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन कैनेडी के प्रसिद्ध कथन के बारे में बताता हूं कि अमेरिकी सड़कें इसलिए अच्छी नहीं हैं क्योंकि अमेरिका अमीर है। बल्कि, अमेरिका अमीर है, क्योंकि अमेरिकी सड़कें अच्छी हैं। गडकरी ने कहा कि नागपुर और विजयवाड़ा को जोड़ने वाली 430 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना भी शुरू की जाएगी।

### शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों को 3.43 लाख करोड़ का लाभ

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में शुक्रवार को जोरदार तेजी के साथ निवेशकों को 3.43 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 899.62 अंक यानी 1.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,808.97 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,057.69 अंक तक चला गया था। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,43,173.59 करोड़ रुपये बढ़कर 2,63,42,218.11 करोड़ रुपये पहुंच गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ह्यमुद्रास्फीति के बारे में चिंता करने की तुलना में आज बाजार के पास खुश होने के अधिक कारण थे। अडाणी के शेयरों में विदेशी निवेश की रिपोर्ट के चलते सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में तेजी आई। इससे कमजोर भावनाओं को दूर करने में मदद मिली। एफआईआई की लिवाली से इस धारणा को और बल मिला। गौरतलब है कि मुश्किल दौर से गुजर रहे अडाणी समूह ने अपनी चार सूचीबद्ध कंपनियों में अल्पांश हिस्सेदारी अमेरिकी संपत्ति प्रबंधक कंपनी जीक्यूजी पार्टनर्स को 15,446 करोड़ रुपये में बेची है।



### वाहन से दुर्घटना के मुआवजा राशि को लेकर डालसा ने किया जागरूकता शिविर का आयोजन

# पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि ससमय प्रदान कराना पुलिस और इंश्योरेंस कर्मियों का है कर्त्तव्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** मोटर सड़क दुर्घटना मुआवजा पर व्यवहार न्यायालय परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला का आयोजन न्याय सदन भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में आयोजित हुई। जिसमें पुलिस पदाधिकारी, अधिवक्ता और इंशोरेंस कर्मी उपस्थित हुए। जागरूकता कार्यशाला का अध्यक्षता प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज अनिल कुमार मिश्रा ने किया। कार्यशाला में मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को ससमय व उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया के प्रावधान और सरलीकरण पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रधान जज अनिल कुमार मिश्रा ने झारखंड मोटर दुर्घटना कानूनों में वर्ष 2019 में हुए बदलाव को उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में 30 दिनों के अंदर पुलिस को दुर्घटना से संबंधित कागजात न्यायालय में प्रस्तुत करना है। ऐसा नहीं होने पर कोर्ट को सूचित करना आवश्यक है। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम को लेकर जामा और मसलिया थाना पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि इनसे अन्य थाना अध्यक्षों को सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने युवा थाना प्रभारियों से बेहतर करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि पुराने लोंगों से बेहतर आप कर सकते है। प्रधान जज ने कहा कि हर थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारी का कर्त्तव्य और कानूनी बाध्यता है। ऐसा नहीं करने पर कानूनी प्रतिबंध्यता और कानूनी घेरे में आ सकते है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कागजातों की डीटीओ से जांच कराना अनिर्वाय है। पुलिस पदाधिकारियों के कर्त्तव्यों को बताते हुए प्रधान जज ने कहा कि दुर्घटना के बाद इंशोरेंस कंपनी को जानकारी देना है और इंशोरेंस कंपनी को ससमय रिपोट सौंपना और वैद्य स्वीकृति देना कार्य है। मुआवजा राशि पीड़ित को दिलाने में विलंब होने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि 5 से 10 साल पूरा केस अब भी लंबित है। कई ऐसे भी मामले सामने आये है,जो वर्षो से लंबित है। जिसमें केस की वर्तमान स्थिति से गांव के ग्रामीण अवगत नहीं हैं। प्रधान जज ने मुआवजा राशि देने के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कहा कि मुआवजा राशि भुगतान का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवार को रोजगार व जीवनयापन के लिए सहायता राशि मुहैया कराना है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि संकल्प लेकर यहां से जाने की जरूरत है कि पीड़ित परिवार को सही मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। जो बिना इंशोरेंस कंपनी और पुलिस पदाधिकारी के सहयोग का संभव नहीं हैं। प्रधान जज ने दुर्घटना के शिकार परिवार को उचित मुआवजा दिलाने जैसे पुण्य के कार्यो में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अपील किया। इस अवसर पर अधिवक्ता नरेंद्र कुमार शर्मा ने दुर्घटना के शिकार परिवार को ससमय और उचित मुआवजा दिलाने में आने वाली कानूनी प्रावधानों के अड़चने और दूर करने के उपाय बतायें। डीजे वन रमेश चंद्रा ने मोटर वाईकिल एक्ट के प्रावधानों को विस्तार से बातया। अधिवक्ता शंकर बसईवाला ने मुआवजा राशि के भुगतान के प्रावधानों को बताया। डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार ने मुआवजा दिलाने में पुलिस पदाधिकारियों को महत्ती भूमिका और कर्त्तव्यों को बता थानाध्यक्षों को अपनी भूमिका कर्त्तव्यनिष्ठा से निभाने का अपील किया। कार्यशाला का नेतृत्व प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत एवं संचालन पीएलए काजल कुमारी ने की। इस अवसर पर अन्य रिसोर्स पर्सन ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर सिदो कान्हू हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सड़क दुर्घटनाओं से बचाव को लेकर जागरूक किया।



नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक करते स्कूली छात्र-छात्राएं



कार्यशाला में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी व अधिवक्ता

## एक नजर में

### एसकेएमयू में नामांकन कराने को 12वीं पास छात्रों को करना होगा सीयूईटी पास

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नाकोत्तर विभागों में छात्र-छात्राओं का नामांकन सीयूईटी के स्कोर के आधार पर होगा। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि इस बावत कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ली गई। कुलपति प्रो मिंज ने बताया कि ऐसा निर्णय सरकार के दिशा-निर्देश के आधार पर लिया जा रहा है। कुलपति डॉ मिंज ने बताया कि वैसे छात्र-छात्राएं जो इस वर्ष 12 वीं की परीक्षा दे रहे है। आगामी सत्र में विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में नामांकन कराना चाहते है। वैसे छात्र 12 मार्च तक सीयूईटी में अपना-अपना पंजीयन करा ले। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि छात्र-छात्राओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार हो। जिससे छात्र नामांकन से वंचित नहीं रह जाये। बैठक में प्रतिकुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह, डीएसडब्लू, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ अब्दुल सत्तार खान, डॉ जनेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

### होली में हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

**हंसडीहा/सरैयाहाट।** रंगों का त्योहार होली को लेकर शुक्रवार को हंसडीहा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हंसडीहा सर्कल इंस्पेक्टर अरविंद कुमार एवं थाना प्रभारी सुगना मुंडा की अध्यक्षता में संयुक्त रूप से हुई। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।होली शांति पूर्ण रूप से सम्पन्न हो इसके लिये उपस्थित लोगों ने अपनी अपनी बातों को थानाध्यक्ष के समक्ष रखा। लोगों की सुनने के बाद थानाध्यक्ष श्री मुंडा ने कहा कि होली के बहाने हुडदंग करने वाले व अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। शराब की दुकानें बंद रहेगी,सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले अफवाहों से बचने एवं त्योहार के दौरान भड़काऊ गाना बजाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से शांति ब्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि शराब बंदी व अपराध नियंत्रण के प्रत्येक मामले में आप सभी के सहयोग की अपेक्षा है। बैठक समाप्ति के बाद अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी गई। इस मौके पर एसआई सचिन कुमार मिश्रा, एएसआई रामनाथ खेरवार, बिंदा उरांव, मनोज कुमार सिंह, बनियारा मुखिया पूनम टुडू, ग्राम प्रधान बारीडीह हरिनंदन जायसवाल, ग्राम प्रधान हंसडीहा सतवन सिंह, रामदिवस जायसवाल, अशोक चौधरी, शांति मंडल, बिन्दु प्रसाद यादव, अरुण कुमार जायसवाल, गुंजन यादव, रमेश कुमार सिंह, बंगाली चौधरी, राजकिशोर राउत, अरुण कुमार, सीताराम सुमन,सूरज साह, पीताम्बर साह, ललिकांत यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नुक्कड़ नाटक से सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की दी गई जानकारी

**दुमका।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव में सिदो कान्हू मुर्मू कला मंच पर समाज कल्याण विभाग ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पर नुक्कड़ नाटक एवं लोक गीत का आयोजन कराया गया। नाटक के जरिए बताया गया कि यह योजना प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से एक है। इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं किशोरियों को शिक्षा से जोड़ने और व्यस्क होने पर उसकी शादी के लिए जरूरी सहायता करना है। इस योजना के लाभ से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। आठवीं कक्षा से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जाएगा। आठवीं और नौवीं क्लास में पढ़ने वाली छात्राओं को 2500 रुपए का आर्थिक लाभ मिलेगा। वहीं 10वीं, 11 वीं और 12 वीं में पढ़ने वाली छात्राओं को 5000 रुपए एवं इसके बाद 18-19 वर्ष की आयु पूरी होने पर 20,000 रुपए का एकमुश्त अनुदान दिया जाएगा। इस योजना के तहत जिले के लाखों किशोरियों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराया जा सकेगा।

### एसकेएमयू का एमलिस व बिलिस का परीक्षा परिणाम जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एमलिस सेमेस्टर 1 का परीक्षाफल जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि एम लिस विषय के सत्र 2021-22 के परीक्षा परीक्षा 2021 एवं सत्र 2021-22 के परीक्षा 2021 के बी लिस सेमेस्टर 1 के परीक्षा 2021 का परीक्षाफल जारी हुआ। सभी छात्र-छात्राएं शत-प्रतिशत सफल हुए।

### सांसद खेल महोत्सव की तैयारी पूरी, उद्घाटन आज

**दुमका।** गांधी मैदान में 4 मार्च से होने वाली सांसद खेल महोत्सव को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। आउटडोर खेल प्रतियोगिता में तीरंदाजी एवं 5000 मीटर दौड़ (पुरुष) का आयोजन गांधी मैदान में होना है। जिसका उद्घाटन सांसद सुनील सोरेन करेंगे। इंडोर खेल का आयोजन सिद्धों कान्हू इंडोर स्टेडियम में होना है।

### भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**हंसडीहा।** हंसडीहा के बारीडीह गांव में आयोजित भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन शुक्रवार को भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। जमुई जिले के डुमरी से पधारे कथा वाचक आचार्य शिव कुमार पांडे जी महाराज ने भागवत कथा के अंतिम दिन कई प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया।कथा के दौरान आचार्य जी ने श्रोताओं को भागवत को अपने जीवन में उतारने की अपील की। साथ ही सुदामा चरित्र के माध्यम से श्रोताओं को श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की मिसाल पेश की। समाज को समानता का संदेश दिया। इस कड़ी में आचार्य ने बताया श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है। इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। अंतिम दिन सुखदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई श्रीमद् भागवत भागवत कथा का पूर्णता प्रदान करते हुए विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि जीवन कई योनियों के बाद मिलता है और इसे कैसे जीना चाहिए के बारे में भी उपस्थित भक्तों को समझाया।

## टीबी मुक्त भारत बनाने को लेकर एसकेएमयू में कार्यशाल का आयोजन



कार्यशाला का उद्घाटन करती कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज ने प्रधान मंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़कर सेवा करने के लिए एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारियों और कॉलेज के प्राचार्यो से अपील की है। विश्वविद्यालय एनएसएस के द्वारा आयोजित निःक्षय मित्र उन्मुखीकरण कार्यक्रम में अध्यक्षीय संबोधन में प्रो मिंज ने कहा कि टीबी को देश में उन्मूलन को लेकर केंद्र सरकार की योजना को साकार करना हर भारतवासी का कर्तव्य है। कॉलेज एक संस्था के रूप में निःक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों की देखभाल में सरकार का सहयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो विमल प्रसाद सिंह ने संबोधन में एनएसएस की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम पदाधिकारियों और वोलियंटयर्स के राष्ट्रीय सेवा भाव की सराहना की। एनएसएस की गतिविधियों को राष्ट्रीय एकता के लिए कारगर बताया। कुलसचिव डॉ संजय सिन्हा ने निःक्षय मित्र की आवश्यकता एवं कार्यक्रम पदाधिकारी के दायित्व को सरल शब्दों में समझाया। ऑनलाइन रांची से जुड़कर स्टेट टीबी अफसर डॉ. रंजीत प्रसाद ने प्राचार्य और एनएसएस पदाधिकारियों को टीबी मुक्त भारत अभियान में जिला स्तर मिलने वाले सहयोग का अपील किया। दिल्ली से डीडीजी सेंट्रल टीबी ने भी निःक्षय मित्र को उत्साहित किया।

## हिजला मेला के अंतिम दिन विभिन्न खेलकूद में विजेता प्रतिभागी सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला के सातवें दिन को वॉलीबॉल,कबड्डी खो-खो सहित पुरुष एवं महिलाओं के लिए कई एकल प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। खो-खो पुरुष वर्ग में मधुपुर ने जामताड़ा टीम को कड़े मुकाबले में 2 पॉइंट के अंतर से परास्त कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। निर्धारित समय तक मधुपुर ने 10 पॉइंट हासिल किया। जबकि जामताड़ा ने 8 पॉइंट हालिस किया। कबड्डी पुरुष वर्ग में जामताड़ा ने दुमका भाई सेवन टीम को आसानी से परास्त कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। निर्धारित समय तक जामताड़ा ने 32 अंक हालिस किए। जबकि दुमका भाई सेवन की टीम 14 अंक ही अर्जित कर सकी। कबड्डी महिला वर्ग में दुमका पुलिस लाइन की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए देवघर को 7 अंक से परास्त कर खिताब पर कब्जा किया। निर्धारित समय तक दुमका पुलिस लाइन की टीम ने 14 अंक अर्जित किये। जबकि देवघर की टीम महज 7 अंक ही अर्जित कर सकी। पुरुषों के लिए आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में फूलों झानों की टीम ने जिला स्कूल की। टीम को एक कड़े संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-2 से परास्त कर खिताब अपने नाम किया। एकल मुकाबले के अंतर्गत पुरुषों के 5000 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में संजू मुर्मू, सुनील टुडू, देवाशीष मुर्मू, सामेल हांसदा एवं राकेश मुर्मू क्रमशः पहले से पांचवें स्थान पर रहे। पुरुषों के 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में नाकेस सोरेन, सौरभ कुमार एवं बेनेडिक्ट सोरेन, ऑफिशियल के लिए आयोजित 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में वरुण कुमार, ज्ञान प्रकाश ठाकुर एवं मो दाऊद, पुरुषों के कुश्ती प्रतियोगिता में आसिफ अहमद, शशिकांत हांसदा एवं विपुल कुमार, कुश्ती महिला वर्ग में कोमल कुमारी, ललिता कुमारी एवं मंजुला मुर्मू,14 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों के लिए आयोजित दो सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में पानो मरांडी, नीरू मरांडी एवं एलीना मुर्मू क्रमशः पहले, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहीं। विजेताओं को अनुमंडल पदाधिकारी राजकीय जनजाति हिजला मेला आयोजन समिति सचिव कौशल कुमार ने नकद एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संपूर्ण खेलकूद कार्यक्रम को सफल बनाने में खेलकूद समिति के सहसंयोजक उमाशंकर चौबे, बीबी गुहा, केएन सिंह, दीपक झा, रवि हांसदा, गोविंद प्रसाद, शिशिर कुमार घोष, वरुण कुमार भूमिका सराहनीय रही।



प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

## मुखिया सेलाय मुंडा ने बीडीओ से की बीपीओ व कम्प्यूटर ऑपरेटर की शिकायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** पंचायत में विकास कार्य के एवज में भुगतान नहीं होने एवं बीपीओ व कंप्यूटर आपरेटर द्वारा पक्षपात करने से नाराज गोपीनाथपुर पंचायत के मुखिया सेलाय मुंडा बीडीओ संजय कुमार सिन्हा से मिल स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान मुखिया ने बीडीओ को बताया कि पंचायत में बकरी शेड निर्माण के लिए सामग्री गिराया जा चुका है। लेकिन सामग्री के एवज में राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि अन्य पंचायतों में बिना सामग्री गिरे भुगतान कर दिया जा रहा है। इससे वेंडर और मजदूर परेशान है। वहीं मनरेगा में नई योजना पंचायत को नहीं दी जा रही है। बीडीओ व बीपीआरओ ने मौके पर कंप्यूटर आपरेटर को फटकार लगाते हुए कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि को परेशान नहीं करना है। काम के एवज में आवंटन उपलब्ध है तो भुगतान में बिना कारण विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने मुखिया को आश्वस्त किया कि किसी के साथ पक्षपात नहीं होगा। मौके पर मुखिया सेलाय मुंडा के समर्थक भी मौजूद रहे।



## अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने कहा 28 फरवरी को ही हो गया था भुगतान, झूठे आरोप में नाजिर को पकड़ा गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** रिश्वतखोरी के आरोप में एसीबी द्वारा गिरफ्तार किए गए चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय के नाजिर शेखर कुमार पंडित के पक्ष में झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ उतर गया है। शुक्रवार को झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने तथ्यों के साथ उनके बचाव किया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे हाथ जो तथ्य लगा है उसके आधार पर नाजिर शेखर कुमार पंडित को विकास बोस ने साजिश रच झूठे आरोप में फंसाया है। दुर्भावना से प्रेरित होकर ऐसा किया गया है। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 का आवंटन 25 फरवरी को प्राप्त हुआ है। 26 फरवरी साप्ताहिक अवकाश रविवार था। 27 फरवरी को वीडियोग्राफर का 23,500 रुपए का बिल उपकोषागार को भेजा गया। जबकि 28 फरवरी को विकास बोस के बैंक अकाउंट में पैसा ट्रांसफर हुआ है। यहां कहीं पर बिल पास के एवज में रिश्वत मांगने का मामला प्रतीत नहीं हो रहा है। यदि बिल पास करने के एवज में रिश्वत मांगें गए होते, तो बिल उपकोषागार नहीं पहुंचता। उन्होंने कहा कि यदि नाजिर के साथ अन्याय हुआ है जिसके लिए महासंघ साथ देगा। यदि गलत रहता तो संघ साथ नहीं देता। उन्होंने विकास बोस के दिए लिखित बयान को आधार बनाकर कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो प्रमंडलीय जमशेदपुर को दिए लिखित शिकायत में विकास बोस कहा है कि 27 फरवरी को उन्हें कार्यालय बुलाकर बिल पास करने के एवज में चार हजार रुपए रिश्वत मांगा। वह रिश्वत नहीं देना चाहते थे, जिसके लिए 28 फरवरी को वह भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो प्रमंडलीय जमशेदपुर के पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया। एक मार्च को एसीबी टीम मामले का सत्यापन किए। वहीं विकास बोस के आरोप में एक मार्च को मामला दर्ज हुए। फिर दो मार्च को पकड़ा गया। जबकि विकास बोस का बिल 28 फरवरी को पास होकर पैसा एकाउंट में चला गया था। यहीं नहीं शिकायतकर्ता ने 28 फरवरी को ही 10,910 रुपए का निकासी कर ली। इससे लगता है नाजिर को दुर्भावना के तहत फंसाया गया है।



## शहादत दिवस पर स्वतंत्रता सेनानी राजा अर्जुन सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चेक नाका स्थित बाल उद्यान परिसर में शुक्रवार को पोड़ाहाट के महाराजा वीर शहीद अर्जुन सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वीर शहीद राजा अर्जुन सिंह के प्रतिमा पर जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शहर के गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूर्व विधायक शशि भूषण सामड ने कहा कि 3 मार्च 1890 को पोड़ाहाट के महाराजा अर्जुन सिंह बनारस जेल में बंदी रहते हुए शहीद हो गए थे। देश के स्वतंत्रता की लड़ाई में उन्हें बनारस जेल में राजबंदी के रूप में 30 साल तक कैद रखा गया था। कैदी के रूप में ही वो शहीद हुए थे। राज परिवार के सदस्य ऋषिकेश सिंह देव ने कहा कि जब पूरे देश में अंग्रेजो के विरुद्ध गदर 1857 फैला था। ज्यादातर राजा महाराजा अंग्रेज के आगे नतमस्तक होकर गुलामी स्वीकार ली। तब वीर योद्धा पोड़ाहाट महाराजा अर्जुन सिंह अंग्रेंजो के खिलाफ सिंहभूम की कोल, भूइयां, भूमिज, गोप आदि जाति के सैनिकों और प्रजा को लेकर लड़ाई जंगल-पहाड़ में रहकर लड़ी। दो से तीन साल तक लड़ाई चली। किला, जायदाद सब लूट लिये गये। परिवार विखर गया। इसी बीच अंग्रेजों ने धोखे में रखकर कराईकेला के नकटी में पोड़ाहाट महाराज को गिरफ्तार कर लिया था और उसी दिन से सिंहभूम में ब्रिटिशराज के विरुद्ध धधकती ज्वाला शांत हो गई। वो राजबंदी बना लिए गए। सारा राजपाट छिन्नभिन्न कर दिया गया। नेवी की मद्रास रेजिमेंट में पुरानाबस्ती नदी पार स्थित गढ़ ( गढ़धिपा ) को तहस नहस कर ध्वस्त कर दिया। महाराज जनता हित मे बनारस जेल में राजबंदी के रूप में 30 साल तक घुटन की जिंदगी काल कोठरी में पूरी जवानी शहादत दे दिया। अंततः बनारस जेल में ही आजाद भारत का सपना लिये वीर योद्धा ने अंतिम सांस लिया। वो लौटकर सिंहभूम नहीं आये। 30 साल सिंहभूम माटी के इज्जत, संम्मान, संस्कार के लिए युवा अवस्था जेल में गुजार दिया। आज युवा पीढ़ी उनके मार्ग में चलकर देश को बचाना सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर सदानंद होता, दिनेश जेना, अनूप सिंहदेव, सन्नी उरांव, जय कुमार सिंहदेव, आजसू जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा, प्रवीर प्रताप सिंहदेव, वीरेंद्र सिंहदेव, भुवनेश्वर महतो, सिद्धार्थ सिंहदेव, संजीव सिंहदेव, निक्कू सिंह, राहुल आदित्य, इंद्रजीत सिंहदेव, कुलदीप सिंहदेव, अनिल सिंहदेव, बसंत महतो, राजीव सिंहदेव, हिमांशु प्रधान, गोनू जयसवाल समेत काफी संख्या में शहर के लोग मौजूद रहे।



### होली के दिन सदर अस्पताल में नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक प्रतिनियुक्त किये जायें : त्रिशानु

**चक्रधरपुर।** रंगोत्सव होली के दिन सदर अस्पताल चाईबासा में नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक के प्रतिनियुक्ति की मांग को लेकर प. सिंहभूम जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय ने शुक्रवार को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साहिर पाल से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में त्रिशानु राय ने कहा कि होली के दिन लगभग सभी निजी नेत्र चिकित्सालय बंद रहते हैं । रंगों का त्योहार होली होने के कारण रंग खेलते वक्त किसी कारणवश आँखों में चले जाने की स्थिति में उपचार / चिकित्सा की नितांत आवश्यकता पड़ती है। नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक अनुपलब्ध होने के कारण स्थानीय लोगों को दो-चार होकर अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। त्रिशानु राय ने मांग किया कि होली के दिन विशेषकर प०सिंहभूम जिला मुख्यालय सदर अस्पताल ,चाईबासा में नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक आदि की प्रतिनियुक्ति जनहित में की जाए ताकि किसी के आँखों में रंग चले जाने की स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा / उपचार हो पाए। जिसपर असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी , प०सिंहभूम डॉ.साहिर पाल ने कहा कि मामलें पर निश्चित रूप से यथोचित पहल की जाएगी ।